RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 319 ■ मुंबई, मंगलवार 10 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह


न्याय के संघर्ष की हकीकत
पेज-4


वाराणसी-अयोध्या : धार्मिक पर्यटन में 60% की गिरावट
पेज-6


हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व
पेज-8


BCCI ने होम शेड्यूल में किया बदलाव
पेज-9

# लोकल से यात्री गिरे, चार की मौत

## 13 घायल, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजे का एलान



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मध्य रेल के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेन से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कॉन्स्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9:30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की है। ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक संभवतः ये यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए।

पहले खबर आई थी कि हादसा लखनऊ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ हुआ है। यह ट्रेन मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से सुबह करीब 8.30 बजे रवाना हुई थी और घटनास्थल से हादसे के कुछ वक्त बाद गुजरी थी।

### सीएम फडणवीस ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया



मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिवा-मुंब्रा स्टेशन के बीच आठ यात्री लोकल ट्रेन से गिर गए और उनमें से कुछ की जान चली गई। रेलवे प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की सहायता राशि दी जाएगी।"

### डिप्टी सीएम ने कहा- सख्त कार्रवाई की जाए



डिप्टी CM एकनाथ शिंदे ने कहा, भारतीय रेलवे की एक हाई लेवल कमेटी मामले की जांच करेगी। तभी सच्चाई सामने आएगी और अगर कोई दोषी पाया जाता है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।'



डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, 'ये मौतें लोकल ट्रेन में भीड़भाड़ और यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत को उजागर करती हैं। मुझे विश्वास है कि रेलवे प्रशासन जल्द ही लोकल ट्रेन सर्विस को और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगा।'

### रेलवे ने कहा- यात्रियों के बैग उलझ गए थे

मुंब्रा रेलवे हादसे पर सेंट्रल रेलवे के CPRO स्वप्निल धनराज नीला ने बताया, 'यह हादसा मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हुआ। कसारा से आ रही लोकल ट्रेन और CSMT की तरफ जा रही एक दूसरी ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों के बैग टकरा गए। मरने वालों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कांस्टेबल विक्की मुखियाद के रूप में हुई है। कसारा की ओर जा रही ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी।

### 'लोकल ट्रेन में लगेंगे स्वचालित दरवाजे'

मुंब्रा रेल दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। रेलवे ने लोकल ट्रेनों के लिए निर्माणाधीन रैकों में स्वचालित दरवाजे लगवाने का फैसला किया है। इसके अलावा फिलहाल सेवा में मौजूद रैक में डोर क्लोजर की सुविधा को लेकर भी चर्चा हो रही है। रेलवे बोर्ड में सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक (ईडीआईपी) दिलीप कुमार ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने भविष्य में मुंबई उपनगर के लिए निर्माणाधीन सभी रेकों के लिए स्वचालित दरवाजे की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा हम वर्तमान में सेवा में मौजूद रैक में डोर क्लोजर की सुविधा स्थापित करने की संभावना तलाश रहे हैं। फिर हम चरणबद्ध तरीके से इन सभी रेकों के लिए स्वचालित डोर क्लोजर की सुविधा प्रदान करेंगे।

---

### Short News एक नजर

#### सोनिया गांधी चेकअप के लिए अस्पताल गईं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी सोमवार को मेडिकल चेकअप के लिए सर गंगाराम अस्पताल गईं। सोनिया पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं। शनिवार को शिमला में उनकी तबीयत खराब हो गई थी। उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। IGMC में रूटीन चेकअप के बाद डॉक्टर ने उन्हें वापस भेज दिया था।

#### मणिपुर में 55 करोड़ का ड्रग्स और कैश जब्त



**इंफाल।** मणिपुर में डीआरआई, कस्टम्स, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 55.52 करोड़ की ड्रग्स और नकदी जब्त की है। पुलिस ने 5 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### सिंगापुर के कार्गो शिप में आग, 4 लोग लापता



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सिंगापुर के एक कार्गो शिप MV WAN HAI 503 में धमाके के बाद आग लग गई। शिप पर 22 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें 4 लापता बताए जा रहे हैं। 5 क्रू मेंबर्स घायल हैं। इंडियन कोस्ट गार्ड ने X पर घटना की जानकारी दी है। बताया गया कि कार्गो शिप कोलंबो से नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा पोर्ट) जा रहा था। इसी दौरान शिप के डेक में धमाका हुआ। कोस्ट गार्ड ने बताया कि न्यू मंगलौर के पास 4 भारतीय कोस्ट गार्ड के शिप-राजदूत, अर्नवेश और सचेत को मदद के लिए भेजा गया है।

#### पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की 11 जून को रिहाई की अटकलें तेज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक शीर्ष नेता ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जल्द जेल से रिहा हो सकते हैं। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर आखिरकार खान के सामने झुक सकते हैं। अगस्त 2023 से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद इमरान खान को 11 जून को जमानत मिल सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ दिन पहले ही इमरान खान ने खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया था और जेल से ही राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एलान किया था। गौहर का दावा उन खबरों के बाद भी आया है, जिनमें कहा गया कि इमरान की रिहाई को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है।

---

### गणेशोत्सव से पहले मूर्तिकारों को राहत

# पीओपी की गणेश मूर्तियों पर प्रतिबंध नहीं



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की गणेश मूर्तियों को बनाने और बेचने पर प्रतिबंध हटा दिया है। इससे मुंबई, पेण, अमरावती, सातारा सहित राज्य भर के मूर्तिकारों को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने पीओपी की मूर्तियों को प्राकृतिक जल स्रोतों के बजाय कृत्रिम तालाबों में विसर्जित करने की शर्त बरकरार रखी है। राज्य के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने इस फैसले को मूर्तिकारों की एकजुटता का फल बताया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि पीओपी प्रतिमाएं बनाई जा सकती हैं, लेकिन उन्हें प्राकृतिक जल निकायों में विसर्जित नहीं किया जा सकता। ऐसी मूर्तियों को केवल कृत्रिम तालाबों में ही विसर्जित किया जा सकता है। अदालत ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर एक समिति नियुक्त करने और पीओपी मूर्तियों के विसर्जन के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी अदालत को देने का निर्देश दिया है। कोर्ट के इस निर्णय के बाद घरेलू और सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों में स्थापित की जाने वाली पीओपी की मूर्तियों को लेकर कोई समस्या नहीं आएगी, लेकिन पर्यावरण नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

#### कोर्ट में क्या हुआ?

- मुंबई हाई कोर्ट ने साफ किया है कि किसी भी स्थिति में प्राकृतिक जल स्रोतों (जैसे नदियां, तालाब, समुद्र) में पीओपी मूर्तियों का विसर्जन नहीं होगा।
- मुख्य न्यायाधीश आलोक आराधे और न्यायमूर्ति संदीप मारणे की पीठ ने स्पष्ट किया कि पीओपी मूर्तियां केवल कृत्रिम जलस्रोतों में ही विसर्जित की जाएं।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की थी कि पीओपी मूर्तियों का निर्माण हो सकता है, लेकिन उनका विसर्जन प्राकृतिक जलस्रोतों में नहीं किया जाना चाहिए।

---

# कोरोना के एक्टिव मामले 6400 से ज्यादा

**नई दिल्ली।** पिछले करीब 20 दिनों से भारत में कोरोना की एक नई लहर देखी जा रही है। हर दिन के साथ संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। 22 मई को जहां कुल एक्टिव मामले 257 थे, वो 9 जून (सोमवार)



को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा की गई रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 6491 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में ही संक्रमण के 358 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 624 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। देश में मुख्य रूप से ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स NB.1.8.1 को प्रमुख माना जा रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर XFG वैरिएंट के भी केस रिपोर्ट किए जा रहे हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक देश में नए उभरते कोविड-19 वैरिएंट XFG के अब तक 163 मामले पाए गए हैं।

# सऊदी अरब की यात्रा के लिए भारतीयों पर कोई प्रतिबंध नहीं

## विदेश मंत्रालय ने खारिज की अटकलें

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों पर प्रतिबंध की अटकलों को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सऊदी अरब की यात्रा के लिए भारतीयों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि सऊदी अरब ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। देश ने पुरानी



परंपरा के अनुसार हज के दौरान भीड़भाड़ को रोकने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। जो हज के समापन के साथ ही समाप्त हो जाएंगे। दरअसल पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि सऊदी अरब ने भारत समेत कई देशों के लिए ब्लॉक वर्क वीजा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। बताया गया था कि यह फैसला सुरक्षा और प्रशासनिक दृष्टि से लिया गया।

# सोनम ने राज के लिए राजा को मार डाला!

**महानगर नेटवर्क**

**इंदौर**

शिलांग में हनीमून मनाने गए राजा रघुवंशी की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने ही की। खुद को मृत बताने के लिए उसने अपनी जैकेट खाई में फेंक दी, लेकिन फिर शिलांग पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली। शिलांग पुलिस को कॉल डिटेल और शिलांग में सोनम और राजा के साथ नजर आने वाले तीन पर्यटकों का पता चला। हत्यारे जहां रुके थे, वहां से उनकी जानकारी एकत्र की और सारी जानकारी इंदौर पुलिस से साझा की। क्राइम ब्रांच ने शाम तक पूरा जाल बिछाया और रात को इंदौर से विक्की उर्फ विशाल चौहान, राज कुशवाह और आकाश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया।

सोनम रघुवंशी हत्यारों के संपर्क में थी, जैसे ही उसे पता चला कि हत्या में शामिल तीनों साथी गिरफ्तार हो चुके हैं तो फिर उसके पास भी सरेंडर होने के सिवा कोई चार नहीं बचा। 16 दिन तक लापता रहने वाली सोनम अचानक रात को गाजीपुर पहुंची और रात एक बजे अपने भाई गोविंद को कॉल कर गाजीपुर में होने की जानकारी दी। इसके बाद भाई ने यूपी पुलिस से संपर्क किया और सोनम को ढाबे से पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। राज कुशवाहा सोनम के पिता की फर्म में काम करता था। सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी की प्लाईवुड की फर्म थी।



राज यहां अकाउंट संभालता था। इस हत्याकांड के पीछे सोनम और राज कुशवाहा की अफेयर की बात सामने आ रही है। दो दिन पहले तक वह नौकरी पर आ रहा था, लेकिन फिर वह नहीं आया। यह बात खुद सोनम के पिता ने कही। पुलिस जो आरोप लगा रही है वो निराधार है। झूठा आरोप है। पुलिस अपने को बचाने के लिए बच्चे के ऊपर आरोप लगा रही है।

**काम के दौरान ही राज से हुआ प्यार**

दरअसल सोनम भी अपने पिता और भाई के कारोबार में मदद करती थी। वहीं उसका मेलजोल राज कुशवाहा से बढ़ा जो प्यार में बदल गया। परिवार के लोग सोनम की शादी समाज में ही करना चाहते थे। वह अपने परिवार के खिलाफ नहीं जाना चाहती थी, लेकिन शादी होते ही उसने राजा को रास्ते से हटाने का प्लान भी बना लिया था।

### इस तरह सोनम पर शक पुख्ता हुआ

- 23 मई को सोनम ने अपनी सास से चर्चा की। दोपहर के बाद तीनों फोन अचानक बंद हो गए। राजा और सोनम के फोन अचानक बंद होना कई सवाल खड़े कर रहा था। जिसे पुलिस ने जांच में लिया।
- सोनम शादी से पहले और बाद में घंटों तक राज कुशवाहा से बात करती थी। उसकी कॉल डिटेल से पुलिस को शंका हुई और मेघालय पुलिस ने इंदौर पुलिस को उनकी जानकारी दी।
- हत्या के बाद हथियार भी राजा के शव के पास मिला। यदि हत्यारों को सोनम को मारना होता तो उसी हथियार का उपयोग करते। इससे पुलिस अफसरों को यह पता चल गया कि सोनम की हत्या नहीं हुई है। वह लापता है। उसके दोनो फोन सर्विलांस पर थे, लेकिन हत्या के बाद सोनम ने दोनो फोन का इस्तेमाल नहीं किया। इससे उसकी लोकेशन का पता चल सकता था।
- सोनम ने ही गुवाहटी के लिए प्लेन के टिकट बुक कराए थे। उनसे ही पूरी प्लानिंग की थी, लेकिन वापसी के टिकट नहीं बुक कराए थे। यह तथ्य भी कई सवाल खड़े कर रहा था।

# राहुल ने चुनाव आयोग को सराहा

## लेकिन पूछा- महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट कब तक मिलेगी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इलेक्शन कमीशन (EC) से महाराष्ट्र चुनाव की वोटर लिस्ट को लेकर सवाल पूछा है। उन्होंने कहा है कि आयोग बताए कि वोटर लिस्ट कब तक मिलेगी। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि वह 2009 से 2024 तक की हरियाणा और महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट देगा। राहुल गांधी ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट सौंपने का पहला कदम अच्छा है।' राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से अब




यह पूछा है कि यह डेटा डिजिटल फॉर्मेट में कब तक मिलेगा, ताकि उसे आसानी से पढ़ा जा सके। उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनाव आयोग ने हरियाणा और महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट देने का फैसला किया है। यह फैसला दिल्ली हाई कोर्ट को दिए गए आश्वासन के बाद लिया गया है। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा है,'वोटर लिस्ट पर चुनाव आयोग की ओर से उठाया गया यह एक अच्छा कदम है। क्या कृपया आयोग बता सकता है कि यह डेटा डिजिटल रूप में, मशीन से पढ़े जा सकने वाले फॉर्मेट में कब तक दिया जाएगा?'

**चुनाव आयोग पर लगाया है हेरफेर का आरोप**

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक दिन पहले एक लेख में महाराष्ट्र के 2024 के विधानसभा चुनावों में 'कदम-दर-कदम हेरफेर' का आरोप लगाया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, 'मेरे लेख में दिखाया गया है कि यह कैसे हुआ, कदम दर कदम।

# चिराग की चुनावी चाल से सभी चकराए!

**पटना।** बिहार की राजनीति एक बार फिर चिराग पासवान के बयानों से गरमा गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आरा में आयोजित एक जनसभा में पूरे बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इस बयान पर जब एनडीए के प्रमुख घटक दलों भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के नेताओं से सीवान में प्रतिक्रिया मांगी गई, तो दोनों ही दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने या तो चुप्पी साध ली या अनभिज्ञता जताई।

# जासूसी केस: जसबीर सिंह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**महानगर नेटवर्क**

**चंडीगढ़**

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को मोहाली कोर्ट में पेश किया गया। यहां कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब उसे 23 जून को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। जसबीर सिंह के वकील मोहित ने बताया कि उन्हें अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने न्यायिक हिरासत की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर करते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब हमारे पास जमानत के अधिकार की शुरूआत हो गई है। इस पर चर्चा कर हम जल्द ही जमानत याचिका दायर करेंगे। फिलहाल जसबीर सिंह मोहाली जेल में बंद है और अगली सुनवाई में जमानत याचिका पर बहस की संभावना है।



**जसबीर सिंह से पूछताछ करेगी हरियाणा पुलिस**

पुलिस का दावा है कि जसबीर सिंह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था और उसका संबंध हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से भी था, जो पहले से ही इसी आरोप में न्यायिक हिरासत में है। रूपनगर जिले के महलान गांव के रहने वाले जसबीर सिंह उर्फ जान महल नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है। उसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं। पंजाब पुलिस का आरोप है कि जसबीर भारतीय सैन्य ठिकानों की जानकारी पाकिस्तान को भेजता था। पुलिस को उसके मोबाइल में 150 से ज्यादा पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों, संगठनों और लोगों के नंबर मिले हैं।

# आतंकी तहव्वुर राणा परिवार से फोन पर करेगा बात

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की



इजाजत पाटियाला हाउस कोर्ट ने दी है। राणा ने कोर्ट में याचिका दायर कर परिवार से फोन पर बातचीत करने के लिए इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, इस पर उनका रुख स्पष्ट किया गया हो।

# कल स्पेस पर रवाना होंगे शुभांशु शुक्ला



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर जाने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनने जा रहे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक उड़ान को टाल दिया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने सोमवार को जानकारी दी कि Axiom-4 (Ax-4) मिशन की लॉन्चिंग अब 10 जून के बजाय 11 जून को होगी। इसरो उड़ान टालने के पीछे की वजह भी बताई है।

**उड़ान टलने की क्या वजह**

इस बदलाव की वजह मौसम की खराब स्थिति बताई गई है। ISRO ने X पर पोस्ट करते हुए लिखा, "मौसम की परिस्थितियों के कारण भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए Axiom-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून से स्थगित कर 11 जून कर दिया गया है। अब यह मिशन 11 जून को शाम 5:30 बजे (IST) लॉन्च होगा।"

### 41 साल बाद अंतरिक्ष में नया अध्याय

शुभांशु शुक्ला इस मिशन के साथ भारत के लिए अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करने जा रहे हैं। यह भारत का दूसरा मानव अंतरिक्ष मिशन होगा, इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने सोवियत रूस के Soyuz यान से उड़ान भरी थी। शुभांशु शुक्ला SpaceX के Falcon-9 रॉकेट से उड़ान भरेंगे, जो अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित Kennedy Space Centre से प्रक्षेपित किया जाएगा। इस मिशन में उनके साथ पेगी व्हिटसन (कमांडर, अमेरिका), टीगोर कापु (हंगरी) और स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्निएव्स्की (पोलैंड) होंगे।

# मुंब्रा रेल हादसे की जांच शुरू: फडणवीस

## घायलों के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठाएगी

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री शिंदे, अजित पवार ने मुंब्रा में हुए लोकल ट्रेन हादसे के पीड़ितों के प्रति संवेदना प्रकट की है। सोमवार सुबह करीब 9 बजे दिवा-मुंब्रा रेलवे स्टेशन के बीच हुए हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई,जबकि 6 अन्य घायल हो गए। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्रेन हादसे पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि रेलवे प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि राज्य सरकार ट्रेन हादसे के मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की सहायता प्रदान करेगी। घायलों को 50 हजार से 2 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी। उनके इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंब्रा के नजदीक हुई दुर्घटना से बेहद दुखी हूं। इस मार्ग पर प्रतिदिन सुबह हजारों यात्री सफर करते हैं। घायलों को तत्काल और उचित उपचार प्रदान करने के लिए ठाणे और कलवा के अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं। मैंने स्वयं भी डॉक्टरों से बात की है। इस दुर्घटना की रेलवे ने जांच शुरू कर दी गई है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इस जांच के माध्यम से दुर्घटना का सही कारण जल्द ही पता चल जाएगा। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि कसारा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की ओर जाने वाली उपनगरीय ट्रेन से गिरकर यात्रियों की हुई मौत अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और कष्टदायक है। इन मौतों ने उपनगरीय रेलवे में भीड़ और यात्रियों की सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। मुझे विश्वास है कि उपनगरीय रेल सेवा को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बनाने के लिए रेलवे प्रशासन जल्द ही ठोस कदम उठाएगा।




### भीड़ को लेकर कोई प्लानिंग नहीं: राज ठाकरे



मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि मुंब्रा का रेल हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। बाहर से बड़ी संख्या में लोगों के (मुंबई) आने के चलते रेलवे का बुनियादी ढांचा ध्वस्त हो गया है, लेकिन हर कोई चुनाव प्रचार में व्यस्त है। हर दिन लोकल ट्रेन से जुड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। यह केवल रेलवे की बात नहीं है। हमारे सभी शहरों में अव्यवस्था है। सड़कें ठीक नहीं हैं और मुंबई और पुणे सहित कई शहरों में यातायात जाम आम बात है। अगर आग लग जाए तो दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच पाती। मुंबई के लिए अलग महामंडल बनाने की मांग कई वर्षों से की जा रही है। हमने भी यह मांग की थी, लेकिन आज तक किसी सरकार ने इस मांग पर ध्यान नहीं दिया।

### दिवा से सीएसएमटी फास्ट लोकल शुरू की जाए: डॉ. श्रीकांत शिंदे



हादसे के घायलों से मिलने कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल पहुंचे कल्याण के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने रेलवे प्रशासन से दिवा से सीएसएमटी तक फास्ट लोकल ट्रेन शुरू करने की मांग की है। उन्होंने इस दुर्घटना पर दुख जताया। सांसद डॉ.शिंदे ने कहा कि कल्याण-कर्जत क्षेत्र में बड़ी संख्या में नागरिक रहते हैं, इसलिए इस मार्ग पर लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। ठाणे-कल्याण पांचवीं और छठी लाइन शुरू होने के बाद लोकल ट्रेनों की संख्या कुछ हद तक बढ़ी है, लेकिन पांचवीं और छठी लाइन को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक बढ़ाने की जरूरत है। रेलवे प्रशासन इस पर काम कर रहा है।

### सरकार की लापरवाही ने ली जानें: सपकाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि मुंब्रा स्टेशन के पास लोकल ट्रेन हादसा दिल दहला देने वाला है। नौकरी पर जाने के लिए जान की परवाह किए बिना ट्रेन से लटककर सफर करना पड़ता है, यही असल में सबसे बड़ी त्रासदी है। यह कोई रेल हादसा नहीं बल्कि भाजपा सरकार की लापरवाही से ली गई बलि है। इस घटना की जांच तो होनी ही चाहिए, लेकिन इस घटना के लिए जिम्मेदार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए।



# रेलवे ट्रैक पर पिछले दो सालों में हुई मौत के आंकड़े डराने वाले

**मुंबई।** सोमवार को दिवा-मुंब्रा रेलवे स्टेशन के बीच एक बड़ा हादसा हुआ। बताया गया कि कसारा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जा रही एक लोकल ट्रेन से गिरकर पांच यात्रियों की मौत हो गई। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब लोकल में भीड़भाड़ के कारण कुछ यात्री कोच के दरवाजे से लटक रहे थे। इस घटना के बाद कई लोगों ने गुस्से में प्रतिक्रिया दी है। इस बीच, पहले भी ऐसे हादसों में कुछ यात्रियों की जान जा चुकी है। हालांकि, अब आरोप लग रहे हैं कि रेलवे प्रशासन इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

**2023 में गई 2,590 लोगों की जान**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में मुंबई में उपनगरीय रेलवे ट्रैक पर कुल 2,590 लोगों की मौत हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, प्रतिदिन औसतन सात मौतें होती हैं। ज्यादातर मौतें ट्रैक पार करने और चलती ट्रेनों से गिरने के कारण हुई हैं। इस डेटा के बाद, ट्रेनों और प्लेटफॉर्म और पटरियों के बीच सुरक्षात्मक दीवारों के निर्माण सहित सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की कई मांगें हुई हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि इस संबंध में रेलवे प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**2022 में 2,507 लोगों की जान चली गई**

2023 में मुंबई में उपनगरीय रेलवे ट्रैक पर कुल 2,590 लोगों की जान चली गई। यह पिछले साल यानी 2022 में हुई 2,507 मौतों से थोड़ा ज्यादा है। 2,590 मौतों में से 1,650 लोगों की मौत मध्य रेलवे पर हुई, जबकि 940 लोगों की मौत पश्चिमी रेलवे पर हुई। जीआरपी के आंकड़ों के मुताबिक कुल मौतों में से 1,277 लोगों की मौत रेलवे ट्रैक पार करते समय हुई। साथ ही 590 लोगों की मौत चलती ट्रेन से गिरकर हुई। रिकॉर्ड के मुताबिक, 121 लोगों की मौत रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या से हुई और 529 मौतें ट्रेन में या स्टेशनों पर यात्रा करते समय प्राकृतिक कारणों से हुईं। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों के बीच खतरनाक तरीके से गिरने से 10 लोगों की मौत हुई, चार लोगों की मौत खंभों से टकराने से हुई और 14 लोग ट्रेन की छत पर यात्रा करते समय करंट लगने से मारे गए।

**रेल की पटरियों पर गिरने से सबसे ज्यादा मौतें कल्याण में**

मध्य रेलवे लाइन पर ठाणे में 179 और पश्चिमी रेलवे लाइन पर बोरीवली में 154 लोगों की मौत रेल की पटरी पार करने की वजह से हुई। अनधिकृत रेलवे क्रॉसिंग के 1,277 पीड़ितों में से 1,168 पुरुष और 109 महिलाएं थीं। रेल की पटरियों पर गिरने से सबसे ज्यादा मौतें कल्याण में 114 और वसई में 45 हुईं। कुल 590 में से 535 पुरुष और 55 महिलाएं थीं।

# कुर्ला में सहकारी बैंक का एटीएम तोड़कर चुराए पैसे

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कुर्ला पूर्व इलाके में एक सहकारी बैंक के एटीएम सेंटर को निशाना बनाकर तीन चोरों ने एटीएम मशीन तोड़ी और तीन लाख रुपए की नकद राशि चुरा ली। यह घटना गुरुवार 5 दोपहर के बाद घटी और इसका खुलासा शनिवार को हुआ। नेहरू नगर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात तीन चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डोंबिवली के विष्णूनगर क्षेत्र में रहने वाले संतोष वसंत एक सहकारी बैंक में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। बैंक की कुर्ला स्थित शाखा में यह एटीएम सेंटर है। गुरुवार को दोपहर करीब 2:30 बजे बैंक कर्मचारियों ने एटीएम में तीन लाख रुपए की नकदी जमा की थी। कुल राशि 8,07,500 रुपए थी। शनिवार को बकरी ईद के कारण बैंक बंद थी। इसी दौरान बैंक के आईटी विभाग से एक



सुरक्षा रक्षक ने संतोष शेलके को फोन कर बताया कि एटीएम में कैश रखने वाली कैसेट मशीन के बाहर रखी हुई दिखाई दे रही है। सूचना मिलने पर शेलके और अन्य कर्मचारी एटीएम सेंटर पहुंचे। वहां पाया गया कि कैसेट बाहर पड़ी थी और मशीन बंद थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि शुक्रवार सुबह करीब 6:15 बजे तीन युवक एटीएम सेंटर में घुसे और मशीन का निचला हिस्सा खोलकर उसमें से कैश निकाल लिया।

# सीमेंट कंक्रीट सड़क पर दरार पड़ने की बढ़ती जा रही शिकायत

- गोराई में छह माह पूर्व बनी सड़क पर पड़ी दरार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**


मनपा प्रशासन दवारा सड़क पर गड्ढा न पड़े इसको लेकर सीमेंट कंक्रीट की सड़कें बनाने का कदम उठाया गया,जिसके लिए हजारो करोड़ रुपए खर्च भी किया जा रहे हैं। इस बीच अब सीमेंट कंक्रीट की सड़कों पर दरार पड़ने की शिकायत की भरमार होने लगी है। गोराई परिसर में अभी छह महीने पहले बनी सीमेंट कंक्रीट सड़क पर दरार पड़ने की शिकायत आई है,जबकि इसके पहले लगभग दर्जन भर जगहों पर दरार पड़ने की शिकायत हो चुकी है।

गोराई के बोस्कोवाडी रोड स्थित बबनपाड़ा क्षेत्र में कुछ महीने पहले बनाए गए सीमेंट कंक्रीट रोड पर बड़ी दरारें देखी गई हैं। पहले ही बारिश में इस सड़क पर गड्ढे बन



गए हैं,जिससे स्थानीय नागरिकों द्वारा भारी नाराजगी व्यक्त की जा रही है। नागरिकों ने कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है। उल्लेखनीय है की मनपा द्वारा 'गड्ढा मुक्त मुंबई' के उद्देश्य से सीमेंट कंक्रीट सड़कों का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन सड़कों को अधिक टिकाऊ कम रखरखाव की आवश्यकता वाली और मौसम परिवर्तन के प्रति अधिक प्रतिरोधक माना जाता है। लेकिन हकीकत में, कई नई सड़कों पर दरारें और गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।

गोराई का बबनपाड़ा इलाका इसका स्पष्ट उदाहरण है,जहां हाल ही में बनाई गई सड़क खराब हो गई है,जिससे नागरिकों में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारों ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया और निर्माण कार्य में समझौता किया है। इस मामले की तत्काल जांच कर दोषी ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, साथ ही उनके लापरवाही पूर्ण रवैये को देखते हुए भुगतान रोकते हुए ठेका रद्द किया जाए ऐसी मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है।



## 14 वर्षीय नाबालिग लड़की रहस्यमय रूप से लापता

**अपहरण की आशंका**

**भिवंडी।** शहर के शांतिनगर गोविन्द नगर इलाके से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के रहस्यमयी तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। लडकी जो 8 जून को शाम लगभग 5:30 बजे घर से निकली थी और उसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। लापता युवती के पिता ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी बिना किसी सूचना के अचानक घर से गायब हो गई और उनके संदेह के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर उसे अगवा किया गया है। यह घटना गोविंदनगर के यश होटल के सामने की बताई जा रही है,मामले की गंभीरता को देखते हुए शांतिनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। युवती के परिवार में डर और बेचैनी का माहौल है। इस वारदात की जांच पुलिस उप निरीक्षक के.एस. गवारी कर रहे है।

# भिवंडी बायपास पर कंटेनर ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, बड़ा हादसा टला

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

भिवंडी बायपास पर आज सुबह एक कंटेनर ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना सुबह लगभग साढ़े चार बजे घटी, जब कंटेनर ट्रेलत एम.एच.40सी.टी.0236 राजनोली उड़ान पुल से गुजर रहा था। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंटेनर ट्रेलर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के निवासी 24 वर्षीय चालक रिंकू भारत सिंह चला रहा था। ट्रक राजनोली बायपास क्षेत्र से गुजरते समय अचानक नियंत्रण खो बैठा और उड़ान पुल के समीप खड़ी आयशर ट्रक जा भिड़ा। कोनगांव पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में आयशर ट्रक के ड्राइवर जियाउल अजीज अंसारी ने कोनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि कंटेनर ट्रक सड़क की दायीं ओर से आ रहा था और मोड़ पर गति अधिक होने के कारण ट्रक पलटने से बाल-बाल बचा। ट्रक को मामूली क्षति पहुंची है, लेकिन कोई गंभीर चोट या मृत्यु नहीं हुई है। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक निलेश वाडकर रहे हैं।

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप युवक को पीटकर किया घायल

**भिवंडी।** शहर के न्यू ताडाली कामतघर परिसर में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, जब एक 22 वर्षीय युवक को कुछ लोगों ने आपसी रंजिश के चलते बुरी तरह पीट डाला। यह घटना 25 जून को शाम लगभग 7:00 बजे यशवंत चौधरी के फार्म हाउस के पास घटित हुई। घायल युवक की पहचान सत्यम् मनीष झा के रूप में हुई है, जो इसी परिसर का निवासी है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी गौरव चौरसिया, अंकित झा और अविनाश झा ने सत्यम् झा से पुरानी रंजिश के चलते बहस की। बहस के दौरान आरोपी ने मिलकर उसे थप्पड़ मारा और बाद में पास में पड़ा पत्थर उठाकर उसकी छाती पर वार किया। घटना के तुरंत बाद घायल युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस को सूचना दी गई। यह मामला भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भा.न्या.संहिता की धारा 118(1),115(2),352,3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

# तड़ीपार महिला 8 लाख रुपए के गांजा के साथ गिरफ्तार

**विरार।** मीरा-भायंदर-वसई-विरार आयुक्तालय की अपराध शाखा, यूनिट-3 को मादक पदार्थ विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक तड़ीपार महिला को 8 लाख रुपए से अधिक मूल्य के 20 किलो से ज्यादा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को 7 जून की शाम को सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले को सूचना मिली कि एक महिला मीरा रोड से नालासोपारा की ओर एक ऑटो-रिक्शा में संदिग्ध सामग्री लेकर जा रही है। इस जानकारी के बाद, पुलिस



निरीक्षक शाहूराज रणवरे के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और नालासोपारा पश्चिम से विरार पश्चिम को जोड़ने वाली लिंक रोड पर स्थित स्टार अपार्टमेंट के पास जाल बिछाया गया। शाम लगभग 7:30 बजे, टीम ने एक संदिग्ध ऑटो-रिक्शा को रोका और उसमें सवार महिला से पूछताछ की. महिला ने अपनी पहचान शारदा उर्फ कुड़ी गोपी बंजारा (उम्र 43 ) के रूप में बताई. उसके सामान की तलाशी लेने पर, पुलिस को 20 किलो 171 ग्राम गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत 8,06,840 रुपये है. पंचों की उपस्थिति में महिला को हिरासत में लेकर मादक पदार्थ जब्त कर लिया गया.जांच में खुलासा हुआ कि शारदा बंजारा को 18 जून, को पुलिस उपायुक्त,परिमंडल-2, मीरा-भायंदर-वसई-विरार आयुक्तालय के आदेश पर पालघर जिले से दो साल के लिए तड़ीपार किया गया था।

# नालासोपारा में वाहन चोर गिरफ्तार, 8 मामले सुलझे

**महानगर संवाददाता**
**नालासोपारा**

आचोले पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से चोरी के 7 ऑटो-रिक्शा, 1 दोपहिया वाहन और 1 मोबाइल फोन सहित कुल 5 लाख 50 हज़ार रुपए का सामान जब्त किया है। इस गिरफ्तारी से वाहन चोरी के 8 मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक शिवकुमार गायकवाड़ ने सोमवार को बताया कि, एवरशाइन सिटी स्थित इंद्रापुरम रिजॉर्ट अपार्टमेंट निवासी धर्मेंद्र कनौजिया (34) का ऑटो-रिक्शा 30 मई की रात को विनाद्यनाथी सोसायटी के बाहर से चोरी हो गया था। इस संबंध में आचोले पुलिस ने 4 जून को वाहन चोरी का मामला दर्ज किया था। मीरा भयंदर, वसई - विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में



रिक्शा चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, वरिष्ठ अधिकारियों ने आचोले पुलिस को इन अपराधों को सुलझाने और आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। निर्देशों के अनुसार, आचोले अपराध जांच शाखा के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रहे थे। 5 जून की रात को, अपराध जांच शाखा के अधिकारी नालासोपारा पूर्व के फारब्रिगेड नाका पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी का रिक्शा चलाते हुए देखा। पुलिस ने रिक्शा का पीछा किया और संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शशिकांत कामनोर (24) बताया और रिक्शा के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस उसे आचोले पुलिस स्टेशन ले गई, जहां गहन पूछताछ के बाद उसने चोरी की वारदातों को कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर 7 चोरी के ऑटो-रिक्शा, 1 दोपहिया वाहन और 1 मोबाइल फोन जब्त किया गया, जिनकी कुल कीमत 5 लाख 50 हज़ार रुपए है। इस गिरफ्तारी से 8 चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शशिकांत कामनोर के खिलाफ पहले भी 7 मामले दर्ज हैं।

## मनपा द्वारा स्कूली बच्चों की सहायता राशि में बढ़ोतरी

**भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा की महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कूल फिस में बढ़ोतरी की है। मीरा-भायंदर मनपा के महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा शहर में रहने वाली अकेली,निराधार एवं तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों को दी जाने वाली सहायता राशि में 10 % की बढ़ोतरी करने का फैसला मनपा आयुक्त के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में लिया गया हैं। बढ़ती महंगाई,स्कूलों के फिस एवं अन्य स्कूली साहित्यों के भाव में बढ़ोतरी को देखते हुए मनपा आयुक्त ने सहायता राशि को बढ़ाने का फैसला लिया हैं। 31 जनवरी 2020 को यह सहायता राशि देने का प्रस्ताव मनपा द्वारा पास किया गया था, तब से लेकर अभी तक मनपा द्वारा 1260 लोगों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गयी हैं। मनपा द्वारा अब प्रति वर्ष इस सहायता राशि में 10% बढ़ोतरी की जाएंगी।




भगवान श्री कार्तिकेय स्वामी जयंती के अवसर पर सायन कोलीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन आर तमिल सेलवन द्वारा निर्मल नगर,एचएम रोड से माहेश्वरी उद्यान स्थित श्री कार्तिकेय स्वामी मंदिर तक भव्य वेल यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और अपनी भक्ति दिखाई। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ था।

# मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

**मुंबई।** मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 7 वें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत लेवल 1 के 220 कर्मचारियों को सहायक लोको पायलट (एएलपी) बनकर करियर की सीढ़ी पर आगे बढ़ने में सफलतापूर्वक सक्षम बनाया है। विभागीय पदोन्नति में यह असाधारण परिणाम रेलवे बोर्ड द्वारा दी गई एकमुश्त विशेष छूट के माध्यम से संभव हुआ,जिसका सोलापुर मंडल प्रमुख लाभार्थी रहा है और जो सोलापुर मंडल के अनुरोध पर मध्य रेल मुख्यालय से एक सक्रिय प्रस्ताव के बाद साकार



हुआ। परंपरागत रूप से, इलेक्ट्रिक लोको शेड में काम करने वाले कर्मचारी विभागीय एएलपी पदों के लिए पात्र होते हैं। हालांकि, सोलापुर मंडल की अनूठी स्थिति यह है कि उसके पास इलेक्ट्रिक लोको शेड नहीं है, और रेल मंत्रालय द्वारा एक असाधारण नीति छूट की अनुमति दी गई, जिससे लेवल 1 कर्मचारियों - जिसमें ट्रैक मेंटेनर, पॉइंट्समैन, तकनीशियन और यहां तक कि जनरल असिस्टेंट भी शामिल हैं - को आवेदन करने की अनुमति मिली। यह पहल व्यक्तिगत करियर विकास से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है - यह लोको क्रू कैडर में महत्वपूर्ण रिक्तियों को भी संबोधित करती है।

## भक्तमाल कथा का सफल आयोजन

**भायंदर।** महेश नवमी के अवसर पर माहेश्वरी मंडल भायंदर द्वारा भक्तमाल कथा का विशेष 5 दिवसीय आयोजन रखा गया था। इस कथा का आरंभ 4 जून को महेश नवमी के दिन शोभा यात्रा से शुरू हुआ था । भायंदर पश्चिम अमृतवाणी रोड़ स्थित राधेश्याम डोम में 1008 डॉ. गुणप्रकाश चैतन्य महाराज अपनी रसमयी वाणी से 5 दिवसीय आयोजित भक्तमाल कथा का रसपान भक्तों को करवा रहे थे । इस कथा के मुख्य यजमान नंदलाल मदनलाल भूतड़ा थे। 4जून से ही इस कथा में हजारों लोग उपस्थित रह कर कथा का आनंद ले रहें थे। कथा में सभी आयु वर्ग के लोग उपस्थित रह कर कथा वाचक डॉ.गुणप्रकाश चैतन्य महाराज के मुखारविंद से कथा



का श्रवण कर रहें थे। इस कथा के माध्यम से लोग भगवान की भक्ति एवं सही गलत की पहचान करे इसी उद्देश्य से माहेश्वरी मंडल भायंदर ने इस कथा का आयोजन रखा था। इस आयोजन को सफल बनाने में मंडल के अध्यक्ष नटवर डागा, सचिव नारायण तोषनीवाल, भायंदर जिला के अध्यक्ष महेश भूतड़ा, सचिव पवन सारड़ा, महिला समिति एवं माहेश्वरी मंडल भायंदर के सभी सदस्यों ने प्रयास किया।

# म्हाडा के बारहवें लोकशाही दिवस पर आठ मामलों का निपटारा

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

म्हाडा के बारहवें लोकशाही दिन की हुई सुनवाई में आठ शिकायतों के मामलों का निपटारा हुआ। शिकायत करने वाले पिछले कई वर्षों से म्हाडा का चक्कर लगा रहे थे जिन्हे अब जाकर न्याय मिलने का रास्ता दिखाई दिया है। म्हाडा मुख्यालय में सोमवार को म्हाडा उपाध्यक्ष संजीव जायसवाल की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। सुनवाई में जायसवाल ने नागरिकों के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रशासन की आवश्यकता पर जोर देते हुए तत्काल निर्णय लिए। दो साल



पहले लॉटरी के तहत पात्र घोषित हुए नरेंद्र निगुडकर को तुरंत फ्लैट देने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निगुडकर मुंबई इमारत दुरुस्ती व पुनर्रचना मंडल की सूची में शामिल एक पुरानी इमारत में रहते थे और उन्होंने नियम अनुसार संक्रमण शिबिर का घर मिला हुआ था। अंटॉप हिल वडाला पूर्व स्थित फ्लैट का कब्जा उन्हें विकासक से नहीं मिल पाया। इस पर जायसवाल ने संबंधित विकासक को म्हाडा कार्यालय में तत्काल बुलाने और अगले दिन दोपहर 12 बजे तक निगुडकर को फ्लैट का कब्जा सौंपने के निर्देश दिए। इसी तरह गोरेगांव पश्चिम की स्नेहदीप सोसायटी की खुली जगह पर किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ संजय भैरे द्वारा की गई शिकायत पर सुनवाई करते हुए जायसवाल ने उस अवैध उपयोग को तुरंत रोकने के निर्देश दिए साथ ही अवैध निर्माण की जांच कर 7 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

# 15 जून तक धीमा रहेगा मानसून

## तापमान में वृद्धि की संभावना
## कुछ स्थानों पर होगी बारिश



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य में पिछले लगभग दो हफ्तों से मानसून की प्रगति पूरी तरह से रुकी हुई है और इसके कम से कम 15 जून तक धीमे रहने की संभावना है। इस कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है,हालांकि पश्चिमी तटीय क्षेत्र इससे कुछ हद तक अछूता रहेगा। विदर्भ, मराठवाड़ा और खानदेश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। विशेष रूप से पूर्वी विदर्भ में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि विदर्भ के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। इसी तरह, मराठवाड़ा और खानदेश के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। राज्य में 14 जून तक व्यापक या मानसूनी बारिश की कोई संभावना नहीं है। बारिश मुख्य रूप से दोपहर के बाद गरज-चमक के साथ कुछ ही स्थानों पर होगी, जिसकी संभावना इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण मराठवाड़ा और दक्षिण-मध्य महाराष्ट्र में अधिक है। राज्य के अन्य हिस्सों में छिटपुट बारिश की ही संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान ऊंचा रहने और व्यापक मानसूनी बारिश की अनुपस्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग की ओर से किसानों, विशेषकर वर्षा आधारित खेती करने वाले किसानों से बुआई या रोपाई में जल्दबाजी नहीं करने की अपील की गई है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज गौरव सर्किट एक प्रेरणादायक यात्रा: फडणवीस

## मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

भारतीय रेलवे की भारत गौरव यात्रा के अंतर्गत शुरू की गई छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट ट्रेन को सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गौरव सर्किट सभी यात्रियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव साबित होगा। फडणवीस ने कहा कि इस विशेष ट्रेन के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास को जीवित रखने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन में आज 700 से अधिक यात्री यात्रा कर रहे हैं,जिनमें से 80% यात्री 40 वर्ष से कम उम्र के हैं। इन यात्रियों को शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि शिवराज्याभिषेक के 351 वर्ष पूर्ण होने के दिन यह यात्रा प्रारंभ हो रही है,जो अत्यंत गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर स्वराज्य की स्थापना की थी, जो बाद में अटके तक फैला। गौरव सर्किट की यह यात्रा रायगढ़ से प्रारंभ होकर शिवनेरी, लाल महल, पुणे की शिवसृष्टि जैसे ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुज़रेगी।

# बेस्ट बस से कुचल कर एक की मौत

## परिजनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की




**मुंबई।** गोवंडी के 90 फीट रोड पर दर्दनाक हादसे में 32 वर्षीय बर्कत चांद शेख की मौत हो गई। बर्कत एक दैनिक मजदूर थे और घटना के समय वह सड़क पार कर रहे थे,तभी वह बेस्ट बस की चपेट में आ गए। परिजनों ने बस ड्राइवर पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, हादसा 7 जून की रात करीब 9:15 बजे गोवंडी के शिवाजी नगर स्थित संत निरंकारी भवन के पास हुआ। बर्कत शेख, बाबानगर,रफीक नगर इलाके में रहते थे,90 फीट रोड की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान वह फिसलकर चलती बेस्ट बस के पिछले टायर के पास गिर पड़े। यह बस न्यू शिवाजी नगर डिपो की ओर जा रही थी। बर्कत के छोटे भाई मोहम्मद अमीन चांद मुल्ला,बैंगनवाड़ी में रहते हैं और सेल्समैन का काम करते हैं, उनको हादसे की जानकारी उनके ससुर अयूब मुल्ला ने दी। जब अमीन मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि बर्कत के सिर और कान में गंभीर चोटें थीं और उनके मुंह से खून बह रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद बस तुरंत नहीं रुकी। बर्कत को तुरंत शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में अमीन को बस कंडक्टर अजय नांदे ने बताया कि बस चालक का नाम राजेश होल है, जो शिवाजी नगर डिपो में कार्यरत है।

# पहली बारिश में मुंबई डूबते ही मनपा ने पम्पिंग मशीनों की संख्या बढ़ाई

## 514 पम्प मशीन लगाई, 10 मोबाइल पंप भी किए तैनात



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

26 मई महीने को मुंबई में हुई तूफानी बारिश ने मनपा की पोल खोल कर रख दी। मनपा प्रशासन भी अब कोई कोर कसर नहीं चाह रही है। मनपा प्रशासन ने 26 मई से सबक लेते हुए मुंबई में होने वाले जलजमाव वाले स्थानों पर पम्प माशिन की संख्या बढ़ाने का निणर्य लिया है। मनपा पहले बाढ़ वाले स्थानों पर 414 पम्प लगाने और आठ पम्प मशीन अलग से रखने का निणर्य लिया था, इस तरह कुल 422 मशीन लगाया जाना तय हुआ था, लेकिन पहली बारिश में ही पोल खुलने के बाद मनपा ने अब पम्प मशीन की संख्या बढ़ाकर 514 आकर दिया है। इसके अलावा 10 मोबाइल पंप भी तैनात किये गए हैं। बता दें कि मनपा प्रशासन ने सी साल पम्प मशीन की संख्या घटाने का निणर्य लिया था जिसके चलते मनपा ने 488 पम्प मशीन की जगह 422 पम्प मशीन ही लेने का निणर्य लिया था,लेकिन मनपा ने पहली बारिश के बाद पम्प मशीन की संख्या बढ़ाने का निणर्य लिया। 26 मई की बाढ़ के बाद मनपा अब 514 मशीन लगा रही है। इसी तरह किसी भी स्थान पर पंप के खराब हो जाने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 10 बड़े मोबाईल पंप भी तैनात किए गए हैं। मुंबई की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां हर वर्ष निचले इलाकों में बारिश का पानी जमा हो जाता है और उसका निकास नहीं हो पाता। चारों ओर समुद्र से घिरी होने और अधिक वर्षा होने की वजह से मानसून के दौरान जलभराव की संभावना बनी रहती है। इस खतरे को कम करने के लिए मुंबई महापालिका ने ब्रिमस्टोवॅड प्रकल्प के तहत करोड़ों रुपए के काम किए हैं और हर वर्ष जल निकासी व्यवस्था की क्षमता बढ़ाने की कोशिश की जाती है। इसके बावजूद मुंबई में जलभराव की समस्या कम नहीं हुई है, बल्कि इस वर्ष उसमें और वृद्धि हुई है।

# जे जे अस्पताल परिसर में छात्र ने की आत्महत्या

## युवक एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

सर जे.जे. अस्पताल परिसर में स्थित छात्रावास में एक 22 वर्षीय मेडिकल छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रोहन रामफेर प्रजापति के रूप में हुई है,जो एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि रोहन ने आर्थिक तंगी और पढ़ाई के दबाव के चलते यह कदम उठाया है।

रोहन अस्पताल परिसर के अपना ब्यॉज हॉस्टल के कमरा नंबर 198 में रहता था। रविवार रात करीब 11 बजे उसने कमरे में पंखे से नायलॉन की रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। जब उसने दरवाजा नहीं खोला तब साथी छात्रों ने संदेह जताया, तो कमरे में जाकर देखा गया। तभी वह फंदे से लटका मिला। तुरंत उसे सर जे.जे. अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को जानकारी मिली है कि रोहन के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और उस पर पढ़ाई का भी अत्यधिक दबाव था। इन कारणों से वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। सर जे.जे. मार्ग पुलिस स्टेशन में इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 174 के तहत आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्रों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना से संबंधित और जानकारी प्राप्त की जा सके। इस घटना ने एक बार फिर मेडिकल छात्रों पर बढ़ते मानसिक दबाव और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को उजागर किया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# राज्य स्तरीय नशामुक्त अभियान के लिए समिति

## सामाजिक न्याय के प्रधान सचिव समिति के अध्यक्ष



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

देश में मादक पदार्थों का व्यसन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। 26 जून नशीली दवा के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य स्तरीय नशा मुक्त अभियान समिति का गठन किया गया है। सोमवार को सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के शासन निर्णय के अनुसार प्रधान सचिव सामाजिक न्याय व विशेष सहायता को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। 14 सदस्यीय समिति में अपर मुख्य सचिव,उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग, प्रधान सचिव स्कूली शिक्षा विभाग, प्रधान सचिव महिला व बाल कल्याण विभाग, सचिव सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, अतिरिक्त पुलिस महासंचालक, पुलिस महासंचालनालय मुंबई, आयुक्त खाद्य और औषधि प्रशासन, महासंचालक सूचना व जनसंपर्क महासंचालनालय मुंबई,नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रतिनिधि,नशीले पदार्थ के विरोध में काम करने वाले एनजीओ के नाम निर्देशित प्रतिनिधि,नशीले पदार्थ के विरोध में काम करने वाले एनजीओ के नाम निर्देशित किए गए रिटायर्ड वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के तहत राज्यस्तरीय समन्वय मशीनरी, केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय पीएमयू के राज्य समन्वयक को सदस्य बनाया गया है। आयुक्त समाज कल्याण आयुक्तालय पुणे सदस्य सचिव होंगे।

यह समिति राज्य स्तरीय नशा मुक्ति अभियान समिति के अंतर्गत राज्य स्तरीय अभियान गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करेगी। साथ ही राज्य के संवेदनशील जिलों में नशा मुक्ति अभियान समितियों का गठन करेगी। राज्य स्तरीय समिति जिला स्तरीय नशा मुक्ति अभियान समितियों के गठन पर मार्गदर्शन, सामुदायिक भागीदारी और जनभागीदारी बढ़ाना, राज्य स्तर, जिला स्तर और अंतर-जिला स्तर पर सेवा प्रदाताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू करना, राज्य स्तरीय नशा मुक्ति अभियान समिति के कार्यान्वयन के लिए सोशल मीडिया रणनीति तैयार करना, नशा मुक्ति गतिविधियों की तैयारी और मूल्यांकन की समीक्षा करने के लिए संस्थानों और अस्पतालों का दौरा करना तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के भीतर सिगरेट की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लागू करने का काम करेगी।

# मोबाइल नहीं दिया तो बच्चे ने की आत्महत्या

**मुंबई।** गोरेगांव ईस्ट से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। आरे कॉलोनी में रहने वाली 14 साल की स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि लड़की ने यह कदम इसलिए उठाया, क्योंकि उसके माता-पिता ने उसे मोबाइल फोन नहीं दिया था। घटना आरे पुलिस स्टेशन के अंतर्गत यूनिट 22 में हुई और पूरा इलाका सदमे में है। मिली जानकारी के मुताबिक यह हैरान कर देने वाली घटना मुंबई के गोरेगांव के आरे कॉलोनी में हुई है। आत्महत्या करने वाली 14 साल की लड़की पिछले कुछ दिनों से लगातार अपने माता-पिता से मोबाइल फोन मांग रही थी।


**पश्चिम रेलवे**

**कम्प्रेस्ड एयर ब्लोअर मशीन**

सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा क्र. : 81246119बी, दिनांक 05.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : एटी वेल्डिंग उपकरण (कैप प्री हीटिंग सिस्टम) कम्प्रेस्ड एयर ब्लोअर मशीन. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 54,96,440/-. **ईएमडी** : ₹ 1,09,930/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 11.07.2025, 11.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 11.07.2025 को 11.00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0236

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



जलसंपदा विभाग, शासन निर्णय क्रमांक निविदा/०४१७/प्र. क्र.२४७/मोप्र-१ दिनांक १८/१०/२०२३.

**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता ,**
**द्वार निर्मिती विभाग अ, यांत्रिकी भवन, दुसरा मजला, दापोडी, पुणे ४११ ०१२.**
**ई-मेलः cegmd.punewrd@maharashtra.gov.in**
**दुरध्वनी क्रमांकः- (०२०)-२७१४४०३०.**

**निविदा सूचना क्रमांक ३ सन २०२५-२०२६.**

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरीता ई-निविदा प्रणाल द्वारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहे.

निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यांत याव त, सविस्तर निविदा सूचना व ई-निविदेबाबत सर्व माहिती शासनाच्या संकेतस्थळावर व विभागीय कार्यालयाच्या सूचना फलड्डावर उपलब्ध आहे. निविदा स्विड्डारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभिर्यता, द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२ यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विड्डारली जाणार नाही. सदर निविदा सूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर कळविण्यॅंत येईल.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | जिल्हा | निविदेची किंमत रुपये |
|---|---|---|---|
| ०१. | अंबाझरी तलाव ता.जि. नागपुर येथील वक्रव्दार उच्चालकाचे (१० टन) संकल्पन व रेखाचित्र संकल्पित करणे कामाबाबत. | पुणे | ₹ ३,०३,९२८.०० |
| ०२. | मा. कार्यकारी संचालक म.कृ. खो.वि.म.पुणे यांचे कार्यालयास बाहय यंत्रणेमार्फत ५ वाहन चालकाची सेवा ६ महिने कालावधीसाठी उपलब्ध करून देणे बाबत. | पुणे | ₹ ५,५७,७००,०० |

**ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :-** दिनांक १०/०६/२०२५ ते दिनांक १७/०६/२०२५.
**ई-निविदा उघडण्याचा दिनांक :-** दिनांक १९/०६/२०२५

**महाराष्ट्र शासन, जलसंपदा विभाग, शासन निर्णय क्रमांक संकिर्ण/१२१७/प्र.क्र.११४/१७)/यांत्रिकी दिनांक ०५/०७/२०१८ आणि शासन परिपत्रक क्रमांकः संकीर्ण ०५२३/(प्र.क्र.२५/२०२३)/यांत्रिकी दिनांक १४/१०/२०२४. शासन निर्णय निविदा ४९७/प्र.क्र.२४७/१७ दि. १८/१०/२०२३ अन्वये करारनाम्यात अनुक्रमे पश्चात अर्हता निकष व इतर सर्व अटी लागू राहतील.**

**खालील संकेतस्थळावर ई-निविदा बाबत सर्व माहिती उपलब्ध आहे.** http://mahatenders.gov.in. (सदर निविदासूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास सदर वेबसाईटवर कळविण्यात येईल.). **निविदा सादर करणारे कंत्राटदार जलसंपदा विभागातील यात्रिकी संघटनेकडे पंजीकृत असणे आवश्यक नाही.**

जावक क्र./द्वा.नि.वि.अ/लेखा-२/निविदा/११८४/सन २०२५.
कार्यकारी अभियंता, द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२, यांचे कार्यालय. दिनांकः २७/५/२०२५

सही/-
**कार्यकारी अभियंता**
जिमाका/पुणे/जाहिरात/१६०/२०२५-२६ द्वार निर्मिती विभाग अ, दापोडी, पुणे-१२


# बाइक से घूमें और सड़क पर बने गड्ढे को खोजें वार्ड के 227 सब इंजीनियर

## गड्ढे ढूढ़ने और उसको भरने का आयुक्त ने दिया निर्देश



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

बरसात के मौसम को देखते हुए शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए मनपा प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने सभी 227 वार्ड के सब इंजिनियर को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र का रोजाना दौरा करें और सक्रिय रूप से गड्ढों की पहचान करके उन्हें समय रहते भरें। मनपा आयुक्त ने स्पष्ट किया कि छोटे रहते ही गड्ढे भरे जाने चाहिए ताकि वे बड़े न बनें और नागरिकों को असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि अगर किसी सड़क की हालत बहुत खराब पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि मुंबईकरों को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए गड्ढा मुक्त सड़कों का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाना चाहिए। सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में आयुक्त गगराणी ने यह निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर,उपायुक्त (इन्फ्रास्ट्रक्चर) शशांक भोरे,प्रमुख अभियंता गिरीश निकम और अन्य अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने जानकारी दी कि गड्ढे भरने के लिए पहले ही ठेकेदारों की नियुक्ति कर दी गई है और कार्य शुरू हो चुका है। अब गड्ढो पर नजर रखने की वार्ड के सब इंजीनियर पर है कि सड़को पर गड्ढे न दिखाई पड़े ऐसा ठेकेदारों से काम कराया जाए। अभिजीत बांगर ने कहा कि हर सब इंजीनिएर को 10 से 15 किलोमीटर सड़कों की जिम्मेदारी दी गई है और वे केवल कार्यालय में बैठकर काम न करें बल्कि फील्ड में रहकर काम की निगरानी करें। उन्होंने निर्देश दिया कि हर दो दिन में बाइक पर क्षेत्र का दौरा करके गड्ढों की पहचान करें और उन्हें त्वरित रूप से भरें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी शिकायत के बाद गड्ढे भरना स्वीकार्य नहीं होगा। शनिवार और रविवार को सड़क पर ट्रैफिक कम होने के कारण उन दिनों गड्ढे भरने का कार्य तेजी से करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि सोमवार को काम पर जाने वाले लोगों को परेशानी न हो। गड्ढों को भरते समय सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं गड्ढे चौकोर और समतल रूप से भरा जाए। छह मीटर से ज्यादा चौड़ी सड़कों पर कोल्ड मिक्स का उपयोग न करते हुए केवल मस्टिक डामर से गड्ढे भरने की सलाह दी गई है। कुछ विशेष सड़कों पर जियो-पॉलीमर कंक्रीट का उपयोग भी किया जाएगा।

# भायखला में सुपारी लेकर हमला

**मुंबई।** भायखला पुलिस ने सुपारी लेकर हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान इस्लाम असलम कुरेशी (39) के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने रे रोड इलाके से गिरफ्तार किया। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि हमला एक कॉस्मेटिक व्यापारी पर किया गया था, जो केसर, कॉस्मेटिक, लग्जरी गुड्स और सोने के आयात-निर्यात से जुड़ा है। पुलिस को शक है कि यह हमला व्यवसायिक रंजिश और तस्करी से जुड़ी जानकारी कस्टम अथवा डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) को देने की आशंका के चलते करवाया गया।


**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, सा.बां. (उत्तर) विभाग, धुळे ४२४००१**
**ई-निविदा सुचना क्र. ६ सन २०२५-२६**

कार्यकारी अभियंता, सा. बां. (उत्तर) विभाग, धुळे (दुरध्वनी क्रमांक ०२५६२-२८८७६३) कुठलाही सक्षम कंत्राटदार, निविदेतील अटी व शर्ती पुर्ण करतील अशा कंत्राटदाराकडून बांधकामाच्या कामांकरीता 'बी-१' नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत.

वरील निविदा सुचनेत **०३ (तिन)** काम समाविष्ट असुन या निविदेची संपुर्ण माहिती व निविदा दि.१०/०६/२०२५ रोजी सकाळी १८.०० ते १८/०६/२०२५ रोजी संध्याकाळी १७.४५ वाजेपर्यंत डाऊन लोडींगसाठी http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध करुन देण्यांत येईल.

कामांची निविदापुर्व बैठक दि.१२/०६/२०२५ रोजी दुपारी १२.०० वाजता **मुख्य अभियंता**, सा.बां. प्रादेशिक विभाग, नाशिक यांचे दालनात होईल.

सदर कामांची निविदा दि.२०/०६/२०२५ रोजी सकाळी ११.०० वाजता **अधीक्षक अभियंता**, सा. बां. मंडळ, धुळे यांचे दालनात शक्य झाल्यास उघडण्यांत येईल. सदरची विस्तृत निविदा सूचना http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. तसेच कार्यकारी अभियंता, सा.बां (उत्तर) विभाग, धुळे यांचे कार्यालयात नोटीस बोर्डावर उपलब्ध आहे.

सही/-
**कार्यकारी अभियंता,**
**सा.बां. (उत्तर) विभाग, धुळे**
**डीजीआयपीआर-२०२५-२६/C१०६५**


# छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी सीबीएसई बोर्ड में शामिल करने की मांग

**मुंबई।** सांसद रवींद्र वायकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 352वें राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर मांग की है कि छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को सीबीएसई के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

रवींद्र वायकर ने पत्र में लिखा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल मराठा साम्राज्य के संस्थापक ही नहीं थे बल्कि एक दूरदर्शी शासक, कुशल प्रशासक और धर्मनिरपेक्षता की नीति अपनाने वाले नेता भी थे। 1674 में हुआ उनका राज्याभिषेक भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम क्षण था। उनके जीवन और कार्य से विद्यार्थियों को न सिर्फ इतिहास की जानकारी मिलेगी, बल्कि नेतृत्व, देशभक्ति, सामाजिक एकता और आत्मनिर्भरता जैसे मूल्य भी सीखने को मिलेंगे। वायकर ने यह भी उल्लेख किया कि इससे पहले भी सीबीएसई के पाठ्यक्रम में कई ऐतिहासिक व्यक्तियों और घटनाओं को शामिल किया गया है, जो कि एक सराहनीय कदम है। छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान को भी पाठ्यपुस्तकों में उचित स्थान मिलना चाहिए। यदि उनका इतिहास सीबीएसई के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाता है तो इससे देशभर के विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध विरासत और विविध संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**विभाग : मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)**
**क्र.: ई.ई.मेके. /ईआई/1573/मेंटे. दिनांक: 09.06.2025**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभ होने की तिथि व समय तथा बोली समाप्ति की तिथि व समय महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (महाटेंर्स)/बी.एम.सी. की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

| क्र.सं. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1188087_1 | 'आरडीटीबी क्लिनिक में वितरण प्रणाली के रिफर्बिशमेंट का कार्य. |

इच्छुक निविदाकार निविदा की अधिक जानकारी हेतु महाराष्ट्र सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (महाटेंडर्स) (http://mahatenders.gov.in) और http://portal.mcgm.gov.in पर बीएमसी की वेबसाइट का अवलोकन करें.

हस्ता./-
**ई.ई. मेके. (ईआई) मेंटे.**
**पीआरओ/607/विज्ञा./2025-26**

**खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें**

# गरीबी के खिलाफ जंग में बड़ी जीत

इंदिरा गांधी ने गरीबी दूर करने का नारा लगाया था और इस नारे ने उन्हें बड़ी राजनीतिक सफलता दिलाई। इसके बावजूद कहना होगा कि उनके राज में गरीबी दूर नहीं हो सकी हालांकि उन्होंने कोशिश की थी। विश्व बैंक ने गरीबी को लेकर अपनी एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 11 सालों में भारत में गरीबी से करीब 27 करोड़ लोग बाहर निकल आये हैं। मोदी सरकार को चलते 11 साल हो गए हैं, इन 11 सालों में इस सरकार ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। मेरा मानना है कि इसमें सबसे बड़ी उपलब्धि देश की गरीबी को कम करना है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे विश्व बैंक द्वारा प्रमाणित किया गया है। अगर सरकार इस उपलब्धि का ढिंढोरा पीटती तो शायद इस पर ध्यान नहीं जाता लेकिन विश्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बात को कहा है। अगर यह बात भारत सरकार की किसी एजेंसी ने कही होती तो हमारा विपक्ष उसे नकार देता। कहा जाता कि सरकार खुद अपनी पीठ थपथपा रही है। भारत की दृष्टि से यह बहुत बड़ी खबर है लेकिन भारतीय मीडिया में इसको लेकर कहीं कोई चर्चा नहीं है। समाचार पत्रों में से किसी ने पहले पेज पर छोटी खबर के रूप में छाप दिया तो किसी ने अंदर के पेज पर छाप दिया और कई राष्ट्रीय समाचार पत्रों ने इसे इस लायक भी नहीं समझा कि इस खबर को छापा जा सके। ऐसा लगता है कि आजकल समाचार पत्रों को भी चटपटी खबरों में ही मजा आ रहा है। इस खबर का मीडिया में चर्चा नहीं होना भाजपा के कमजोर मीडिया प्रबंधन का नमूना है। सरकार ने मीडिया प्रबंधन किन हाथों में दिया हुआ है उसे इस पर विचार करना चाहिए। यह खबर देश और सरकार के लिए बहुत बड़ी है और यह दोनों की बड़ी सफलता है। इस समय तो इस पर ज्यादा चर्चा होनी चाहिए थी क्योंकि सरकार अपने 11 साल का कार्यकाल पूरा होने पर अपनी उपलब्धियां जनता तक पहुंचा रही है। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसकी सूचना विश्व बैंक द्वारा दी गई है और जिसकी विश्वसनीयता पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता। रिपोर्ट में कहा गया है कि अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में सिर्फ 5.3 प्रतिशत रह गई है। पिछले सालों में गरीबी के खिलाफ हमें मिली यह सफलता महत्वपूर्ण है और इससे लगता है कि हम जल्दी ही गरीबी को अपने देश से दूर भगा सकेंगे। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। देखा जाये तो इस तरह पिछले 11 सालों में हमारे देश में 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आ गए हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करके तीन डॉलर प्रतिदिन कर दिया है, जो कि पहले 2.15 डॉलर प्रतिदिन हुआ करती थी। अगर विश्व बैंक अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित नहीं करता तो भारत में अत्यधिक गरीब सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह जाते। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक(एमपीआई) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी के अन्तर्गत गरीबी को केवल आय के स्तर से मापने की जगह जीवन के विभिन्न पहलुओं में अभाव को शामिल किया जाता है। यह गरीबी को व्यापक रूप से समझने का एक तरीका है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, आवास और जीवन स्तर के अन्य महत्वपूर्ण कारकों जैसे क्षेत्रों में लोगों की सुविधाओं की कमी को प्रदर्शित किया जाता है। किसी व्यक्ति को बहुआयामी गरीब तब माना जाता है, जब वो गरीब हो, अशिक्षित हो, स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी न हो और उसके पास उपयुक्त घर न हो। बहुआयामी गरीबी गरीबों की अवस्था को सामने लाती है। भारत सरकार को गरीबी से लड़ने में राज्यों का भी साथ मिला है। पांच बड़े राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 प्रतिशत अत्यधिक गरीब लोग थे। इन राज्यों ने 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता की कहानी कहती है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि मोदी सरकार ने गरीबों के जीवन सुधार के लिए जो काम किया है, उसने अपना असर दिखाया है और गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। भारत में 2011 से 2023 के बीच 27 करोड़ लोग घोर गरीबी से बाहर आये हैं, देखा जाये तो बहुत कम देशों के पास इतनी जनसंख्या है, जितनी भारत ने गरीबी से बाहर निकाल ली है। इंदिरा जी ने गरीबी के खिलाफ जंग का ऐलान किया था लेकिन उनकी जंग का वो असर नहीं हुआ जो मोदी सरकार की कोशिश का हुआ है। मोदी सरकार ने बिना शोर मचाए गरीबी के खिलाफ जंग में जीत हासिल की है। यूपीए सरकार में भी गरीबी को दूर करने की कोशिश हुई थी और उसका भी अच्छा असर हुआ है जो कि विश्व बैंक की रिपोर्ट से पता चलता है। मोदी सरकार ने दस साल में जो हासिल किया, वो कोई भी सरकार हासिल नहीं कर पाई। इसके पीछे मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की बड़ी भूमिका है। मोदी सरकार ने गरीबों की मदद के लिए जो योजनाएं चलाई उन्होंने न केवल गरीबों की मदद की बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर गरीबी से ऊपर उठने के भी लायक बनाया। जब मोदी सरकार गरीबी रेखा से बाहर आने वाले लोगों की चर्चा करती है तो कहा जाता है कि इन लोगों को अब सरकारी मदद नहीं मिलनी चाहिए। मोदी सरकार कहती है कि जो लोग अभी गरीबी से बाहर निकले हैं उन्हें लगातार मदद की जरूरत है ताकि वो फिर दोबारा गरीबी रेखा के नीचे न आ जायें। यही कारण है कि मोदी सरकार की योजनाएं लगातार जारी हैं। सबसे बड़ी बात मोदी सरकार ने इन योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया है। जन-धन योजना से गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया लेकिन विपक्ष ने मजाक बनाया कि जिनके पास पैसा नहीं है उनका खाता खोलने की क्या जरूरत है। मोदी सरकार ने इन बैंक खातों में डीबीटी के जरिये सब्सिडी एवं अन्य वित्तीय सहायता को सीधे गरीबों के खाते में पहुंचाया। इससे पूरा पैसा गरीबों की जेब में गया और भ्रष्टाचार का खात्मा हुआ।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*नीला ड्रम भूला नहीं, भूल न पाया सांप*
*लड़कों को लग गया है, जाने किसका श्राप*
*जाने किसका श्राप, नई लिख गई कहानी*
*हनीमून पर देखो सोनम हुई दिवानी*
*कह सुरेश कविराय जून से डर लगता है*
*बाब अब तो हनीमून से डर लगता है*

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर विशेष...

# वर्ष-2047 तक विकसित भारत का संकल्प

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार 11 साल पूरे कर रही है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है जिसका पहला साल पूरा हो रहा है। इन बीते 11 सालों में सिर्फ सत्ता ही नहीं बदली, बल्कि देश के विकास की परिभाषा और दिशा दोनों ही बदल गईं। इसी वजह से 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।**



सरयू नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर धारा 370 का खात्मा। महिला सशक्तिकरण के लिए तीन तलाक कानून की समाप्ति। सैकड़ों साल पुराने कानून को समाप्त कर नई भारतीय न्याय संहिता का निर्माण। आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की कड़ी एवं प्रभावी नीति। देश में हाईवे एवं रेल प्रोजेक्ट के जरिए इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव। नया वक्त संशोधन कानून लागू एवं जीएसटी में रिकॉर्ड कलेक्शन। और वर्ष-2047 तक विकसित भारत का संकल्प। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार की विकास और जनहित के कार्यों की यह एक बानगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार 11 साल पूरे कर रही है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल है जिसका पहला साल पूरा हो रहा है। पीएम मोदी की अगवाई वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा करें तो पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहल ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। डीबीटी, डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए जोर ने पारदर्शिता और अंतिम छोर तक लाभ की तेज डिलीवरी सुनिश्चित की है। इसी वजह से 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। बीते 11 सालों में सिर्फ सत्ता ही नहीं बदली, बल्कि देश के विकास की परिभाषा और दिशा दोनों ही बदल गईं। करीब 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, मुद्रा योजना तथा 112 आकांक्षी जिलों में विकास के नए आयाम बने हैं। मोदी सरकार में कृषि सुधार, बीज से बाजार तक की आधुनिक व्यवस्था, और आय बढ़ाने की योजनाओं ने ग्रामीण भारत को नई दिशा दी। वहीं, महिला सशक्तिकरण में सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना में महिलाओं को नीति निर्माण के केंद्र बिंदु में रखा गया है। तीन तलाक कानून, महिलाओं के लिए सैन्य सेवा में प्रवेश और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों से भी महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गयी। भारत की सबसे बड़ी ताकत कही जाने वाली युवा आबादी अब सिर्फ रोजगार ढूंढ़ने सीमित नहीं रही है। भारत देश मे डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया तथा स्किल इंडिया जैसे अभियानों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सपना सच कर दिखाया है। बीते सालों में भारत सामरिक मामलों तथा रक्षा के क्षेत्र में भी एक आत्मनिर्भर "शख्सियत" के रूप में उभरा है। ताजा जानकारी यह है कि टाटा और राफेल की कंपनी के बीच हुए नए करार के बाद अब राफेल फाइटर जेट का ढांचा भारत में ही बनेगा। इसके अलावा विश्व के सैन्य एवं सामरिक बाजार में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की मांग अचानक बढ़ी है और करीब एक दर्जन देश ब्रह्मोस मिसाइल भारत से खरीदना चाहते हैं। इस समूची कवायद में भारत सैन्य साजो समान के मामले में आत्मनिर्भर बन रहा है। आतंक के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए भारत ने "ऑपरेशन सिंदूर" चला कर पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकियों को करारा जबाब दिया। भारतीय सेवा ने इस कार्रवाई में पाकिस्तानी आतंकियों के 9 अड्डे तबाह किए गए। वहीं, पाकिस्तानी सेना के 11 एयरबेस सहित अन्य सैनिक ठिकानों को भी भारतीय सेना ने अपना निशाना बनाया। इससे भारत की तीनों सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान की सीमा पार कर एक बार फिर यह साबित किया, कि अब कोई भी आतंकी हरकत बिना जवाब के नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई वाली एनडीए सरकार द्वारा बीते 11 सालों में किए गए जनहित के कामकाज का लेखा-जोखा देखे तो वर्ष 2014 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना देश के करोड़ों गरीबों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का माध्यम बनी। इसके साथ ही पहली बार देश की बहुत बड़ी आबादी को सीधे बैंक खाते, बीमा और आर्थिक समावेशन का लाभ मिला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए पीएम मोदी ने स्वच्छता को आंदोलन बनाया तथा स्वच्छ भारत मिशन के जरिए 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बने और खुले में शौच की दर में भारी गिरावट आई। भारत को विश्व की आर्थिक पटल पर प्रभावी मौजूदगी दर्ज करने तथा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए कर सुधारो की आवश्यकता महसूस की गई जिसके बाद केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी लागू की। जीएसटी के माध्यम से प्रचलित विभिन्न करों को खत्म कर पूरे देश को "एक राष्ट्र, एक कर" की नीति से जोड़ा गया। इससे व्यापारिक प्रक्रिया आसान हुई और टैक्स सिस्टम पारदर्शी बना। बीते दिनों में जीएसटी के रिकॉर्ड कलेक्शन ने यह साबित कर दिया कि एनडीए सरकार का यह फैसला भी क्रांतिकारी साबित हुआ और भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के सफर में जापान को पछाड़कर चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। देश के गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना भी पीएम नरेंद्र मोदी की ही देन है। गरीबों को 5 लाख रुपये तक का हेल्थ इंश्योरेंस देने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य योजना बनी जिससे करोड़ों लोगों को अस्पताल में इलाज मुफ्त मिला। बाट 11 सालों में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भी खूब परवान चढ़ा। मोदी सरकार ने तकनीक को जन-जन तक पहुंचाया। जिसके बाद यूपीआई, डिजिलॉकर एवं डिजिटल भुगतान जैसे प्लेटफॉर्म आम नागरिक की जिंदगी का हिस्सा बने। मोदी सरकार के कार्यकाल में इंफ्रास्ट्रक्चर में भी तेजी देखी गई। जिससे देसब में एक्सप्रेसवे, रेलवे, एयरपोर्ट और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में बुनियादी ढांचे को विस्तार मिला। 2 दिन पूर्व ही जम्मू कश्मीर में चुनाव नदी पर बने विश्व के सबसे उंचे रेल पुल का भी पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया इसके बाद यह पूरे विश्व को बता दिया कि भारत बुनियादी सुविधाओं के मामले में क्रांतिकारी बदलाव करने में कभी भी पीछे नहीं है। आज़ादी के बाद बीते 70 सालों में यह पहला मौका है जब जम्मू-कश्मीर का श्रीनगर रेल मार्ग से जुड़ गया है।

**- कुमार कृष्णन**

# न्याय के संघर्ष की हकीकत

केंद्र सरकार और राज्य सरकारें पर्यावरणीय उल्लंघनों में न सिर्फ शामिल हैं जिससे बड़ी मुनाफाखोरी, बड़े-बड़े निगमों के शोषणकारी एजेंडे को बढ़ावा मिलता है, लोकतांत्रिक आंदोलनों पर दमनकारी कार्रवाई होती है। नेशनल अलायंस आफ पीपुल्स मूवमेंट से जुड़े 'राष्ट्रीय जलवायु और पर्यावरणीय न्याय मंच' के ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न हिस्सों में चल रहे पारिस्थितिक न्याय के लिए संचालित जन आंदोलनों की वर्तमान परिस्थिति को साझा किया गया। इसमें जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, ओडिशा समेत कई राज्यों के प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ से आलोक शुक्ला ने हसदेव जंगलों में 12 वर्षों से जारी संघर्ष का हवाला देते हुए कहा कि 40 कोयला खदानों के लिए 4 लाख हेक्टेयर से अधिक जंगल समाप्त किए जा रहे हैं जो अपूरणीय क्षति है। उन्होंने आदिवासी ग्राम सभाओं के निर्णयों की अवहेलना और संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन को उजागर करते हुए अडानी समूह के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता की अपील की।नसीर डार ने बताया कि कश्मीर में अनियंत्रित पर्यटन से वूलर झील और अन्य जल स्रोतों पर निर्भर समुदायों को नुकसान हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के अनिश्चित पैटर्न से खेती और मवेशी पालन दोनों पर असर पड़ा है।चेन्नई से विश्वजा ने बताया कि उत्तर चेन्नई में प्रस्तावित वेस्ट टू एनर्जी परियोजना केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि 10 लाख लोगों के जीवन पर सीधा खतरा है। यह क्षेत्र पहले से ही 40 से अधिक रेड कैटेगरी उद्योगों से प्रभावित है। गुजरात, दिल्ली, हैदराबाद में भी इसी प्रकार के विरोध चल रहे हैं। भारत की सबसे प्राचीन भूवैज्ञानिक और पारिस्थितिक विरासत के लिए अग्रिम पंक्ति के योद्धा कैलाश मीना और नीलम अहलूवालिया ने रियल एस्टेट 'विकास' को बढ़ावा देने के लिए अंधाधुंध खनन के माध्यम से 700 किलोमीटर अरावली पर्वतमाला में विनाशकारी गतिविधियों की होड़ पर दुख जताया।



नीलम ने कहा कि हाल ही में पीपुल फॉर अरावली द्वारा सरकार को सौंपी गई नागरिक रिपोर्ट से पता चलता है कि हरियाणा के अरावली क्षेत्र में लाइसेंस प्राप्त खनन और पत्थर तोड़ने वाली इकाइयां किस तरह से नियमों और विनियमों का उल्लंघन कर रही हैं और किस तरह से अधिकांश जिलों में अवैध खनन खुलेआम जारी है। चरखी दादरी और भिवानी में लाइसेंस प्राप्त खनन कार्यों ने 2 अरब साल पुरानी इस पर्वत श्रृंखला का अधिकांश हिस्सा खत्म कर दिया है। कैलाश मीना ने कहा कि खनन और पत्थर तोड़ने से जल, भूमि और वायु प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे कई लोग फेफड़े, किडनी, लीवर और त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। पहाड़ियां खत्म होने से मवेशियों के चरने के स्थान और औषधीय पौधे दोनों खत्म हो रहे हैं। फसल उत्पादकता घट रही है, क्योंकि भूजल स्तर 1000 से 2000 फीट नीचे चला गया है और फसलें पत्थर तोड़ने वाली मशीनों से निकलने वाले सिलिका धूल की परत से ढक गई हैं। एनजीटी के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। राजकुमार सिन्हा ने कहा कि नर्मदा पर बांधों की श्रृंखला से मछलियों की संख्या घटी है, जिससे जीविका संकट गहराया है। चुटका परमाणु परियोजना के विरोध के बावजूद नए-नए प्रस्ताव आ रहे हैं। 'फ्लोटिंग सोलर प्लांट' जैसे प्रयोगों की आड़ में आदिवासी क्षेत्रों का दोहन जारी है। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेत्री मेधा पाटकर ने विभिन्न मुद्दों को जोड़ते हुए राज्य की पूरी तरह से गलत प्राथमिकताओं, अलोकतांत्रिक निर्णयों और परियोजनाओं को मनमाने ढंग से मंजूरी देने की बड़ी सच्चाई को उठाया, जो संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने कॉर्पोरेट हितों को लाभ पहुँचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के बड़े पैमाने पर दोहन की भी निंदा की, चाहे वह रेत खनन, वनों की कटाई या कानूनों को कमजोर करके भूमि अधिग्रहण के माध्यम से हो। उन्होंने अनौपचारिक क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों, विशेष रूप से निर्माण क्षेत्र में कार्यरत बाहरी श्रमिकों पर गंभीर जलवायु प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित किया और जलवायु संबंधी चिंताओं के साथ-साथ श्रमिकों के अधिकारों को संबोधित करने के लिए उपयुक्त उपायों का आह्वान किया। संतोष लालवानी ने पुणे रिवरफ्रंट परियोजना के खिलाफ अनुभव साझा करते हुए कहा कि शहरीकरण की ये योजनाएं नदियों की धारा को बाधित कर रही हैं। देश भर में स्थानीय नागरिक समूह इन योजनाओं के खिलाफ खड़े हो रहे हैं।मलयमीत लेप्चा ने बताया कि सिक्किम में तेस्ता नदी पर बने पनबिजली परियोजनाओं ने पारिस्थितिकी को गंभीर नुकसान पहुँचाया है। 2023 की भीषण बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया गया और अब सरकार उसी बाँध को दोबारा बनाने में लगी है। तेलंगाना के रवि कन्नेगंती ने उन बड़ी परियोजनाओं की ओर इशारा किया जो राज्य में कृषि भूमि को दूसरी जगह ले जा रही हैं और उसे नष्ट कर रही हैं। 19,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में प्रस्तावित फार्मा सिटी के भविष्य का शहर बनने की संभावना है, जो 30,000 एकड़ भूमि को निगल जाएगा। पूरे तेलंगाना में, प्रदूषण फैलाने वाले इथेनॉल संयंत्रों के खिलाफ विद्रोह हुए हैं, जिन्हें 'स्वच्छ जैव ईंधन' के उत्पादकों के रूप में गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने सार्वजनिक परामर्श को दरकिनार करते हुए नौसेना रडार स्टेशन के लिए दामागुंडम में 2,900 एकड़ प्राचीन वन भूमि को दूसरी जगह ले जाने की मांग भी की।मलाइका ने मुंबई में विनाशकारी तटीय सड़क परियोजना के कारण संभावित पारिस्थितिक विनाश की बात कही। मछुआरा संगठनों ने बार-बार अपनी आजीविका और मछली पकड़ने के मैदानों पर परियोजना के प्रभाव के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है।

**- कुमार कृष्णन**

# गर्मी की आम बीमारी है घमौरिया

गर्मी बढ़ने के साथ त्वचा संबंधी ऐसी बहुत सारी समस्याएं हैं, जो शुरू हो जाती हैं। इनमें से एक अत्यंत ही कष्टदायक बीमारी है घमौरियां। अपने शरीर को ठंडा करने का एक तरीका है पसीना। पसीने का निर्माण पसीने की ग्रंथियों में होता है जो पूरे शरीर को रेखाबद्ध करती हैं। पसीने की ग्रंथियां त्वचा की गहरी परत में स्थित होती हैं और मस्तिष्क में तापमान नियंत्रण केंद्रों द्वारा नियंत्रित होती हैं। ग्रंथि से पसीना एक वाहिनी द्वारा त्वचा की सतह तक जाता है।घमौरियां तब होती हैं जब पसीने की नलिकाएं बंद हो जाती हैं और पसीना त्वचा की सतह तक नहीं पहुंच पाता है। इसके बजाय, ये त्वचा की सतह के नीचे फंस जाता है, जिससे हल्की सूजन या दाने हो जाते हैं और साथ में जलन एवं खुजलाहट भी होती है। घमौरियां त्वचा की एक ऐसी स्थिति है जो अक्सर बच्चों और वयस्कों को गर्म, आर्द्र मौसम की स्थिति में तब प्रभावित करती है, जब हमारे शरीर के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और पसीना नहीं निकल पाता है, जिससे अक्सर घमौरियां हो जाती हैं।घमौरियों के दाने छोटे फफोले के साथ लाल त्वचा के रूप में प्रकट होते हैं और सूजन के कारण होते हैं। ये अक्सर त्वचा की सिलवटों या तंग कपड़ों के क्षेत्रों में होता है, जहां हवा का संचार नहीं हो पाता। इन जगहों पर क्रीम या लोशन लगाने से पसीने की नलिकाएं बंद हो जाती हैं। घमौरियों से बचाव कैसे किया जा सकता है? जब त्वचा को ठंडा होने दिया जाता है, तो घमौरियां आमतौर पर ठीक हो जाती हैं, परंतु यदि त्वचा में संक्रमण ज्यादा हो जाता है तो चिकित्सकीय परामर्श अति आवश्यक है। ठंडे पानी से स्नान करें :- त्वचा के ठंडा होने के बाद आमतौर पर घमौरियां कम हो जाती हैं। ठंडे पानी से स्नान करने पर काफी आराम मिल सकता है।त्वचा को आराम से धोने से रोम छिद्र भी खुलते हैं जो बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि भरा हुआ छिद्र गर्मी के दाने को और परेशान कर सकता है। यदि गर्मी ज्यादा है तो दिन में दो बार स्नान करें।सुनिश्चित करें कि नहाने के बाद अपनी त्वचा को ठीक से सुखाएं। गीली त्वचा में जलन हो सकती है। पंखे का इस्तेमाल करें :- गर्म दिनों में त्वचा को ठंडा रखना महत्वपूर्ण होता है। वायु परिसंचरण (पंखे के साथ या अन्य तरीकों से) आमतौर पर त्वचा को ठंडा करने में मदद करता है। ध्यान दें कि इस मौसम में अपने शिशुओं को बहुत कसकर न बांधें। उनके कपड़े ढीले ढाले रखें ताकि त्वचा तक हवा पहुंच सके। वैसे तो शरीर के सभी हिस्सों को गर्मी के मौसम में ताजी हवा के संपर्क में लाना जरूरी है। अपने शरीर के दाने को सूखने और ठंडा रहने देने के लिए वेंटिलेशन महत्वपूर्ण है। वातानुकूलित कमरे में रहें या पंखे का प्रयोग करें। अंदरूनी हिस्सों की भी करें विशेष देखभाल शरीर के वे हिस्से, जहां तक हवा नहीं पहुंच पाती उनकी आपको विशेष देखभाल करनी होगी जैसे अंडर आर्म्स, इनर थाइज, पीठ का हिस्सा। जरूरी है कि अच्छी तरह साफ करने और सुखाने के बाद इन हिस्सों पर अपने चिकित्सक से सलाह लेकर टेलकम पाउडर छिड़कें।

**- डॉ रुप कुमार बनर्जी**

आज का कार्टून




साभार

# मगर धड़कने की इजाजत नहीं

कुदरत ने हर इंसान को एक मकसद के साथ इस दुनिया में भेजा है। कोई स्त्री है, कोई पुरुष और कुछ लोग तीसरे लिंग के तौर पर पहचाने जाते हैं, जिन्हें हम किन्नर या ट्रांसजेंडर कहते हैं। लेकिन समाज की त्रासदी देखिए, जो फर्क केवल शरीर के बनावट का है, उसे हम इंसानी दर्जे से जोड़कर देखते हैं। किन्नर होना जैसे एक जुर्म हो गया हो। ऐसा जुर्म जिसकी कोई माफी नहीं, कोई इज़्ज़त नहीं, और अगर वह किन्नर प्यार कर बैठे तो शायद कोई जिंदगी भी नहीं। किन्नरों को हम अक्सर सिर्फ मांगने वाले, नाचने-गाने वाले, या शादी-बच्चों के मौकों पर दुआएं देने वाले किरदारों के रूप में देखते आए हैं। लेकिन ये महज सामाजिक भूमिका हैं, हकीकत में वे भी हमारी तरह सोचते हैं, महसूस करते हैं, प्यार करते हैं और अपना जीवन जीने की ख्वाहिश रखते हैं। उनकी शारीरिक संरचना भले ही 'सामान्य' स्त्री या पुरुष से अलग हो, लेकिन उनका दिल, उनकी भावनाएं और उनकी उम्मीदें वैसी ही होती हैं जैसी हमारी। राजस्थान समेत देश के कई हिस्सों में किन्नरों को सिर्फ इस वजह से जान गंवानी पड़ी है कि उन्होंने किसी पुरुष से प्रेम किया, या उसे छोड़ने की हिम्मत दिखाई। श्रीगंगानगर की बसंती हो या जयपुर की नीलू – दोनों की कहानियां दिल को झकझोर देती हैं। कुछ साल पहले बसंती, जो खुद पार्षद बनी थीं, समाजसेवा में सक्रिय थीं, एक ऐसे युवक से प्रेम करती थीं जो वर्षों तक उनके साथ रहा। जब उसने शादी का निर्णय लिया तो बसंती ने सिर्फ यह पूछा कि "फिर मेरा क्या?" इसका उत्तर उसे मौत के रूप में मिला। नीलू की कहानी और भी दिल दहला देने वाली है। हाल में अपने प्रेमी नरेश से दूरी बनाने की कोशिश में उसे मार दिया गया, और उसकी लाश पेट्रोल डालकर जला दी गई। यह कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं है। ऐसी घटनाएं अब नियमित होती जा रही हैं जहां प्यार की कीमत किन्नरों को अपनी जान से चुकानी पड़ रही है। ऐसी और भी कई घटनाएं हैं। पटना में एक किन्नर को उसी के प्रेमी ने गला रेतकर मार डाला। पुणे (महाराष्ट्र) की एक किन्नर रूपा महेश्वरी को प्यार में धोखे के कारण आत्महत्या करनी पड़ गई। उसके सांभर लेक निवासी एक युवक से तीन चार साल से प्रेम संबंध थे। कुछ दिनों पहले किन्नर को लगा कि उसके साथ धोखा हो रहा है। वह अपने प्रेमी से मिलने के लिए पुणे से जयपुर होते हुए सांभर लेक पहुंची। प्रेमी नहीं मिला तो उसने कीटनाशक पीकर मौत को गले लगा लिया। उधर, झारखंड के पाकुड़ जिले में एक शख्स ने दस साल पहले एक किन्नर से शादी की थी. उसने किन्नर को जीवन भर पत्नी की तरह रखने का भरोसा दिलाया लेकिन दो साल पहले मार डाला। इन घटनाओं में पुरुषों का एक खास शोषक रूप सामने आता है, जो अपने मनोरंजन और हवस के लिए किन्नरों से सालों रिश्ता रखता है, उन्हें प्रेमिका का दर्जा देता है, लेकिन जब बात सामाजिक स्वीकृति की आती है, तो उन्हें ठुकरा देता है। जब कोई किन्नर अपने अधिकार की बात करता है, सवाल उठाता है या रिश्ता तोड़ता है तो उसे हिंसा और मौत का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर समाज इन घटनाओं पर चुप रहता है। न अख़बारों की सुर्खियाँ बनती हैं, न टीवी पर बहस होती है, न ही सड़कों पर कोई प्रदर्शन। जैसे किन्नर का मरना खबर नहीं, बल्कि नियति मान लिया गया हो। भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की बात करने के लिए 'ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट, 2019' बनाया गया है। लेकिन इस कानून की पहुंच और प्रभाव अब भी सीमित है। संवेदनशीलता की कमी है। अधिकांश मामलों में तो एफआईआर तक दर्ज नहीं होती, और अगर होती भी है, तो जांच और न्याय की प्रक्रिया बेहद धीमी और पक्षपाती रहती है। किन्नरों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले संगठन इस बारे में कई सुझाव देते हैं। संगठनों से जुड़े लोगों का कहना है कि किन्नरों के खिलाफ हिंसा को हेट क्राइम की श्रेणी में रखकर सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए। पुलिस को ट्रांसजेंडर संवेदनशीलता की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे शिकायतों को गंभीरता से लें। अभी इसका अभाव नजर आता है। मीडिया को इन घटनाओं को प्रमुखता से उठाना चाहिए और समाज को जागरूक करना चाहिए। किन्नरों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए।

**- अमरपाल सिंह वर्मा**

# गंडक नदी में नहाने के दौरान डूबी किशोरी

महानगर नेटवर्क
बगहा

बगहा के दीनदयाल नगर घाट पर एकादशी के दिन दुखद घटना सामने आई। स्नान करने गई छात्रा की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान वार्ड नंबर 31 निवासी व्यास कुशवाहा की बेटी दीपशिखा(13) के रूप में हुई है। वे कक्षा 8 की छात्रा थी। घटना के तीन दिन बार सोमवार को उसका शव बरामद हुआ।

दीपशिखा अपने परिजनों के साथ गंडक नदी में स्नान करने गई थी। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चली गई। परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया,लेकिन वह पानी में लापता हो गई।

परिजनों ने पहले अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव से संपर्क करने की कोशिश की। उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिलने पर नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार को सूचित किया गया। थाना अध्यक्ष ने तुरंत खोजबीन शुरू करवाई।

**बगहा में 3 दिन बाद मिला शव, 8वीं कक्षा में पढ़ती थी**



### शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

स्थानीय नाविक, गोताखोर और मोहल्ले के लोगों ने रातभर तलाशी अभियान चलाया। बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा होने से रेस्क्यू कार्य में कठिनाई आई। तीन दिन बाद घटनास्थल के पास से शव बरामद कर लिया गया। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# पटना में रिटायर्ड नर्स और बेटी को गोलियों से भूना

- पति पर भी हमला

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना घटी। यहां अरफाबाद कॉलोनी में NMCH की रिटायर्ड नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने महालक्ष्मी के पति धनंजय मेहता को भी गोली मारी और मौके से फरार हो गए। घायल धनंजय मेहता का एनएमसीएच में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति गंभीर है।

**हत्या की वजह क्या?**

यह घटना आलमगंज थानाक्षेत्र के अरफाबाद कॉलोनी में हुई। रिटायर्ड नर्स के में घुसकर अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद घर की सीढ़ियों पर खून ही खून बिखर गया। रिटायर्ड नर्स महालक्ष्मी और उनकी 19 वर्षीय बेटी की हत्या से इलाके में दहशत फैल गई। घटनास्थल से चार खोखा और एक चाकू बरामद किया गया है। मामला मोहल्ले के आपसी विवाद का बताया जा रहा है।



### पुलिस ने क्या कहा?

हालांकि इस मामले की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अतुलेश झा बताया कि पूरे मामले की पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगालने में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि वे मामले की तह तक जाएंगे।

# NDA में सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर घमासान

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार चुनाव के लिए NDA में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय होते ही घमासान मच गया है. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो उपेंद्र कुशवाहा शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं. चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने से आगे बढ़ते हुए सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया. इधर, उपेंद्र कुशवाहा ने भी ऐलान कर दिया है कि उनकी सीटें कम करने की कोई कोशिश नकरे. चिराग के विरोधी कह रहे हैं कि वे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दें फिर चुनाव लड़ें. बिहार विधानसभा चुनाव के पहले कल तक NDA में ऑल इज वेल नजर आ रहा था. शीट बंटवारे के पहले NDA के दो बड़े सहयोगी चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा ने शक्ति प्रदर्शन के लिए अलग-अलग रैलियां कीं और सियासी घमासान मच गया. चिराग पासवान ने बजाप्ता ऐलान कर दिया कि वे बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे और सभी 243 सीटों से चुनाव लड़ा जाएगा. चिराग पासवान ने यह ऐलान शाहाबाद में नव संकल्प रैली में किया।

**चिराग-उपेंद्र कुशवाहा के तेवर से गरमाई सियासत**



### 'भाजपा करेगी सब कुछ तय'

इधर, पप्पू यादव ने कहा है कि चिराग पासवान "मोदी जी के हनुमान" हैं और यह भाजपा तय करेगी कि विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा या चिराग पासवान के नेतृत्व में,उन्होंने सवाल उठाया कि कौन चिराग के कंधे पर बंदूक रखकर चला रहा है? जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान के 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा को लेकर उन पर हमला बोला है, उन्होंने कहा है कि एनडीए में भाजपा के दो नेता प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह जो तय करेंगे वही होगा, चाहे जो दल जितना उछल कूद कर ले। चिराग पासवान एनडीए सरकार में मंत्री हैं, क्या उन्होंने अपना पद त्याग दिया है?

# सिंदूरदान में कांपा दूल्हे का हाथ

**दुल्हन का शादी से इंकार**



महानगर नेटवर्क
कैमूर

कैमूर में सिंदूरदान से पहले दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। मामला भभुआ का है। चेनारी के बगाढ़ी गांव निवासी शिववचन बिंद के बेटे हीरा उर्फ पवन कुमार रविवार को कटरा गांव में बारात लेकर पहुंचे थे। बड़े ही धूमधाम से बारातियों का स्वागत हुआ।

इसके बाद द्वार पूजा और बरनेत की रस्में पूरी हुई। लेकिन सिंदूर दान के समय दूल्हे का हाथ कांपने लगा। इस पर दुल्हन ने दूल्हे को पागल बताते हुए विवाह से मना कर दिया। मामला बिगड़ने पर डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को भभुआ थाने बुलाया। थाने में काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश हुई। लेकिन लड़की और उसके परिवार वाले शादी के लिए नहीं माने।

### लड़के को पागल बोलकर शादी से किया इंकार

लड़के के जीजा ने बताया कि 'शादी की सारी रस्में बहुत धूमधाम से हुई। जयमाला से लेकर तिलक तक की रस्में हो चुकी थीं। लड़की को जेवरात भी चढ़ा दिए गए थे।' 'मंडप में शादी की रस्म चल रही थी। लेकिन जब सिंदूरदान के समय महिलाओं के शोर-गुल से लड़के का हाथ हिल गया। इतने में दुल्हन ने शादी रुकवा दी। वो कहने लगी की लड़का पागल है, मुझे इससे शादी नहीं करनी है।' 'इसके बाद वहां मौजूद परिजन और रिश्तेदारों ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन लड़की पक्ष नहीं माने। फोन कर जब डायल 112 को बुलाया तो वो हमें थाने ले आई। यहां पुलिस के समझाने पर भी लड़की शादी के लिए नहीं मानी। दूल्हा बिना दुल्हन के वापस लौट गया।'

### दहेज का पैसा लौटाने की मांग

दूल्हे के पिता ने बताया कि 'शादी एक लाख रुपए में तय हुई थी। उन्होंने 90 हजार रुपए नगद दिए थे। इसमें से 30 हजार के गहने, 20 हजार की साड़ी और 10 हजार डीजे में खर्च किए।' 'बाकी राशि बारात के वाहन में लगी। लड़के पक्ष का आरोप है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बेतिया में रिटायर्ड जवान को रौंदा!

महानगर नेटवर्क
पश्चिम चंपारण

पश्चिम चंपारण के लौरिया हाईवे पर रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में रिटायर्ड आर्मी जवान रामकुमार राय (45) की ट्रक से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। रामकुमार वर्तमान में रामनगर चीनी मिल में गार्ड थे और ड्यूटी के लिए बाइक से निकल रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और ट्रक उनके सिर को कुचलता हुआ निकल गया। घटनास्थल पर सिर्फ शव का धड़ रह गया, सिर पूरी तरह चकनाचूर हो चुका था।




घटना के कुछ ही देर बाद आसपास के लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और रामकुमार की लाश देखी, तो उनका आक्रोश फूट पड़ा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने की कोशिश कर रही पुलिस को लोगों ने घेर लिया।

आक्रोशित लोगों ने एसआई सुधीर कुमार की कॉलर पकड़ ली और दरोगा देवशरण महतो से धक्का-मुक्की करने लगे। झड़प में ASI गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### CCTV से ट्रक के पहचान की कोशिश

लौरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा और SDPO जयप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने कहा कि ट्रक चालक की तलाश जारी है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता दी जाएगी।


## पोते ही हत्या,दादा पर हमला

**नालंदा।** नालंदा में खेत में फसल चराने के विवाद में पड़ोसियों ने पोते के सीने में गोली मार दी। बीच-बचाव करने पहुंचे दादा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के मंडाछ गांव की है। मृतक की पहचान प्रमोद यादव के पुत्र विकास कुमार(22) के तौर पर हुई है। अस्पताल में भर्ती दादा अजित यादव ने बताया, 'विकास सुबह के समय महादेव स्थान की ओर जा रहा था। रास्ते में कुछ लोग घेरकर उसे पीटने लगे। जानकारी मिलते ही मैं मौके पर पहुंचा। बीच-बचाव में धारदार हथियार से मेरे पर हमला कर दिया।' अजित यादव ने आगे कहा, 'तीन दिन पहले पड़ोसी के खेत में मवेशी चला गया था। उस समय उनलोगों ने काफी हंगामा किया।

# दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर नदी में डूबा

महानगर नेटवर्क
वैशाली

वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामदौली गांव के वार्ड-12 निवासी अशर्फी मल्लिक का बेटा रवि मल्लिक(13) के रूप में हुई है। रविवार की दोपहर वो अपने 5 दोस्तों के साथ बाबा गणीनाथ मंदिर के पास स्थित गंगा में नहाने गया था। मृतक की मां मंजू देवी ने बताया कि उनका एकलौता बेटा दोपहर 1 बजे घर से निकला था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गई। रवि के दोस्तों ने बताया कि वह नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूब गया। मां ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि उनके बेटे को तैरना नहीं आता था। उसके दोस्तों को भी तैरना नहीं आता है।



### शव की तलाश जारी

परिजनों ने रविवार रात 10 बजे बिदुपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव की तलाश जारी है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

घटनास्थल से मृतक की साइकिल और कपड़े बरामद हुए हैं। मृतक के चचेरे भाई कुंदन कुमार ने बताया कि जब रवि देर शाम तक घर नहीं लौटा, तो वे उसे खोजने निकले।

## निगरानी के हत्थे चढ़ी बिहार की घूसखोर महिला बीडीओ

**वैशाली।** वैशाली जिले से बड़ी खबर है। एक भ्रष्ट लोकसेवक को निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। जिले के लालगंज की प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीडीओ नीलम कुमारी को उनके ड्राइवर के साथ पकड़ा गया है। बीडीओ को 20 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया। बिहार में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह कार्रवाई की गई है। पटना से आई स्पेशल विजिलेंस टीम गिरफ्तार बीडीओ से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसर यह गिरफ्तारी पटना से आई निगरानी टीम द्वारा की गई है।

# नीतीश के कार्यकर्ता ने शराबबंदी की उड़ाई धज्जी

- दारू पीकर हंगामा करते जदयू के नेता गिरफ्तार

**कटिहार।** नीतीश कुमार बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून में कोई ढील देने के मूड में नहीं हैं। कुछ सहयोगियों की मांग और विपक्षी दलों की आलोचना के बावजूद मुख्यमंत्री अपने स्टैंड पर अडिग हैं। लेकिन उनकी पार्टी के कुछ नेता ही उनके अभियान में पलीता लगा रहे हैं। कटिहार में जदयू के नेता तो शराब पीकर हंगामा करते गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान पार्टी के जिला महासचिव राजेश रजक के रूप में की गई है। जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश राय ने इस पर कार्रवाई की बात कही है। कटिहार के मनिहारी थाना क्षेत्र के मनिहारी में शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में एक जदयू नेता को गिरफ्तार किया है। मनिहारी थानाध्यक्ष पंकज आनंद ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक शराब पीकर मनिहारी में एक शादी समारोह में हंगामा कर रहा है। उसे पकड़ लिया गया।



# नीतीश ने गंगा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया

महानगर नेटवर्क
पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने गृह क्षेत्र बख्तियारपुर में गंगा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद रहे। सोमवार को मुख्यमंत्री ने सबसे पहले घनसुरपुर में गंगा चैनल का जायजा लिया।

**कृष्णा-मंदिर में की पूजा-अर्चना**

यहां से निकलने के बाद वो बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट पहुंचे और निर्माणाधीन पाथ-वे का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम ने सीढ़ी घाट के पास स्थित कृष्णा मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी शीलभद्र याजी पार्क में श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



**पाथ-वे, शौचालय, चेंजिंग रूम की होगी व्यवस्था**

बता दें कि गंगा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट में अब तक तीन बार चैनल का मार्ग बदला गया है। वर्तमान में घनसुरपुर से गंगा को बख्तियारपुर लाने के लिए नया चैनल बनाया जा रहा है। बख्तियारपुर में 330 मीटर लंबी सीढ़ियों का निर्माण कार्य जारी है। प्रोजेक्ट में पाथ-वे, शौचालय, चेंजिंग रूम, लैंडस्केपिंग और प्रकाश की व्यवस्था का काम भी शामिल है।

**व्यापार**

## सेंसेक्स 256 अंक चढ़कर 82,445 पर बंद



**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 9 जून को तेजी रही। सेंसेक्स 256 अंक की बढ़त के साथ 82,445 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 100 अंक की तेजी रही, ये 25,103 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। आज बैंकिंग, फाइनेंस, एनर्जी और IT शेयर्स में ज्यादा तेजी है। कोटक बैंक और जियो फाइनेंस के शेयर 3% से ज्यादा चढ़कर बंद हुए। 2-6 जून 2025 यानी, बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन हफ्ता पॉजिटिव नोट पर खत्म हुआ।

# 30 लाख के होम-लोन पर अब हर महीने 1000 बचेंगे




महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

PNB ने ब्याज दर घटाकर 7.45% की, तीन अन्य बैंकों ने भी घटाईं दरें चार सरकारी बैंकों के लोन सस्ते हो गए हैं। RBI की ओर से रेपो रेट में की गई 0.50% की कटौती के बाद इन सरकारी बैंकों ने भी अपनी रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (RLLR) को 0.50% कम कर दिया है। इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक और बैंक ऑफ इंडिया शामिल है। पंजाब नेशनल बैंक ने बताया कि उसके होम लोन की दर 7.45% से शुरू होगी। पहले ये दर 8% से शुरू होती थी। वहीं व्हीकल लोन का इंटरेस्ट रेट अब 7.80% से शुरू होगा। अन्य तीन बैंकों ने अभी अपनी नई दरें अपडेट नहीं की है। बस RLLR घटाने की जानकारी दी है। ताजा कटौती के बाद पीएनबी के 20 साल के 30 लाख के लोन पर ईएमआई 1017 रुपए घट जाएगी। इसी तरह 30 साल के 30 लाख के लोन पर ईएमआई 1139 रुपए घट जाएगी।

# SBI ने सरकार को दिया 8,076.84 करोड़ रुपए का डिविडेंड

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपए का लाभांश (Dividend) दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया। इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे।

वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपए का लाभांश चेक मिला।'' एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपए प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था।

बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपए का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपए था।




# सोना 1,427 गिरकर 95,718 पर आया

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

सोने के दाम में आज यानी 9 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,427 घटकर 95,718 पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 97,145 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 1 किलो सोने का दाम 5 बढ़कर 1,05,290 हो गया है। ये इसका ऑल टाइम हाई है। इससे पहले चांदी 1,05,285 प्रति किलो पर पहुंच गई थी। सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 ऑल टाइम हाई बनाया था।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार सोने ने इस साल अब तक करीब 26% का रिटर्न दिया है, ऐसे में निवेशक गोल्ड में प्रोफिट बुक कर रहे हैं। इसके चलते सोने में बिकवाली आई है जो कुछ दिनों तक जारी रह सकती है। इससे आने वाले दिनों में सोना और नीचे आ सकता है।



हालांकि जियो पॉलिटिकल टेंशन अभी भी बनी हुई हैं इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इसके अलावा शादी के सीजन में भी गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। इससे लॉग टर्म में सोने में तेजी बनी रहेगी।

# इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वैलरी, ने राजमुद्रा को लॉन्च किया

**मुंबई।** इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वैलरी, ने क्षेत्रीय डिजाइन पर आधारित अपने दूसरे मास्टरपीस, राजमुद्रा को लॉन्च किया। ब्रांड ने 22 कैरेट के इस शानदार आभूषण के ज़रिये महाराष्ट्र के इतिहास और जज़्बे की अमर कहानी बयां की है। राज्य के गौरव, धरोहर और संजोई गई परंपराओं को समर्पित इन बेमिसाल आभूषणों को तीन राजसी परतों में तैयार किया गया है, जिसमें गहनों की उम्दा कारीगरी के ज़रिये साकार रूप दिया गया है। वज्रटिक हार के रूप में इसकी पहली परत, छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रसिद्ध चंद्रकोर तिलक से जगमगाती है। अदम्य शक्ति को दर्शाने वाले और समय की कसौटी पर खरे वज्रटिक हार शिंदेशाही के गौरव का प्रतीक हैं। जिस तरह हाथी आँधी-तूफान या युद्ध की परवाह किए बिना अपनी राह पर आगे बढ़ता है, वैसे ही ये हार भी अटल इरादे का प्रतीक है और उन वीर योद्धाओं को समर्पित है, जो किसी भी परिस्थिति में अपने इरादे से डिगे नहीं। सचमुच इसमें विरासत, परंपरा और अनुपम कारीगरी के प्रति सम्मान की झलक दिखाई देती है, जिसे 22 कैरेट सोने में तराशा गया है। सिंह हार के रूप में इसकी दूसरी परत, छत्रपति शिवाजी महाराज के शाही प्रतीक, यानी अपनी असीम शक्ति के साथ हमेशा आज़ादी की रक्षा करने वाले पराक्रमी सिंह के साथ अपनी चमक बिखेरती है। साथ में, धीरज व विरासत के प्रतीक तथा बेर फल की तरह नाजुक बोर माला भी इसकी शोभा बढ़ाते हैं।

## एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने #रिटायरटूमोर लॉन्च किया

महानगर नेटवर्क
मुंबई

रिटायरमेंट का मतलब होता है कि कोई अपने पेशेवर काम को छोड़ रहा है। लेकिन, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड #रिटायरटूमोर की नई निवेशक शिक्षा पहल, इस धारणा को चुनौती देती है और भारतीयों से रिटायरमेंट को एक नई शुरुआत के रूप में देखने का आग्रह करती है,जो बेहतर जीवन स्तर, जुनून और स्वतंत्रता से भरपूर है। रिटायरमेंट प्लानिंग पर क्वालिटी ऑफ लाइफ की रिपोर्ट के अनुसार, 10 में से लगभग 4 लोग वह चाहे किसी भी उम्र के हों अपने रिटायरमेंट की प्लानिंग नहीं करते हैं,जबकि 10 में से 8 लोग यह जानते हैं कि रिटायरमेंट के बाद उन्हें कितने पैसों की जरूरत होगी। लगभग 58% रिटायरमेंट के बाद काम करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें यह पंसद न हो फिर भी उन्हें इसकी ज़रूरत है। जबकि, भारत में औसतन रिटायरमेंट बचत के लिए लगभग 0.39 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ज़रूरत होती है । ऊपर दिए गए डेटा से एक स्पष्ट संदेश मिलता है कि "रिटायरमेंट कोई विकल्प नहीं है, यह एक योजना है!" इस संदेश को घर-घर पहुँचाने के लिए, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने #रिटायरटूमोर - एक 360 और भावनात्मक रूप से अनुकूल अभियान शुरू किया है, जो दीर्घकालीक संपत्ति बनाने और आरामदायक रिटायरमेंट प्राप्त करने के लिए सिस्टमेटिक निवेश प्लान (एसआईपी) के बारे में है। इसमें रिटायरमेंट प्लान को आसान, अनुशासित और बेहतर बनाता है। इसमें 30 से 45 वर्ष की आयु के कार्यरत व्यक्तियों को लक्षित करते हुए, #रिटायरटूमोर अभियान में 3 शॉर्ट डिजिटल फिल्मों की एक श्रृंखला तैयार की गई है, प्रत्येक फिल्म 3 अलग-अलग पहलुओं पर रोशनी डालती है।




## बॉन्डी टैक्सी ऐप गोवा में क्रांति लाएगा

महानगर नेटवर्क
पणजी

गोवा - प्रसिद्ध उद्यमी रघु शेटियाने बॉन्डी नामक एक अत्याधुनिक टैक्सी ऐप लॉन्च किया है, जो गोवा में यात्रा को सरल और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। विश्वसनीय परिवहन समाधानों की बढ़ती मांग को देखते हुए, बॉन्डी का उद्देश्य पर्यटकों और स्थानीय लोगों दोनों के लिए एक सुरक्षित, कुशल और उपयोगकर्ता-मित्री प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करना है। यह पहल विशेष रूप से मुंबई और अन्य शहरों के पर्यटकों के लिए फायदेमंद होगी, जो अक्सर गोवा की परिवहन प्रणाली में चुनौतियों का सामना करते हैं। बॉन्डी के साथ, मुंबई के लोग और सभी जगहों से आगंतुक अब गोवा में एक तनाव-मुक्त और सुविधाजनक यात्रा अनुभव का आनंद ले सकते हैं। रघु शेटिया बॉन्डी के संस्थापक, ने कहा, "हमारा उद्देश्य गोवा में लोगों की यात्रा के तरीके को बदलना है। बॉन्डी के साथ, हम सुरक्षा, आराम और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए एक बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"




महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# मैरिज लॉन में आग, 18 कमरे और कॉटेज जलकर राख



**वाराणसी।** जिले में बाबतपुर स्थित बनारस किला मैरिज लॉन में सोमवार की शाम भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि लॉन में किसी फिल्म की शूटिंग चल रही थी। फिल्म से संबंधित ही ज्यादातर लोग वहां रुके भी हुए थे। इसी दौरान शार्ट सर्किट की वजह से निकली चिंगारी ने भीषण गर्मी के कारण एक पल में विकराल रूप धारण कर लिया। अफरातफरी के बीच लॉन में मौजूद लोगों को सबसे पहले बाहर निकाला गया। इसके बाद आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू हुई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी भी मौके पर पहुंची लेकिन जल्द ही उसका पानी खत्म हो गया।

आग में कई करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। यह लॉन भाजपा के बड़े नेता अशोक चौरसिया का है। जिस समय आग भड़की अशोक चौरसिया भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि लॉन स्थित कॉटेज में वायरिंग का काम चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को डबल फ्लोर के कॉटेज मे लगे वाल फैन की जगह सीलिंग फैन लगाने का कार्य हो रहा था। इसी दौरान शाट सर्किट से आग लग गई। इससे पहले कि कुछ किया जा सकता आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में पूर्णतया वतानुकुलीत कॉटेज जलकर रख हो गए। उन्होंने बताया कि कुल दस कॉटेज जलकर राख हो गए हैं। इसमे मुख्य रूप से हर कॉटेज में लगे ऐसी, फ्रिज, टीवी बेड सहित कई अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गए। नुकसान के बाबत सीएफओ आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि लॉन संचालक द्वारा मुझे पौने 6 बजे सूचना दी गई कि आग लग गई है। टीम के साथ मौके पर तुरंत पहुंचकर लगभग डेढ़ घण्टे में आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने में पिंडरा फायरब्रिगेड की 2 वाहनों के साथ ही चेतगंज से भी दो वाहन मंगाए गए।

## अखिलेश के बयान पर केशव का पलटवार

# पुलिस गलती करेगी तो उस पर भी एक्शन होगा

महानगर संवाददाता
**कौशांबी**

उत्तर प्रदेश स्थित कौशांबी में रामबाबू तिवारी और ग्राम प्रधान भूप नारायण पाल के मामले में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की टिप्पणी के बाद अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी है। केशव ने लिखा कि हमारे लिए कोई अगड़ा पिछड़ा नहीं है और अगर पुलिस गलती करेगी तो उस पर भी एक्शन होगा।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर केशव ने लिखा- हमारे लिए न कोई अगड़ा है, न पिछड़ा, न दलित जो कानून तोड़ेगा, उसे सजा मिलेगी, चाहे वो कोई भी हो। अगर पुलिस भी गलती करती है, तो उस पर भी कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को न्याय और सुशासन देना हमारा संकल्प है- इसके लिए



जातिवादी मानसिकता से ऊपर उठना ज़रूरी है। रामबाबू तिवारी बनाम भूप नारायण पाल मामले में कूदे अखिलेश यादव, दोनों डिप्टी सीएम को घेरा।

उन्होंने लिखा कि हम 'न्याय सभी के लिए, पक्षपात किसी से नहीं' की नीति पर चलते हैं- यही भाजपा की प्रतिबद्धता है। अखिलेश यादव जी, आप बार-बार समाज को जातियों में बाँटकर राजनीति करना चाहते हैं, ताकि अपना वोटबैंक और सपा को सफा होने से बचा सकें। आपको 'मौर्य', 'पाल', 'पासी', 'दलित' जैसे समाजों की चिंता नहीं, सिर्फ़ उनके नाम पर सिर्फ़ राजनीति करनी है। डिप्टी सीएम ने लिखा कि आपकी राजनीति का आधार है जातीय उकसावा और झूठी सहानुभूति लेकिन यूपी अब जनता जाग चुकी है। सपा की चाल चरित्र को समझती है। वो नफरत की नहीं, विकास की राजनीति चाहती है। आपका जातिवादी एजेंडा नाकाम हो चुका है। सपा डूबता जहाज़ है। उत्तर प्रदेश अब सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है- और आगे ही बढ़ता रहेगा। बता दें कौशांबी मामले का जिक्र करते हुए सपा चीफ ने भी सोमवार, 9 जून को बिना नाम लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर जमकर जुबानी हमला बोला और राजनीति करने का आरोप लगाया था।

# केंद्र के 11 साल और यूपी के नौ साल के काम का हिसाब दे सरकार : अखिलेश यादव

महानगर संवाददाता
**लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को केंद्र के 11 वर्ष और प्रदेश सरकार के नौ साल कुल 20 वर्षों के काम का लेखाजोखा देना होगा कि जनता के लिए क्या किया?

अखिलेश यादव ने केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल के कार्यकाल को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए उन्होंने जनता के लिए क्या किया? उन्हें बताना चाहिए कि शिक्षा के क्षेत्र में क्या किया? बेरोजगारी कितनी कम हुई? कितने रोजगार दिए हैं? प्रदेश में कितना निवेश आया है। यूपी में डबल इंजन की सरकार कही जाती है पर यहां पर क्या हालात हैं। सभी एक दूसरे से टकरा रहे हैं। कमीशन के लिए झगड़ा हो रहा है। एक आईएएस अधिकारी को अंडरग्राउंड होना पड़



रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस गांव को गोद लिया था उसका विकास नहीं हो सका है। उस गांव की तस्वीर नहीं बदली है तो कहीं न कहीं सरकार के कामकाज पर सवाल उठते हैं। मुख्यमंत्री योगी फसलों का एरिअल सर्वे कर रहे हैं। उन्हें किसानों के सामने जाना चाहिए और उनके सवालों का जवाब देना चाहिए।

# कतर्नियाघाट में जंगल के बीच स्थित लक्कड़शाह सहित चार मजारें ध्वस्त

महानगर संवाददाता
**बहराइच**

बहराइच के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मूर्तिहा रेंज में जंगल के बीच स्थित लक्कड़शाह, भंवरशाह, चमनशाह और शहंशाह मजार को वन विभाग ने बुलडोजर से हटवा दिया। डीएफओ बी. शिवशंकर ने बताया कि बेदखली की नोटिस दी गई थी। मजारें बाघ बाहुल्य स्थान पर स्थित थी। मजार के जिम्मेदार सिर्फ 1986 का एक कागज दे सके लेकिन 1986 से पहले ये जमीन किसकी थी, इस संबंध में कुछ भी बता नहीं सके। जिसके बाद सुनवाई कर कार्रवाई की गई है। मामले में



वन विभाग की तरफ से देर रात आधा दर्जन से अधिक बुलडोजर चलाकर लक्कड़ शाह, भंवर शाह, चमन शाह एवं शहंशाह की दरगाह के नाम पर किये गए अतिक्रमण को जमीदोंज कर दिया गया है। डीएफओ ने बताया कि अतिक्रमण का मामला काफी दिनों से न्यायालय में चल रहा था जिसमें वन विभाग के पक्ष में फैसला आया था जिसके बाद से अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर स्वतः अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो देर रात बुलडोजर की कार्रवाई करके चारों मजारों को ध्वस्त कर दिया गया। मजारों के मलबे को भी तेजी से हटाया जा रहा है। आपको बता दें कि लक्कड़ शाह बाबा के नाम पर सैकड़ो साल से मुर्तिहा जंगल के बीच बहुत बड़ी दरगाह बनाई गई थी जिस पर जेठ माह में हर वर्ष मेला भी लगता था। हालांकि इस बार वन विभाग ने मेले को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया था।

# अयोध्या में जमीन खरीदना अब और भी महंगा

## 30 से 200 फीसदी तक बढ़ा सर्किल रेट

**अयोध्या।** रामनगरी में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जमीन के सर्किल रेट में वृद्धि कर दी गई है। 2017 के बाद सर्किल रेट बढ़ाने में जिला प्रशासन को आठ साल लग गए। सर्किल रेट में अलग- अलग क्षेत्रों में 30 से 200 फीसदी तक की वृद्धि की गई है। यह आदेश सात जून से जारी किया गया है, लेकिन नई दर पर जमीन की रजिस्ट्री सोमवार से शुरू हुई। उपनिबंधक सदर शांति भूषण चौबे ने बताया कि जहां ज्यादा जमीन के बैनामें हो रहे थे, वहां 150 से 200 फीसदी तक



की बढ़ोत्तरी की गई है। जबकि अन्य क्षेत्र में 30 से 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें जमीन के उपयोग और स्थान को आधार बनाया गया है। सर्किल रेट बढ़ने के बाद सबसे महंगी जमीन शहर के रिकाबगंज, देवकाली और अवध विहार आवासीय योजना में हो गई है। राम मंदिर के आसपास के क्षेत्र की जमीन भी पहले से काफी महंगी हो गई है।

# सेना में खिलाड़ियों के लिए सीधी भर्ती का मौका

महानगर संवाददाता
**वाराणसी**

भारतीय सेना में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के पास सीधी भर्ती का मौका है। राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले ही खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। यह पारदर्शी और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य देश के प्रतिभाशाली एथलीटों को सेना में शामिल करना है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है। इच्छुक और पात्र खिलाड़ी सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन प्रक्रिया और अन्य विस्तृत जानकारी देख सकते हैं। इसकी भर्ती पुणे में होगी। उम्मीदवारों को शैक्षिक और खेल प्रमाणपत्रों के साथ आवेदन पत्र सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के



आधिकारिक पते पर जमा करना होगा। 1 अप्रैल 2023 या उसके बाद विभिन्न खेल आयोजनों और चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीधे हवलदार और नायब सूबेदार के पदों पर भर्ती किया जाएगा। आयु सीमा 17.5 से 25 वर्ष निर्धारित है, जिसमें नामांकन की अंतिम तिथि पर उम्मीदवार की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता मैट्रिकुलेशन है। चयन प्रक्रिया में शारीरिक और चिकित्सा मानक भी शामिल होंगे, जिनका निर्धारण सेवा मानदंडों के अनुसार किया जाएगा। भर्ती चिकित्सा अधिकारी और सशस्त्र बलों के विशेषज्ञ डॉक्टर ही उम्मीदवार को चिकित्सकीय रूप से फिट या अनफिट घोषित करने के लिए अंतिम अधिकारी होंगे।

# कांग्रेस नेता के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

**गोरखपुर।** मलांव निवासी शिवम पांडेय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वो अपने परिवार के साथ नौनीतार घूमने जा रहे थे। इसी बीच शाहजहांपुर में सड़क हादसे में शिवम, दो वर्ष का बेटा माधवन और बहन की मौत हो गई। जबकि पत्नी शालिनी पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं, कार में सवार अंगर और सिद्ध द्विवेदी भी सड़क हादसे में घायल हो गए हैं।

गोरखपुर एवं मुल रूप से बेलीपार थाना क्षेत्र के मलांव निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदु पांडेय का भतीजा शिवम पाण्डेय अपने परिवार समेत



नैनीताल घूमने जा रहे थे। इसी बिच शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र के जमुका गांव के पास हाइवे किनारे मोरंग उतार रहे ट्रक में कार पीछे से टकरा गई। कार में सवार गोरखपुर के खोराबार क्षेत्र के मालवीय नगर निवासी डॉ नीरज द्विवेदी की पत्नी श्वेता द्विवेदी व मलांव निवासी शिवम पाण्डेय व उनके दो वर्षीय बेटे माधवन की मृत्यु हो गई। जबकि कार में सवार अंगद यादव, शिवम की पत्नी शालिनी पाण्डेय व भांजी सिद्ध द्विवेदी घायल हो गए।

# ग्रेटर नोएडा में हाईप्रोफाइल हंगामा, विधायक की बेटी ने परिवार पर बोला धावा

महानगर संवाददाता
**नोएडा**

ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित पूर्वांचल हाइट्स सोसाइटी में बीती रात एक रोडरेज की मामूली घटना ने गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि भाजपा की एक वर्तमान विधायक की बेटी तीन अन्य महिलाओं के साथ मिलकर एक परिवार के फ्लैट में जबरन घुस गईं और वहां रह रही महिला व उसकी दो बेटियों के साथ जमकर मारपीट की। यह पूरी घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें पीड़िता घायल हालत में नजर आ रही है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा सेक्टर जीटा-1 स्थित पूर्वांचल हाइट्स की घटना



है। जहां फ्लैट में अतुल कुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी जयश्री गुप्ता किसी काम से मार्केट गई थीं, जहां उनकी कार एक दूसरी महिला की गाड़ी से मामूली टकरा गई। आरोप है कि इसके बाद विवाद बढ़ गया और विधायक की बेटी समेत तीन महिलाएं जयश्री के घर में जबरन घुस आईं। विरोध करने पर जयश्री के साथ मारपीट की गई। इस दौरान उनकी बेटियां वर्षीय ऐशा और एक नाबालिग बेटी बचाव में आईं तो उनके साथ भी हाथापाई की गई। घटना में जयश्री की आंख के पास गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जयश्री का कहना है कि उन्होंने तत्काल पुलिस को शिकायत दी गई है. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है. इस मामले में सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि कार बैक करने को लेकर शुरू हुआ विवाद बातचीत के लिए फ्लैट तक पहुंचा, लेकिन झगड़े में हाथापाई हुई जिसमें महिला के सिर में चोट आई है. पुलिस ने मेडिकल करवा लिया है और दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# मॉडल चाय वाली सिमरन से लखनऊ पुलिस की बहस

**लखनऊ।** मिस गोरखपुर बनने के बाद मॉडलिंग की दुकान छोड़कर चाय दुकान खोलने वाली मॉडल चाय वाली यानी सिमरन गुप्ता के साथ लखनऊ में पुलिस से आधी रात विवाद हुआ है। पुलिस पर सिमरन गुप्ता से दुर्व्यवहार का आरोप लग रहा है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला पुलिसकर्मी सिमरन को कपड़े पकड़कर जबरिया खींचकर कहीं ले जाना चाहती है। जबकि सिमरन पुलिसकर्मी की इस हरकत का विरोध करती नजर आ रही है। पुलिस ने सिमरन पर रात 12 बजे के बाद चेतावनी देने के बावजूद दुकान खोलने का आरोप लगाया है। मिस गोरखपुर चुने जाने के बाद सिमरन ने चाय को अपना करियर बनाने का फैसला किया था। उन्होंने गोरखपुर में ही मॉडल चाय वाली के नाम से स्टाल शुरू किया था। इसके बाद वह राजधानी लखनऊ आ गईं। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर स्टाल लगाया और काफी लोकप्रियता हासिल करने के साथ कमाई भी काफी बढ़ गई। इसका असर यह हुआ कि जहां पर उन्होंने स्टाल शुरू किया था, वहीं पर एक



दुकान भी ले ली। अब स्टाल और दुकान दोनों वह चला रही हैं। रविवार की रात भी वह अपनी दुकान पर ही थीं। इसी दौरान आधी रात के बाद पुलिस आई और उससे सिमरन की कुछ नोकझोंक हुई। इसके बाद एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी उसकी दुकान पर पहुंचे। पुलिस के साथ दुकान को बंद करने को लेकर सिमरन का विवाद इतना बढ़ गया कि महिला पुलिसकर्मी ने सिमरन के साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया। वीडियो में पुलिसकर्मी सिमरन के कपड़े पकड़कर खींच रही है और पुरुष पुलिसकर्मी वहीं पास खड़ा देख रहा है।

# हाईकोर्ट के निकट फ्लाईओवर के नीचे चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

महानगर संवाददाता
**प्रयागराज**

हाइकोर्ट के पास पुल के नीचे रविवार की आधी रात नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान न सिर्फ आसपास की दुकानें हटाई गईं, बल्कि पुल के नीचे रखे कुर्सी और टेबल भी निगम की टीम साथ ले गई। कार्रवाई के दौरान कैंट, सिविल लाइंस समेत कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही। आरोप है कि रोड पर अतिक्रमण कर कुर्सी-मेज रखे गए थे, जिससे दिनभर जाम की समस्या बनी रहती थी। रात करीब पौने 12 बजे नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ



हाईकोर्ट पुल के पास पहुंची। इस दौरान हाईकोर्ट पानी टंकी से लेकर पुल के नीचे तक लगीं कुर्सियों को टीम ने जेसीबी से एकत्रित किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों में लाद लिया, जिसे नगर निगम परिसर ले जाया गया। मौके पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है। इस बारे में आदेश जारी किए गए हैं। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने जब पूछा कि टेबल-कुर्सी क्यों हटाया जा रहा है तो उन्हें जवाब मिला कि उनके पास सीनियर अधिकारियों के आदेश हैं। इस दौरान एसीपी सिविल लाइंस, एसपी कैंट, थाना प्रभारी समेत 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। दूसरी ओर नगर निगम कर्मियों का कहना था कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# भोजपुरी गीत पर दरोगा-सिपाही का ठुमका लगाते वीडियो वायरल

**देवरिया।** एकौना थाने के एक दरोगा व सिपाही का ठुमका लगाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दरोगा सिपाही और एक युवक के साथ भोजपुरी गीत के धुन पर जमकर नाच रहे हैं। यह वीडियो एकौना थाना क्षेत्र के पचलड़ी का बताया जा रहा है। हालांकि संवाद न्यूज़ एजेंसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो के संबंध में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने सीओ हरिराम को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि पचलड़ी गांव में किसी के व्यक्तिगत निमंत्रण पर दरोगा अपने हमराही सिपाही के साथ दावत उड़ाने गए थे। दावत के दौरान वहां डीजे बज रहा था। दावत से पहले



जाम भी टकराया। भोजपुरी गीत बजाने के बाद महफिल जम गई। जिसमें आयोजक के साथ दरोगा और सिपाही ने भी जमकर ठुमके लगाए। वीडियो दो-चार महीने पुराना बताया जा रहा है। दरोगा का कमर में पिस्टल लटका कर डांस करते हुए किसी ने वीडियो बना लिया था, जिसे सोमवार को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। मामले की जांच हो रही है।

## अवैध कब्जा मुक्त कराने में लापरवाही पर गिरी गाज

**लखनऊ।** सरकारी भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराने में लापरवाही और शिथिलता बरतने पर लेखपाल व कानूनगो सहित छह लोगों पर गाज गिरी है। मंडायुक्त ने सख्त निर्णय लेते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। वहीं, उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर व नगर निगम तहसीलदार अरविंद पांडे के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए शासन को निलंबन के लिए पत्र प्रेरित करने को कहा गया है। मंडलायुक्त ने मामले में ग्राम भेहसा व कल्ली पश्चिम के लेखपाल सुनील तिवारी, दीपक व कानूनगो अशोक पांडे, पाटन दींन तिवारी और नगर निगम लेखपाल मृदुल मिश्रा व संदीप यादव द्वितीय को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# यू-ट्यूब से सीख दबाई बच्चे के गले की नस, खतरे में पड़ी जिंदगी

## किशोर पहले भी कर चुका था इस तरह खतरनाक खेल




**प्रयागराज।** ऑनलाइन गेम किस कदर खतरनाक हो सकता है, इसकी बानगी कुंडा कमालापुर के देवीगंज गांव में सामने आई, जब यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर एक किशोर ने खेल-खेल में बच्चे के गले की नस दबाई। इससे न सिर्फ बच्चा बेहोश हुआ, बल्कि उसकी जान खतरे में पड़ गई। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज के निजी अस्पताल में न्यूरो सर्जन के पास लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ऑनलाइन गेम की लत में पड़कर कई बच्चे, किशोर और युवा जान गंवा चुके हैं। वहीं मोबाइल पर रील बनाने के लिए भी खतरों से खेला जा रहा है। ताजा मामले में मुंबई से कुंडा कमालापुर के देवीगंज गांव रिश्तेदारी में पहुंचे 11 साल के अहमान की जान खतरे में पड़ गई। दरअसल, शादी समारोह में माता-पिता के साथ पहुंचा अहमान चार-पांच दोस्तों के साथ यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर गेम खेल रहा था। इसमें गर्दन की एक विशेष नस दबाने के बाद व्यक्ति बेहोश हो जाता है। इसके बाद गाल पर थप्पड़ मारने से उसे होश में लाया जाता है। जब यही ट्रिक एक साथी किशोर ने अहमान पर आजमाई तो वह भी बेहोश हो गया। दोस्तों ने थप्पड़ मारकर उसे होश में तो ला दिया, मगर अहमान को पैंट में बाथरूम होने तक का पता नहीं चला।

### मुंह से निकल रहा था झाग

अहमान के परिजनों ने बताया कि जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था, पानी गले के नीचे नहीं उतर रहा था, वह चल-फिर भी नहीं पा रहा था और चेहरा लाल हो गया था। आनन-फानन उसे प्रयागराज में निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। यहां वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. प्रकाश खेतान ने बताया कि जब बच्चे का एमआरआई कराया गया तो देखा कि उसके दिमाग को ब्लड सप्लाई करने वाली कैरोटिड धमनी के दब जाने से दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही। इस वजह से बच्चे को मिर्गी का दौरा आने लगा और उसका हाथ-पैर कमजोर पड़ गया था। पांच दिन उपचार के बाद बच्चा अब अपने पैरों पर चलने लगा है।

### किशोर पहले भी कर चुका था इस तरह खतरनाक खेल

जिस किशोर ने अहमान के गले की नस दबाकर उसे बेहोश किया, वह पहले भी कई बार इस तरह यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर खतरनाक खेल कर चुका है। जब उससे घटना के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि पहले भी कई बार लोगों को बेहोश कर वह दोबारा होश में ला चुका है। इस प्रकार के कई मामले सामने आ रहे हैं, जहां पर बच्चे ऑनलाइन गेम खेलकर जान जोखिम में डाल रहे हैं। अगर इस बच्चे को लाने में थोड़ी सी और देरी हो जाती, तो बच्चे की जिंदगी मुश्किल में पड़ सकती थी। फिलहाल बच्चा ठीक है और उसका इलाज चल रहा है। -डॉ. प्रकाश खेतान, वरिष्ठ न्यूरो सर्जन।

# इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 10 जून तक करें आवेदन

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के पास आवेदन का मौका सिर्फ दो दिनों तक है। 10 जून के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और तिथि भी नहीं बढ़ेगी। आवेदन के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाना होगा। हाईस्कूल इंप्रूवमेंट के लिए एक विषय में फेल छात्र व कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए दो विषयों में फेल छात्र किसी एक विषय के लिए ही आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए परीक्षा शुल्क 256.50 रुपये जमा करना होगा। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग के परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग एक और भाग दो में निर्धारित विषयों में से किसी एक के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में फेल परीक्षार्थी कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र माने जाएंगे। इसके लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपये देना होगा। परीक्षा शुल्क को कोषागार में चालान के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा परिषद के मानक मद में जमा करना होगा। इसके बाद जमा शुल्क के चालान की मूल प्रति हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा व इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा के ऑनलाइन भरे गए आवेदन की प्रति को लगाना होगा।

# वाराणसी-अयोध्या : धार्मिक पर्यटन में 60% की गिरावट

महानगर संवाददाता
**वाराणसी**

वाराणसी अयोध्या प्रयागराज मिर्जापुर धार्मिक पर्यटन का बहुत बड़ा केंद्र माना जाता है. बीते वर्षों में इस क्षेत्र का धार्मिक पर्यटन दृष्टिकोण से काफी प्रभाव देखा गया है. लेकिन बीते कुछ महीनो से इन क्षेत्र से चौंकाने वाले रिपोर्ट सामने आ रहें हैं. पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों का कहना है कि पर्यटकों के न आने की वजह से तकरीबन 60 फ़ीसदी इस क्षेत्र पर असर पड़ता दिखाई दे रहा है. एक उदाहरण के तौर पर उन्होंने समझाया कि महाकुंभ के समय जिन होटलों-लाज़ के कमरों की बुकिंग 6000 में संभव थी, आज वह 2000 रुपए निर्धारित करने पर भी बुकिंग नहीं हो रही है।



ऑल इंडिया टूरिज्म फेडरेशन के नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ अजय शर्मा ने एबीपी न्यूज़ से बातचीत में बताया कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर धार्मिक पर्यटन दृष्टिकोण से बहुत बड़ा केंद्र माने जाते हैं. लेकिन बीते कुछ महीनो से यहां पर पर्यटकों के आवागमन करने की स्थिति पर बड़ा प्रभाव देखने को मिल रहा है. तकरीबन 60% पर्यटन क्षेत्र में कमी देखी जा रही है, हालांकि महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या श्रद्धालु यहां पर पहुंचे थे. ऐसे में इन जगहों पर अनुमान के तहत श्रद्धालुओं के न जाने की यह भी बड़ी वजह है.

अप्रैल-मई में नहीं अपेक्षित श्रद्धालू पिछले 10 वर्ष में अगर कोविड काल को छोड़ दिया जाए तो इस वर्ष अप्रैल मई का पर्यटन क्षेत्र सबसे ज्यादा मायूस करने वाला साबित हो रहा है. जहां 2024 में एक ट्रेवल कंपनी द्वारा मई महीने में 13- 14 लाख की कमाई संभव थी, वहीं 2025 के मई महीने में यह 4 लाख तक सीमित है. होटल के कमरों और अन्य सुविधाओं की बुकिंग पर सीधे तौर पर असर पड़ा है, जिसमें हम 60% तक गिरावट देख रहे हैं. इन सबके बीच अधिकांश लोग पहाड़ी क्षेत्र और ठंडी जगहो पर जाने को प्राथमिकता दे रहे हैं. लेकिन छुट्टियों के दिनों में बहुत से लोग धार्मिक स्थलों पर भी आना पसंद करते थे, लेकिन प्रयागराज महाकुंभ की यात्रा पूर्ण करने के बाद इन धर्मस्थलों पर पर्यटकों के आने की संख्या में साफ तौर पर प्रभाव देखा जा रहा है. वाराणसी की बात कर ली जाए तो सारनाथ और अन्य जगहों पर घरेलू पर्यटक तक काफी कम संख्या में पहुंच रहे हैं. डॉ अजय ने कहा कि हम उम्मीद जता रहे हैं कि मानसून के बाद एक बार फिर से उत्तर प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र तेज रफ्तार से आगे बढ़ेगा।

### PM मोदी के 11 साल के कामकाज पर बोला देश

# 2029 में भी मोदी को ही पीएम के रूप में देखना चाहते हैं लोग



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार ने 11 साल का सफर पूरा कर लिया है। इस पर सी-वोटर ने एक सर्वे किया है, जिसमें लोगों से राय ली गई है कि वे मोदी सरकार के कामकाज से कितने खुश हैं। इस सर्वे में लोगों से ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंक के खिलाफ मोदी सरकार की कार्रवाई, महंगाई और बेरोजगारी खत्म करने के लिए उठाए गए कदम जैसे मुद्दों पर भी जनता की राय ली गई है। इसके अलावा लोगों से यह भी पूछा गया कि क्या वे 2029 में भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं। सर्वे के नतीजों के मुताबिक 59.3 फीसदी लोगों ने कहा कि वो 2029 में भी नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं, जबकि 27.4 फीसदी लोगों ने सीधे तौर पर मना कर दिया और 10.3 फीसदी लोगों ने कहा कि आगे का उनके कामकाज के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा कि 2029 में उन्हें इस पद पर मौका दिया जाए या नहीं।

#### महंगाई कंट्रोल करने पर कैसी रही मोदी सरकार?

इसी तरह एक अन्य सवाल में जब उनसे पूछा गया कि क्या मोदी सरकार महंगाई पर काबू पाने में सफल रही है? तो इसके जवाब में 26 फीसदी लोगों ने सरकारी प्रयास को बेहद कामयाब बताया, जबकि 23.9 फीसदी लोगों ने कुछ हद तक सफल बताया। 17.6 फीसदी लोगों ने कहा कि कोई बदलाव नहीं आ सका है, जबकि 5.2 फीसदी लोगों ने कहा कि कुछ हद तक सरकारी प्रयास असरदार रहे हैं। 24.8 फीसदी ने महंगाई पर मोदी सरकार के कामकाज को बेअसर करार दिया है।

#### बेरोजगारी के मोर्चे पर मोदी सरकार की कैसी रिपोर्ट

इसी तरह बेरोजगारी को दूर करने के मुद्दे पर भी 26.3 फीसदी लोगों ने कहा है कि सरकारी कोशिशें बेहद प्रभावी रही हैं, जबकि 27.9 फीसदी लोगों ने कहा कि कुछ हद तक ही सरकार की नीतियां प्रभावी रही हैं। 19.9 फीसदी लोगों ने सीधे तौर पर कहा कि बेरोजगारी दूर करने में मोदी सरकार कोई बदलाव नहीं ला सकी। 7 फीसदी ने कुछ हद तक इसे प्रहावी और 15 फीसदी ने मोदी सरकार की बेरोजगारी घटाने की नीति को बेअसर करार दिया है।

### आतंकवाद पर प्रहार से लेकर तीन तलाक और 370 तक

# जेपी नड्डा ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार को एनडीए सरकार ने अपने 11 साल पूरे कर लिए हैं। पिछले साल 9 जून को बीजेपी नेता नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली थी। 11 साल पूरे होने के अवसर पर आज बीजेपी की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के बड़े काम काज बताए। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम 11 साल पूरे कर रहे हैं, 11 साल में जो पीएम मोदी के नेतृत्व जो काम हुआ है वह स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने वाला काम हुआ है, देश में 11 साल पहले तुष्टिकरण और समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनीतिक संस्कृति का तरीका बन गया था। 2014 के बाद पीएम के नेतृत्व वाली जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार आई है।

#### 'जम्मू कश्मीर में हो रहा बदलाव'

जेपी नड्डा ने कहा कि ये देश मान चुका था कि ये संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया, लोकसभा में टर्नआउट 58.46 प्रतिशत रहा, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में टर्नआउट 63 प्रतिशत रहा। ये बदलाव, मोदी सरकार की साहसिक निर्णय की वजह से आया है। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल के दौरान सरकार असरदार, दमदार और मजबूत फैसले लेने वाली है।

### 'यूरोप के देशों में बढ़ती जा रही कट्टरता और आतंकवाद'

# शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पाक पर किया कड़ा प्रहार



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक मंच से भारत का पक्ष रखने वाले सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहीं प्रियंका चतुर्वेदी ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि हमने दुनिया के सभी देशों में यही संदेश दिया है कि हम पिछले कई दशकों से लड़ाई लड़ रहे हैं। ये लड़ाई जो हम लड़ रहे हैं इसके लिए हमारा देश भारत पूरी तरह सक्षम है और हम किसी अन्य देश से कुछ मांगने नहीं जाते हैं न ही कोई कर्ज लेते हैं।

शिवसेना (उद्धव गुट) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आगे कहा कि हम लोगों ने यूरोप के देशों में इस बात की जानकारी दी है कि वहां के देशों में किस प्रकार से कट्टरवाद और आतंकवाद बढ़ता जा रहा है। ये प्रशिक्षण पाकिस्तान के लोगों द्वारा दिया जा रहा है। इस बात को लेकर यूरोप में हर कोई जानता है कि वहां हमले कैसे हो रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य होना चाहिए।

#### पाकिस्तान के साथ यूएन पर भी हमलावर रहीं

बीते दिनों प्रियंका चतुर्वेदी पाकिस्तान पर काफी हमलावर रहीं। इस साल यूएन की सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक को पाकिस्तान ही चेयर करने वाला है। इसको लेकर प्रियंका ने पाकिस्तान के साथ-साथ UN पर भी तंज कसा। प्रियंका ने कहा कि पाकिस्तान इस समय यूएन सिक्योरिटी काउंसिल का हिस्सा बन चुका है।

# दिल्ली-NCR में बरस रही आग, 44 डिग्री पहुंचा पारा

#### • अभी और बढ़ने के आसार, कब होगी बारिश



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में आसमान से आग बरस रही है। सोमवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिल्ली का तापमान जून में अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह अभी और बढ़ सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में दिल्ली का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुबह का तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर लगभग 48 प्रतिशत दर्ज किया गया। यदि दोनों स्थितियों को मिला दें यह गर्मी से असहज करने के लिए पर्याप्त है।

रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में अगले चार दिनों तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान लू चलने की भी संभावना है।

## गुलमर्ग कैंप में जवान ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रहने वाले जवान की मौके पर ही मौत हो गई। शव को चिकित्सकीय और कानूनी औपचारिकताओं के लिए तंगमर्ग उप जिला अस्पताल ले जाया गया। हाल ही में सुकमा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने खुद की रायफल से गोली मारकर सुसाइड कर लिया था।

## कृष्णगिरी के भैरव स्वामीजी ने की उज्जैन महाकाल और ओंकारेश्वर की तीर्थयात्रा



**महानगर नेटवर्क**

**कृष्णगिरी (तमिलनाडु)**

कृष्णगिरी जिले के प्रसिद्ध कांदीकुप्पम भैरव मंदिर के भैरव स्वामीजी ने हाल ही में उज्जैन महाकाल और ओंकारेश्वर की पवित्र तीर्थयात्रा की। गहन आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए जाने जाने वाले स्वामीजी ने इस यात्रा के दौरान दोनों ज्योतिर्लिंगों में विशेष पूजा-अर्चना की। ओंकारेश्वर में एक ऐतिहासिक क्षण में, स्वामीजी ने मंदिर के पवित्र सरोवर में शंखनाद किया, यह अनुष्ठान पिछले 50 वर्षों से नहीं हुआ था। वे इस अनुष्ठान को करने वाले 50 वर्षों में केवल दूसरे स्वामी बने, जिन्होंने इस पारंपरिक विधि से जल को आशीर्वाद दिया। कृष्णगिरी और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने इसे एक दिव्य आशीर्वाद मानते हुए गहन श्रद्धा और प्रसन्नता व्यक्त की। स्वामीजी की उपस्थिति और इस तीर्थयात्रा में भागीदारी ने अनुयायियों में आस्था और भक्ति की नई ऊर्जा भर दी है।

## कैंसर मरीजों के इलाज के लिए इवोसिडेनिब की मंजूरी

**नई दिल्ली।** फ्रांस की अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनी सर्विअर ग्रुप की भारतीय शाखा, सर्विअर इंडिया ने इवोसिडेनिब नामक ओरल टारगेटेड थेरेपी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह दवा उन कैंसर मरीजों के इलाज के लिए मंजूर की गई है जो तीव्र मायलॉयड ल्यूकेमिया (एएमएल) और कोलेन्जियोकार्सिनोमा से ग्रस्त हैं और जिनमें आइसोसाइट्रेट डीहायड्रोजनेज-1 (आईडीएच1) म्यूटेशन पाया गया है। सर्विअर इंडिया को यह दवा आयात, बिक्री और वितरण के लिए 14 मई 2025 को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइज़ेशन (सीडीएससीओ) से मंजूरी मिली है। एक्यूट मायलॉयड ल्यूकेमिया (एएमएल) एक जटिल रक्त संबंधी कैंसर है। अध्ययनों के मुताबिक भारत में एएमएल से पीड़ित केवल 30–40% मरीजों को ही उचित इलाज मिल पाता है। बीमारी तेजी से बढ़ने और संक्रमण की वजह से इन मरीजों में मृत्यु दर काफी अधिक होती है। इस अवसर पर सर्विअर इंडिया के प्रबंध निदेशक ऑरेलियन ब्रेटन ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कैंसर पीड़ित मरीजों तक अत्याधुनिक और सटीक इलाज पहुंचाया जाए, खासकर उन लोगों तक जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। हम इलाज को सुलभ और किफायती बनाने को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि देशभर में कैंसर के इलाज से जुड़ी बड़ी खाई को पाटा जा सके। यह लॉन्च हमारे इस मिशन की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसमें हम हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को टारगेटेड इलाज के विकल्प उपलब्ध कराकर मरीजों की जीवन प्रत्याशा और जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना चाहते हैं।

# अमेरिका के लॉस एंजिल्स में बिगड़े हालात

■ कई गाड़ियों में आगजनी और तोड़फोड़ ■ नेशनल गाड़र्स की तैनाती



**महानगर नेटवर्क**

**लॉस एंजिलिस**


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के जवानों की असाधारण तैनाती की गई है। इसके बावजूद तनाव और बढ़ता ही जा रहा है। हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और कई गाड़ियों में आगजनी की। सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें जलती हुई कारों को देखा जा सकता है। वहीं स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां भी चलाईं। इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया। शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है, जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया और रविवार शाम होते-होते कई प्रदर्शनकारी लौटने लगे। लेकिन, मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर अस्थायी अवरोधक बना कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया। उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को एक पुल के नीचे छिपना पड़ा।

#### पुलिस ने कई लोगों को किया गिरफ्तार

लॉस एंजिलिस के पुलिस प्रमुख जिम मैकडॉनेल ने कहा कि प्रदर्शनकारी अधिकारियों पर हावी हो गए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों में वे लोग भी शमिल हैं जिनका मकसद सिर्फ समस्याएं पैदा करना है। विरोध-प्रदर्शन को लेकर कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पर मोलोटोव कॉकटेल फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया।

# बिजी हूं, नहीं आ सकता, मनीष सिसोदिया ने ACB से काटी कन्नी

#### • क्लासरूम घोटाले में देना है जवाब



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) के सामने पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। आम आदमी पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता को दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्लासरूम निर्माण में कथित घोटाले को लेकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। सिसोदिया ने एसबी को भेजे अपने जवाब में खुद को बिजी बताया। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था। जैन शुक्रवार को एसीबी के सामने पेश हुए, जबकि सिसोदिया को सोमवार को पेश होना था। एसीबी ने जैन से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एसीबी के सूत्रों ने कहा कि मनीष सिसोदिया के वकील ने हमें सूचना दी कि वह आज नहीं आ सकेंगे। उन्हें दोबारा दोबारा बुलाया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सिसोदिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में व्यस्त थे और इस वजह से एसीबी के पास नहीं जा पाएंगे। उन्होंने बताया कि सिसोदिया के वकील ने जांच एजेंसी को अपना जवाब भेज दिया है। एसीबी ने 30 अप्रैल को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी जिसके बाद समन जारी किए गए थे। 'आप' के दोनों नेताओं के खिलाफ दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ पर कांग्रेस हाई कमान सख्त

#### सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम को बुलाया



**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडिमय के बाहर मची भगदड़ और 11 लोगों की मौत के मामले में कांग्रेस आला कमान सख्त नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो कांग्रेस हाई कमान ने सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को दिल्ली बुलाया है। मंगलवार को दोनों राहुल गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। डीके शिवकुमार पहले से ही दिल्ली में हैं। मंगलवार सुबह सीएम सिद्धारमैया दिल्ली के लिए रवाना हो सकते हैं। रविवार को मुख्यमंत्री ने भगदड़ और मौतों को लेकर दुख जताते हुए कहा था कि इस तरह की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा था कि इस आयोजन का सरकार से कोई संबंध नहीं था।

# दिल्ली पुलिस का बड़ा ऐक्शन

■ यहां से 66 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

■ अब भेजे जाएंगे वापस



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिले में विदेशी सेल की एक सनसनीखेज कार्रवाई ने अवैध रूप से रह रहे 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। यह ऑपरेशन वजीरपुर और एनएस मंडी इलाकों में चलाया गया, जहां 11 परिवारों को हिरासत में लिया गया। अवैध रूप से रहे विदेशियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस लगातार मुहिम चला रही है। उत्तर-पश्चिम जिले की विदेशी सेल ने एक विशेष अभियान के तहत अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कमर कस ली थी। इस अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर विपिन कुमार और एसीपी रंजीव कुमार ने किया, जिसमें एसआई सापन, एसआई श्याम बीर, एएसआई विनय, कांस्टेबल हवा सिंह, एचसी टीका राम, एचसी प्रवीण, एचसी कपिल, एचसी विकास, कांस्टेबल निशांत और कांस्टेबल दीपक की दो समर्पित टीमें शामिल थीं। यह ऑपरेशन 6 जून 2025 को पीएस भारत नगर और पीपी एनएस मंडी, पीएस महेंद्र प्राक के क्षेत्र में शुरू हुआ। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि वजीरपुर जेजे क्लस्टर और एनएस मंडी क्षेत्रों में 11 बांग्लादेशी परिवार अवैध रूप से रह रहे हैं।


**MAHAVITARAN**
Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**E-tendering Notice**

Tender in e-tendering format is invited vide Tender No: SE/GKUC/T-01/2025-26 for "Supply of tamper proof polycarbonate Roto Type for Ganeshkhind Circle" as mentioned below from the authorised contractors. Tender dates are extended as below;

Tender Fee : Rs.1000/- (Rs.1180/- with GST)

Tender Amount : Rs.5.00 Lacs

- Tender Sale : Up to 11/06/2025 upto 23.00 Hrs.
- Last Date & time (Hours) for submission of Bid : On or before 11/06/2025 up to 23.30 Hrs.
- Date and time of opening of Technical Bid : 12/06/2025 at 10.15 Hrs.

For details visit website

**http://works.mahadiscom.in/eTender/etender**

**(PRO. No.PZ-62/25)**

**Superintending Engineer, Ganeshkhind Urban Circle.**


## अंतिम भोज में नहीं पिलाई शराब

# ओडिशा में समाज ने किया पूरे परिवार का बहिष्कार



**मयूरभंज ।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक आदिवासी परिवार को कथित तौर पर उसके समाज और गांव वालों ने सिर्फ इसलिए बहिष्कृत कर दिया क्योंकि उन्होंने अपने 67 वर्षीय बुजुर्ग की मृत्यु पर आयोजित भोज में हांडिया (पारंपरिक चावल की शराब) नहीं परोसी थी। स्थानीय पुलिस के अनुसार यहां तमाम आदिवासी समाजों में मृत्यु भोज के दौरान हांडिया परोसने की प्रथा है। ऐसे में जब तीन बच्चों समेत पांच सदस्यीय परिवार ने ऐसा नहीं किया तो उन्हें समाज से बहिष्कृत कर दिया गया। मयूरभंज जिले के सारत पुलिस थाने के अधिकारियों के मुताबिक केसापाड़ा गांव में आदिवासी परिवार के मुखिया राम सोरेन की 27 मार्च की मृत्यु हो गई थी, इसके बाद उनके परिवार ने संथाल परंपरा के अनुसार बाकी अनुष्ठान निभाए थे, लेकिन हांडिया पिलाने में अपनी असमर्थता जताई थी। इसके बाद गांव वालों ने पूरे परिवार को बहिष्कृत कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक बेटे ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि इस घटना के बाद पूरे गांव का व्यवहार उनको और उनके परिवार को लेकर बदल गया है। अब गांव वाले परिवार को गांव के तालाबों या ट्यूबवेल से पानी नहीं लेने दे रहे हैं और न ही किराने की दुकानों से किराने का सामान खरीदने दे रहे हैं। व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने एक टीम को गांव में भेजा और गांव वालों को दो दिन की मोहलत दी गई। अधिकारियों के मुताबिक गांव में गई टीम ने गांव वालों से कहा कि वह जो भी मामला है उसे दो दिन के भीतर आपसी समझ से निपटा लें अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# अमेरिका से जबरन निकाले जा रहे भारतीय छात्र

■ अपराधियों जैसा हो रहा सलूक

■ हवाई अड्डे पर की जा रही दुर्गति

**नेवार्क।** एक भारतीय छात्र के साथ अमेरिका में क्रूर और अपमानजनक बर्ताव का वीडियो सामने आने के बाद भारतीयों में भारी रोष फैल गया है। नेवार्क एयरपोर्ट (न्यू जर्सी) पर निर्वासन से पहले अमेरिकी अधिकारियों ने छात्र को हथकड़ी लगाकर फर्श पर गिराया और उसकी गर्दन पर घुटना रखकर उसे जबरन रोके रखा। यह पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि छात्र ज़मीन पर पड़ा है, उसकी कलाई में हथकड़ी है और एक अमेरिकी पुलिस अधिकारी उसकी गर्दन दबा रहा है जैसे वह कोई खतरनाक अपराधी हो। छात्र चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन किसी अधिकारी ने दया नहीं दिखाई। भारतीय-अमेरिकी हेल्थटेक उद्यमी कुणाल जैन ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि यह एक "मानवीय त्रासदी" है। उन्होंने भारत सरकार और भारतीय दूतावास से हस्तक्षेप की अपील की। कुणाल ने बताया कि छात्र हरियाणवी बोल रहा था और वह डर के मारे रो रहा था, लेकिन उसके साथ व्यवहार बिल्कुल अपराधी जैसा किया गया। कुणाल जैन का दावा है कि हाल के हफ्तों में रोज़ाना 3-4 भारतीय छात्रों को अमेरिका से वापस भेजा जा रहा है।


**पनवेल महानगरपालिका**

**शहर अभियंता विभाग**

**ई-निविदा सुचना**

**निविदा सुचना क्र. पमपा/बांधकाम/२१२४/प्र.क्र. ०२/१९६६/२०२५** **दिनांक: ०९/०६/२०२५**

**आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामाकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Central Government / State Government/Government under taking) विभागात खालील कामासाठी नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदाराकडून बी-१ शतमान पध्दतीनुसार ई-निविदा मागवित आहेत.**

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम ₹ (Without GST) |
|---|---|---|---|
| १. | PMC/CE/१८/२०२५-२६ | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती - क मधील लायन्स गार्डन ते पी.डब्ल्यु डी. ऑफिस ते जुने कोर्ट ते बंदर नाका (प्लॉट नं.५०/३३ ते प्लॉट नं. ३४. ३६/१. ५२०) पर्यंत रस्त्याचे काँक्रीटीकरण करणे. | ₹ १८,२२,९६,०२२/- |

या कामाच्या ई निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या 'http://mahatenders.gov.in दि.११/०६/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी. या संकेतस्थळावर

**सही/-**
**(गणेश शेटे)**
**अतिरिक्त आयुक्त-I**
**पनवेल महानगरपालिका**

# दूसरों के हाथों में इन चीजों को न रखें

## किस्मत छोड़ देती है आपका साथ

**वास्तु शास्त्र का महत्व हमारे जीवन में काफी ज्यादा बताया गया है। जब आप वास्तु शास्त्र में बताये गए नियमों का पालन सही तरीके से करते हैं तो ऐसे में इसके जो परिणाम होते हैं वे बेहद ही शुभ और समृद्ध होते हैं। वहीं, जब इन नियमों को नजरअंदाज किया जाता है तो इसके परिणाम भी नकारात्मक हो सकते हैं। हमारे वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसी चीजों के बारे में भी बताया गया है जिन्हें हमें गलती से भी खुद अपने हाथों से दूसरों के हाथों में नहीं देना चाहिए। जब आप इन चीजों की किसी और के हाथों में देते हैं तो आपकी किस्मत तक आपका साथ छोड़ देती है। केवल यहीं नहीं, जब आप इन चीजों को दूसरों के हाथों में देते हैं तो आपका पूरा जीवन गरीबी और दरिद्रता के बीच बीतता है।**



### दूसरों के हाथों में कभी न दें पीले सरसों

वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको गलती से भी दूसरे के हाथ में पीले सरसों को नहीं देना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो इसका अर्थ होता है कि आप खुद अपने हाथों से मां लक्ष्मी को किसी और के हाथों में सौंप रहे हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो आपके जीवन में पैसों से जुड़ी समस्याओं का आना तय है।

### दूसरों के हाथों में नमक देने से बचें


मान्यताओं के अनुसार आपको गलती से भी अपने हाथों से किसी और के हाथ में नमक न ही देना चाहिए और ना ही किसी से नमक लेना चाहिए। नमक का इस्तेमाल निगेटिव से लेकर पॉजिटिव चीजों के लिए किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार जब आप किसी से नमक लेते हैं तो ऐसे में आप उनके कर्ज के नीचे हमेशा के लिए दब जाते हैं वहीं, जब आप किसी को नमक देते हैं तो आपको आगे चलकर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

### गलती से भी किसी के हाथों में न डालें पानी

प्यासे को पानी पिलाना एक पुण्य का काम होता है लेकिन, आपको कभी भी किसी के हाथों में पानी डालकर उसे नहीं पिलाना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो इसके नतीजे सिर्फ आपके लिए ही बुरे नहीं होते हैं बल्कि सामने वाले के जीवन में भी काफी बुरा असर पड़ता है। जब आप इस तरह से किसी को पानी पिलाते हैं तो आप दोनों ही कर्ज के बोझ के नीचे दब जाते हैं। हाथों की जगह आपको पानी पिलाने के लिए बर्तन का इस्तेमाल करना चाहिए।

### हाथों में न दें लाल मिर्च

वास्तु शास्त्र की अगर मानें तो आपको गलती से भी कभी किसी के हाथों में अपने हाथ से लाल मिर्च नहीं देनी चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं तो आप दोनों के ही रिश्ते खराब हो सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि सामने वाले के साथ आपके



रिश्ते अच्छे बने रहे तो आपको गलती से भी लाल मिर्च अपने हाथों से सामने वाले के हाथों पर नहीं देना चाहिए।

# हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व



**हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है, खासकर सुहागिन महिलाओं के लिए। यह व्रत पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता सावित्री ने इसी दिन यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाए थे। ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि को यह व्रत मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर वट वृक्ष की पूजा का विधान है, जिसमें कुछ विशेष सामग्रियों का होना बहुत ही आवश्यक है। आइए जानते हैं वट सावित्री पूर्णिमा की पूजा के लिए किन-किन चीजों की जरूरत पड़ेगी और कैसे करें पूजा।**

### वट सावित्री पूर्णिमा 2025 शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार,ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 10 जून को सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर होगी और इस तिथि का समापन 11 जून को दोपहर 1 बजकर 13 मिनट पर होगा। ऐसे में, उदया तिथि के अनुसार वट सावित्री पूर्णिमा का व्रत 10 जून 2025, मंगलवार को रखा जाएगा।

### वट सावित्री व्रत की पूजा इन चीजों के बिना है अधूरी

पूजा के लिए पीले या लाल रंग की नई साड़ी (शुभ मानी जाती है),बांस का पंखा,कलावा या कच्चा सूत (वट वृक्ष की परिक्रमा के लिए) ,रक्षासूत्र,पानी का कलश (तांबे का लोटा),मिट्टी का दीपक, घी, रुई और बाती, धूप, अगरबत्ती, रोली, कुमकुम, सिंदूर,अक्षत (चावल) हल्दी, चंदन, सुपारी, फूल (लाल या पीले रंग के),फूलमाला, बताशे, नारियल,भीगे हुए काले चने , विभिन्न प्रकार के फल (जैसे आम, लीची, केला आदि),मिठाई,सात प्रकार के अनाज,पान के पत्ते,वट सावित्री व्रत कथा की पुस्तक ,सावित्री और सत्यवान की फोटो या प्रतिमा, पूजा की थाली या टोकरी आदि।



### वट सावित्री व्रत का महत्व

वट सावित्री व्रत का महत्व इस बात में निहित है कि यह नारी के त्याग, पतिव्रता धर्म और अदम्य साहस का प्रतीक है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से न केवल पति को दीर्घायु प्राप्त होती है, बल्कि परिवार में सुख-समृद्धि और शांति भी बनी रहती है। वट वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है, इसलिए इसकी पूजा से त्रिदेवों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। सावित्री पूर्णिमा व्रत सतयुग की एक ऐसी कथा पर आधारित है, जिसमें सावित्री ने अपने तप, श्रद्धा और साहस से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस पाया था। यह व्रत महिलाओं को नारी शक्ति, समर्पण और प्रेम का प्रतीक बनाता है। इस दिन किया गया संकल्प और पूजा संतान, सौभाग्य और लंबी वैवाहिक उम्र का वरदान देती है।

### कैसे करें वट सावित्री व्रत की पूजा?

वट सावित्री पूर्णिमा के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। सोलह श्रृंगार करें। पूजा की सभी सामग्री को एक थाली या टोकरी में सजा लें। यदि घर के आसपास वट वृक्ष न हो, तो आप वट वृक्ष की एक शाखा लाकर भी उसकी पूजा कर सकती हैं। वट वृक्ष के नीचे जाकर स्थान को साफ करें और सभी सामग्री को व्यवस्थित करें। सबसे पहले सत्यवान और सावित्री की प्रतिमा या फोटो स्थापित करें। धूप, दीप जलाएं। रोली, सिंदूर, कुमकुम, अक्षत, चंदन, फूल और माला अर्पित करें।

*फल, मिठाई, भीगे हुए चने, नारियल और बताशे का भोग लगाएं। बांस के पंखे से सत्यवान-सावित्री को हवा करें। कच्चे सूत को हाथ में लेकर वट वृक्ष की 7, 11, 21 या 108 बार परिक्रमा करें। हर परिक्रमा पर एक चना वट वृक्ष में अर्पित करते जाएं और सूत को तने पर लपेटते जाएं। परिक्रमा पूरी होने के बाद वट सावित्री व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। पूजा के बाद अपनी सास और घर के बड़ों का आशीर्वाद लें। भीगे हुए चने और कुछ सुहाग सामग्री अपनी सास को भेंट करें। व्रत का पारण काले चने से करना चाहिए।*

# जींस के साथ ट्राई करें लॉन्ग कुर्ती डिजाइन

**फैशन की दुनिया का ट्रेंड हर रोज बदलता रहता है। महिलाओं के लिए तो यह किसी एडवेंचर से कम नहीं है। फिर चाहे बात मेकअप की हो, हेयर एक्सेसरीज या फिर नए आउटफिट की, महिलाएं खुद को स्टाइलिश बनाए रखने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। फैशन जगत में हर उम्र की महिलाओं के बीच कुर्तियों का ट्रेंड हमेशा से बना रहा है। हालांकि कोई भी कुर्ती तभी पहनी हुई अच्छी लगती है, जब उसे सही फिटिंग और डिजाइन के साथ कैरी किया गया हो। तो खुद को स्टाइलिश और मॉर्डन लुक देने के लिए आइए जानते हैं जींस के साथ किस तरह के लॉन्ग कुर्ती डिजाइन आजकल ट्रेंड में हैं।**





### कुर्ते की लंबाई सही रखें

घुटने तक या उससे हल्की नीचे लंबी कुर्ती जींस के साथ पहनी हुई काफी अच्छी लगती है। इस बात का ध्यान रखें कि हमेशा बहुत लंबी या बहुत छोटी कुर्ती पहनने से बचें।

### रंग का रखें ध्यान

लंबी कुर्ती को जींस के साथ पहनते समय आप कलर कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखें। इसके लिए आपको इस फैशन टिप का खास ध्यान रखना है कि हमेशा हल्के रंग की कुर्ती के साथ गहरे रंग की जींस और हल्के रंग की जींस के साथ गहरे रंग की कुर्ती पहनें। आप चाहे तो कुर्ती के रंग से मैच करता हुआ एक दुपट्टा भी कैरी कर सकती हैं।

### कुर्ती का डिजाइन ऐसा चुनें

साइड-स्लिट कुर्ती जींस के साथ पहनी हुई लड़कियों को मॉर्डन और स्टाइलिश लुक देती हैं। जबकि फ्लोरल या एम्ब्रॉयडरी वाली कुर्ती पार्टी या फंक्शन के लिए बेस्ट रहती हैं।

### फ्रंट कट कुर्ती

फ्रंट कट कुर्ती मॉर्डन लुक के साथ एक आकर्षक लुक भी देती है। जो आपके स्टाइल को कूल दिखाने में मदद करता है।

### चिकनकारी कुर्ती

आप जींस के साथ इस तरह चिकनकारी कुर्ती ट्राई कर सकती हैं। ये कुर्तियां हमेशा फैशन ट्रेंड में बनी रहती हैं। आप इन कुर्तियों को ऑफिस, कॉलेज या फिर ट्रैवल करते समय कैरी कर सकती हैं।

### स्ट्रेट लेयर जींस

स्ट्रेट लेयर जींस के साथ आप फ्लेयर्ड कुर्ती, ए-लाइन कुर्ती या स्ट्रेट कट कुर्ती भी ट्राई कर सकती हैं। फ्लेयर्ड कुर्ती पहनने से ना सिर्फ आपका लुक अच्छा लगेगा बल्कि जींस के साथ यह पहनने में बेहद आरामदायक भी होती है। बात अगर ए-लाइन कुर्ती की करें तो यह अपने आकर्षक लुक की वजह से फैशन प्रेमियों को काफी पसंद आती है।

# लाल मिर्च का अचार



**चटनी-अचार न सिर्फ खाने का स्लाद बढ़ाते हैं, बल्कि इनमें पड़े मसाले हेल्थ के लिए भी अच्छे होते हैं। कुछ डिशेज तो ऐसी होती हैं जिनमें अचार के बिना मजा ही नहीं आता। वहीं कई बार सब्जी न होने पर अचार का बड़ा सपोर्ट होता है। यहां तीन पॉप्युलर अचारों की रेसिपीज हैं जिन्हें देखकर आप खुद अचार एक्सपर्ट बन सकती हैं।**

### लाल मिर्च का अचार

**सामग्री:** ताजी लाल मिर्च: 100 ग्राम सरसों: 3 चम्मच सौंफ: 1 चम्मच हल्दी पाउडर: 1/4 चम्मच नमक: 1 चम्मच तेल: 5 चम्मच नीबू का रस: 1 चम्मच

**विधि:** लाल मिर्च को पानी से अच्छी तरह से धोकर साफ और सूखे कपड़े से पोंछकर अच्छी तरह से सुखा लें। मिर्च का ऊपरी सिरा काटकर हटा दें और बीज भी निकाल दें। मिर्च को लंबाई में काट लें। एक बड़े बर्तन में सरसों, सौंफ, नमक, हल्दी पाउडर, नीबू का रस और लगभग आधा तेल डालकर मिलाएं। अब इस मिश्रण में लाल मिर्च डालकर मिलाएं। अब एक मर्तबान लें और उसमें यह अचार डालें। बाकी बचा हुआ तेल भी ऊपर से डालें। अचार को तीन घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। तीन घंटे बाद परांठा आदि के साथ सर्व करें।

# दाल को रखें लंबे समय तक फ्रेश

## इन टिप्स का करें यूज..

**दाल हमारे खाने का अहम हिस्सा है और इसका सेवन लगभग रोजाना होता है। दाल से कई तरह की रेसिपी भी बनाई जाती है। ये पोषक तत्व से भरपूर होते हैं और इनका सेवन हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होता है। अक्सर लोग दाल में घुन और कीड़े लगने की शिकायत करते हैं। घुन और कीड़े लग जाने से ये जल्दी खराब हो जाते हैं और इनका स्वाद भी बिगड़ जाता है। बारिश के मौसम ये समस्या आम है। ऐसे में दाल को लंबे टाइम तक फ्रेश रखने के लिए आप इन टिप्स की मदद ले सकते हैं।**

### इस तरीका का करें यूज

बरसात में चीजों में नमी आ जाती है। नमी के कारण ही दाल खराब हो जाते हैं। इस परेशानी से बचने के लिए आप दाल को कुछ देर के लिए धूप में सूखा लें।

### इस कंटेनर में करें स्टोर

दाल को स्टोर करने के लिए आप साफ और ड्राई कंटेनर का इस्तेमाल करें। इस बात का ध्यान रखें कि जिस जार में आप दाल को स्टोर कर रहे हैं उसमें गीलापन नहीं हो। दाल को डालने के बाद एयर टाईट कंटेनर का ढक्कन को आप बंद कर दें।

### इस बात का रखें ध्यान

दाल को स्टोर करने के बाद किसी सूखे जगह में रखें। आप बरसात के दिनों में कम मात्रा में दाल खरीदें। आप एयर टाइट डिब्बे में या जिप लॉक बैग में स्टोर कर के फ्रिज में भी दाल को रख सकते हैं।

### इन चीजों का करें इस्तेमाल

अगर आप चाहते हैं कि दाल में कीड़े नहीं लगे तो आप नीम की पत्तियों या फिर तेज पत्ता को डालकर दाल को स्टोर करें। जिस डिब्बे में आप दाल को स्टोर कर रहे हैं तो आप इन पत्तियों को डालें।



# स्तनपान कराने के दौरान मीठी चीजें खाएं



**महिलाओं की ज़िन्दगी में कई तरह के उतार चढ़ाव आते हैं जो मासिक धर्म आने से शुरू होते हैं और मेनोपॉज तक चलते हैं। इसी के बीच एक समय वह भी आता है जब महिला गर्भवती होती है और एक बच्चे को जन्म देकर उसको स्तनपान कराती है। स्तनपान के दौरान किसी महिला को क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है। क्यूंकि स्तनपान कराने वाली महिला जो भी खाती है उसी के अनुसार बच्चे का विकास होता है, लेकिन क्या महिलाओं को बच्चे को स्तनपान कराने के दौरान मीठी चीजें खानी चाहिए। गुलकंद की बात करें तो क्या इसका सेवन करना चाहिए?**



गुलकंद एक प्राकृतिक पदार्थ है जिसे स्तनपान के दौरान खाया जा सकता है। इससे आपकी पाचन शक्ति मजबूत होती है और यह गुलकंद आपके शरीर को शीतलता प्रदान करता है। स्तनपान कराने वाली महिलाओं को कुछ भी खाने या पीने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

### स्तनपान के दौरान गुलकंद का सेवन कितना सुरक्षित है?

गुलकंद प्राकृतिक रूप से उपलब्ध एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जिसमे रेचक गुण पाए जाते हैं और यह आपके पाचन तंत्र को ठीक रखता है इसके नियमित सेवन से कब्ज आदि की समस्या नहीं होती है।स्तनपान कराने वाली महिलाओं को अन्य महिलाओं की तुलना में अधिक ऊर्जा की जरुरत होती है। ऐसे समय में आप गुलकंद का सेवन कर सकती हैं क्यूंकि इसमें प्राकृतिक शुगर पाया जाता है।

गुलकंद में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो तनाव कम करते हैं और आपके दिमाग को शांत रखते हैं इसलिए स्तनपान कराने वाली महिलाओं को गुलकंद का सेवन करना चाहिए। इससे वह शांत और प्रसन्न रहती हैं।

### गुलकंद की मात्रा का ध्यान रखें

स्तनपान कराने वाली महिलाओं को गुलकंद का सेवन करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इसकी मात्रा सिमित हो क्यूंकि इसमें प्राकृतिक रूप से काफी चीनी पाई जाती है, जिसका अधिक प्रयोग आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें।



# कार्लोस अल्काराज ने रचा इतिहास

## वर्ल्ड नंबर-1 को हराकर लगातार दूसरी बार जीता फ्रेंच ओपन का खिताब

**पेरिस।** स्टार टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने फ्रेंच ओपन 2025 के फाइनल में धमाकेदार जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। अल्काराज ने चौथे सेट में तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर फाइनल में जबरदस्त वापसी की। इस शानदार जीत के साथ ही स्पेनिश खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया है क्योंकि वह ओपन एरा में 3 चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम फाइनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अल्काराज ने पांच सेटों के मैराथन में वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर को जबरदस्त फाइनल में हराया, जो अब तक के सबसे बेहतरीन फ्रेंच ओपन फाइनल में से एक के रूप में जाना जाएगा। स्पेन के इस खिलाड़ी ने शुरुआती 2 सेट गंवाने के बाद विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी को 4-6, 6-7 (4-7), 6-4, 7-6 (7-3), 7-6 (10-2) से हराया. दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला करीब 5 घंटे और 30 मिनट तक चला। जो अब तक का सबसे लंबा फ्रेंच ओपन फाइनल है, जिसने पिछले सबसे लंबे 4 घंटे और 42 मिनट के फाइनल को पीछे छोड़ दिया है। इस जीत ने अल्काराज को अपना दूसरा रोलैंड गैरोस खिताब और कुल मिलाकर 5वां मेजर खिताब दिलाया, जिससे स्लैम फाइनल में उनका 5-0 का रिकॉर्ड बना रहा। वह गुस्तावो कुर्टेन और राफेल नडाल के बाद इस सदी के सिर्फ तीसरे व्यक्ति बन गए हैं जिन्होंने अपना फ्रेंच ओपन का खिताब सफलतापूर्वक बरकरार रखा है। चौथे सेट में 3-5 से पिछड़ने और कुल मिलाकर 1-2 से पिछड़ने के बाद, कार्लोस 0-40 पर अपने खिताब का बचाव करने के लिए सबसे कमजोर स्थिति में थे।

# BCCI ने होम शेड्यूल में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को इस साल अपने होम सीजन के दौरान वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑल फॉर्मेट सीरीज खेलनी है। दोनों देशों के साथ अक्टूबर से शुरू होने वाली सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने शेड्यूल में कुछ बड़े बदलाव किए हैं। कैरेबियाई टीम सबसे पहले 2 टेस्ट मैचों के लिए भारत का दौरा करेगी, जिसकी शुरुआत 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगी। हालांकि,10 से 14 अक्टूबर तक खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट का बीसीसीआई ने वेन्यू बदल दिया है। वेस्टइंडीज के साथ खेले जाने वाला दूसरा टेस्ट कोलकाता के ईडन गार्डन से नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 से 18 नवंबर के बीच खेले जाने वाला दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट नई दिल्ली से कोलकाता स्थानांतरित कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे और 5 मैचों की टी-20 सीरीज के आयोजन स्थलों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बीसीसीआई द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज में वेन्यू में बदलाव का कारण स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है। हालांकि, इसकी सबसे अधिक संभावना है कि इसका कारण सर्दियों के मौसम में दिल्ली में कोहरा हो सकता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से दिल्ली में खेला जाना था, जब सर्दियां चरम पर होती हैं। इसके अलावा, बीसीसीआई ने भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच खेले जाने वाले 3 वनडे मैचों के आयोजन स्थल भी बदल दिए हैं। ये मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिए गए हैं।



### BCCI द्वारा जारी किया गया टीम इंडिया का अपडेटेड शेड्यूल

**भारत बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज**

| | | |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद |
| दूसरा टेस्ट | 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर | अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली |

**भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज**

| | | |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 14 नवंबर से 18 नवंबर | ईडन गार्डन, कोलकाता |
| दूसरा टेस्ट | 22 नवंबर से 26 नवंबर | बरसापारा स्टेडियम, गुवाहाटी |

**भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20I सीरीज**

| | | |
|---|---|---|
| पहला टी-20 मैच | 9 दिसंबर | कटक |
| दूसरा टी-20 मैच | 11 दिसंबर | मुल्लांपुर |
| तीसरा टी-20 मैच | 14 दिसंबर | धर्मशाला |
| चौथा टी-20 मैच | 17 दिसंबर | लखनऊ |
| पांचवां टी-20 मैच | 19 दिसंबर | अहमदाबाद |

### महिलाओं के मैचों में भी बदलाव



ऑस्ट्रेलिया वुमेन टीम भारत दौरे पर आएगी। 14 सितंबर 2025 को पहला वनडे मैच न्यू चंडीगढ़ में दोपहर 1:30 बजे खेला जाएगा। दूसरा वनडे 17 सितंबर 2025 को न्यू चंडीगढ़ में दोपहर 1:30 बजे होगा। तीसरा वनडे 20 सितंबर 2025 को नई दिल्ली में दोपहर 1:30 बजे खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम भी भारत दौरे पर आएगी। पहला मल्टी-डे मैच 16 सितंबर से 19 सितंबर 2025 तक लखनऊ में सुबह 9:30 बजे खेला जाएगा। दूसरा मल्टी-डे मैच 23 सितंबर से 26 सितंबर 2025 तक लखनऊ में सुबह 9:30 बजे होगा। पहला वनडे 30 सितंबर 2025 को कानपुर में दोपहर 1:30 बजे खेला जाएगा। दूसरा वनडे 3 अक्टूबर 2025 को कानपुर में दोपहर 1:30 बजे होगा। तीसरा वनडे 5 अक्टूबर 2025 को कानपुर में दोपहर 1:30 बजे खेला जाएगा।

**भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज**

| | | |
|---|---|---|
| पहला वनडे | 30 नवंबर | रांची |
| दूसरा वनडे | 3 दिसंबर | रायपुर |
| तीसरा वनडे | 6 दिसंबर | विजाग |

# बुमराह ने सर्जरी से पहले बढ़ाया था कैमरून ग्रीन का हौसला

**लंदन।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि 9 से 12 महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन उन्होंने अक्टूबर में सर्जरी करवाने का फैसला किया। ग्रीन ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह ने सर्जरी करवाने से एक रात पहले मुझसे संपर्क किया था। वह उस समय भारतीय टीम के लिए एक टेस्ट मैच खेल रहे थे। ऐसी कुछ चीजें वाकई बहुत खास होती हैं और आपको इससे बहुत अच्छा महसूस होता है। उनके जैसे किसी व्यक्ति का साथ मिलना और फिर उन्हें ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करते देख कर मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है।'

ग्रीन 2023 आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उस समय बुमराह सर्जरी से उबरने के लिए टीम से बाहर थे। वह इस सर्जरी के कारण 2022 टी20 विश्व कप खेलने से भी चूक गए थे। उन्होंने हालांकि सर्जरी के बाद शानदार वापसी की और भारत को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बाद पिछले साल टी20 विश्व कप चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। बुमराह इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच मैचों में 32 विकेट लेकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। 26 साल के ग्रीन को जेसन बेहरेनडॉर्फ इसी तरह की सर्जरी से गुजरने वाले अन्य गेंदबाजों से भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।



ग्रीन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के 'अनप्लेएबल पॉडकास्ट' को बताया, '(ऑपरेशन का) मुख्य कारण हड्डी के कुछ अतिरिक्त भाग को अलग करना था। जाहिर है कि मेरे 'एल4' में थोड़ी परेशानी थी और रीढ़ के उस हिस्से पर अतिरिक्त हड्डी विकसित हो गई थी।' उन्होंने कहा, 'मझे इस हड्डी के कारण झुकने में भी परेशानी हो रही थी। इस अतिरिक्त हड्डी का दूसरी हड्डियों पर दबाव पड़ा जिससे वहां भी समस्या हो गई। यह पीठ की चोट के मामले में बेहद दुर्लभ है।'

ग्रीन के इस सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले WTC फाइनल में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है। वह ग्लूस्टरशायर के लिए पांच काउंटी क्रिकेट मैचों में तीन शतकों के दम पर टेस्ट टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पीठ की चोट का एक सकारात्मक पहलू यह है कि मुझे बल्लेबाज बनने के लिए केवल चार मौके मिले हैं।'

## रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में

# 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने एक और उपलब्धि अपने नाम की



**ट्रिनेच।** भारत की 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं। भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गयी थी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया। अतीका ने कहा, 'मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था।



# T-20I में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने बटलर

**ब्रिस्टल।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर ने आयरलैंड के अनुभवी पॉल स्टर्लिंग को पीछे छोड़ते हुए टी-20I क्रिकेट इतिहास में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

बटलर ने रविवार को ब्रिस्टल में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने दूसरे टी-20I मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच के दौरान बटलर ने 36 गेंदों में 47 रन बनाए जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। उनके रन 130.56 के स्ट्राइक रेट से आए। अब बटलर ने 136 मैचों में 125 पारियों में 146.76 की औसत से 3,678 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और 27 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101* है। वह इस प्रारूप में अपने देश के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने स्टर्लिंग को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 150 मैचों और 147 पारियों में 26.88 की औसत, 134.70 की स्ट्राइक रेट, एक शतक और 24 अर्द्धशतक के साथ 3,656 रन बनाए हैं।

**टी-20I इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी**

| | | |
|---|---|---|
| 4231 | रोहित शर्मा | (151 इनिंग्स) |
| 4223 | बाबर आजम | (121 इनिंग्स) |
| 4188 | विराट | (117 इनिंग्स) |
| 3678 | जोस बटलर | (125 इनिंग्स) |
| 3656 | पॉल स्टर्लिंग | (147 इनिंग्स) |

टी-20I में शीर्ष रन बनाने वाले भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 159 मैचों और 151 पारियों में 32.05 की औसत, 140.89 की स्ट्राइक रेट से 5 शतक और 32 अर्धशतक के साथ 4,231 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* है। इस साल 7 टी-20I में बटलर ने 7 पारियों में 41.28 की औसत से 289 रन बनाए हैं, जिसमें 143 से अधिक की स्ट्राइक रेट है। उन्होंने दो अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 96 रन वेस्टइंडीज के खिलाफ आया है।

# हैरी ब्रुक ने 11 दिनों के अंदर जीती दूसरी श्रृंखला



**ब्रिस्टल।** इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को 9 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी सूपड़ा साफ किया था जिससे नए कप्तान हैरी ब्रुक को 11 दिनों के अंदर दूसरी श्रृंखला में जीत दर्ज की। जोस बटलर के बाद टीम की कमान संभालने वाले ब्रूक की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 6 विकेट पर 196 रन बनाए। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर मैच और श्रृंखला जीत ली। इंग्लैंड ने 9 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की लेकिन उसके लिए वेस्टइंडीज के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। जरूरी रनरेट एक समय 11 रन प्रति ओवर से अधिक हो गया था। टीम हालांकि शीर्ष क्रम में छह में से पांच बल्लेबाजों के शानदार प्रयास से जीत दर्ज करने में सफल रही। जैकब बेथेल (10 गेंद में 26 रन) और टॉम बैंटन (11 गेंद में नाबाद 30) ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंदों पर 56 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में 96 रन बनाने वाले बटलर ने 36 गेंदों पर 47 रन बनाकर एक बार फिर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। वेस्टइंडीज ने इससे पहले आखिरी दो ओवर में 47 रन बटोर कर प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इस दौरान टीम ने 19वें ओवर में आदिल राशिद के खिलाफ पांच छक्के की मदद से 31 रन बटोरे।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत को लगा झटका

# ऋषभ पंत ट्रेनिंग के दौरान चोटिल हुए

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम ने अभ्यास शुरू कर दिया है। भारतीय टीम ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और अन्य सपोर्ट स्टाफ की निगरानी में ट्रेनिंग की। लेकिन इसी ट्रेनिंग के दौरान भारत को बड़ा झटका भी लगता हुआ नजर आया जब विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एक चोटिल हो गए। अभ्यास सत्र के दौरान पंत उस समय घायल हो गए जब एक गेंद बल्लेबाजी के दौरान उनके बाईं बांह में लग गई। गेंद लगने के बाद पंत दर्द में दिखाई दिए जिसके बाद टीम के डॉक्टर को बुलाना पड़ा और उन्होंने प्राथमिक उपचार करते हुए पंत के आइस पैक लगाया। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर कर दिया गया



जहां उन्होंने आराम करते समय बिताया था। हालांकि, भारतीय टीम भाग्यशाली थी क्योंकि चोट बहुत गंभीर नहीं थी और बल्लेबाज ने सभी को आश्वस्त किया कि वह ठीक हैं। पांच मैचों की श्रृंखला 20 जून को लीड्स में शुरू होगी। दूसरे टेस्ट बर्मिंघम में होगा जिसके बाद लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमशः श्रृंखला के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज और नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम 5 शतक और 7 अर्द्धशतक हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले ICC खिताब पर



**लंदन।** वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी।

## तीसरा एमसीए टी-20 मुंबई लीग

# सोबो मुंबई फाल्कंस का सेमीफाइनल में नमो बांद्रा ब्लास्टर्स से मुकाबला

**मुंबई।** सोबो मुंबई फाल्कन्स मंगलवार (10 जून) को तीसरे एमसीए टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में नमो बांद्रा ब्लास्टर्स का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सोबो मुंबई फाल्कन्स ने रविवार रात वानखेड़े स्टेडियम में अपने आखिरी लीग मैच में आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबर्ब्स पर आसान जीत के साथ नॉकआउट चरणों के लिए तैयारी की। ईशान मुलचंदानी के सीजन के दूसरे अर्धशतक और श्रेयस अय्यर के कप्तान अंगकृष्ण रघुवंशी के साथ उनकी महत्वपूर्ण साझेदारी ने सोबो मुंबई फाल्कन्स को अपने विरोधियों को पांच विकेट से हराने में मदद की। यह पांच लीग मैचों में फाल्कन्स की चौथी जीत है। उनके बाद ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स चार लीग मैच जीतने वाली दूसरी टीम थी। इसका मतलब है कि फाल्कंस का सामना मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल में नमो बांद्रा ब्लास्टर्स से होगा। श्रेयस और रघुवंशी की अगुआई और टीम प्रिंसिपल विक्रांत येलिगती के मार्गदर्शन में, फाल्कंस के खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले सभी पहलुओं की समीक्षा की है। रविवार रात वानखेड़े स्टेडियम में रघुवंशी के साथ 99 रन की साझेदारी के दौरान इशान मूलचंदानी (52) ने शानदार प्रदर्शन किया। वह 5 मैचों में 147 रन बनाकर फाल्कंस के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इसी तरह, अनुभवी तेज गेंदबाज सिद्धार्थ राउत ने नई गेंद से सटीक प्रहार करके सफल तेज गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

# महिला अंपायर पर बीच मैदान पर हुए आग-बबूला

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन मैदान पर अपने गुस्से के लिए जाने जाते हैं। वो अक्सर खिलाड़ियों और अंपायरों के साथ तीखी बहस करते हुए नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार फिर से हुआ है जहां अश्विन ने अंपायर पर अपना गुस्सा निकला है। इस बार अंपायर एक महिला है। रविचंद्रन अश्विन बीच मैदान पर महिला अंपायर पर आग-बबूला होते हुए नजर आए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर अब तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अश्विन अंपायर पर अपना गुस्सा निकालते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। ये वीडियो तमिलनाडु प्रीमियर लीग 2025 के दौरान का है। जहां डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिज़हंस के बीच मैच खेला जा रहा था। इस दौरान जब डिंडीगुल ड्रैगन्स के कप्तान रविचंद्रन अश्विन क्रीज पर



बल्लेबाजी कर रहे थे। तब आईड्रीम तिरुप्पुर तमिज़हंस के कप्तान आर साई किशोर की उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे। उनकी एक गेंद अश्विन के पैड पर जा टकराई और उन्होंने आउट की अपील की और अंपायर ने अश्विन को आउट दे दिया। इसके बाद अश्विन अंपायर पर बुरी तरह से भड़क उठे क्योंकि अश्विन को लग रहा था कि गेंद लेग स्टंप से बाहर पिच हुई है और वो आउट नहीं है। जिसके लिए वो महिला अंपायर पर भड़क उठे। दरअसल अश्विन बल्लेबाजी की दौरान अपनी टीम को मिलने वाले दोनों डीआरएस वाइट बॉल कॉल पर गंवा चुके थे।

**अश्विन की टीम को 9 विकेट से मिली हार**

ऐसे में अश्विन के पास कोई भी डीआरएस नहीं बचा था जिसके चलते उन्हें आउट होकर मैदान के बार जान पड़ गया. अश्विन ने मैदान से बाहर जाते समय में अपना बल्ला गुस्से से पैड पर दे मारा। अश्विन अपनी टीम के लिए 18 रन बनाए। डिंडीगुल ड्रैगन्स ने मैच में सिर्फ 93 रन बनाए। आईड्रीम तिरुप्पुर तमिज़हंस ने 9 विकेट से मुकाबला सिर्फ 11.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत लिया।



# दिलजीत ने शेयर की 'सरदार जी 3' के सेट से BTS तस्वीरें

पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म को लेकर कई अपडेट्स भी सामने आ रही हैं। ऐसे में दिलजीत ने शनिवार की शाम को 'सरदार जी 3' के सेट से कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिलजीत के साथ पंजाबी एक्ट्रेस नीरू बाजवा नजर आईं। लेकिन चर्चाएं तब ज्यादा शुरू हुईं जब इन तस्वीरों में लोगों ने पाकिस्तानी एक्ट्रेस को देखा।दिलजीत दोसांझ की इन तस्वीरों में कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर नजर आ रही हैं। दरअसल, दिलजीत ने हानिया को सीधे अपने बीटीएस झलकियों में शामिल नहीं किया। यह उन शुरुआती रिपोर्टों के बीच आया है, जिनमें कहा गया था कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हानिया को फिल्म से हटाया जा सकता है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक को मौत के घाट उतारा गया था। इसके बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों में और तनाव पैदा हो गया था।दिलजीत की शेयर की गई तस्वीरों में से पहली फोटो में फैंस ने हानिया को नोटिस किया। हानिया , नीरू बाजवा के पीछे खड़ी हैं। फोटो में उनके केवल छोटे बाल और आंखें दिखाई दे रही हैं।



# ऐश्वर्या ने जिस हॉलीवुड फिल्म को करने से किया इंकार

## रिलीज के बाद हुई ब्लॉकबस्टर, कमाए 4000 करोड़

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय आज भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। ऐश्वर्या ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। ऐश्वर्या ने कई अवॉर्ड भी अपने नाम किए। लेकिन क्या आप जानते हैं ऐश ने एक ऐसी हॉलीवुड फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 4000 करोड़ रुपये कमाए थे। ऐश्वर्या राय ने जिस हॉलीवुड फिल्म के ऑफर को ठुकराया था वो कोई और नहीं 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' है। ऐश्वर्या ने इस मूवी को क्यों रिजेक्ट किया इसके पीछे भी एक बड़ी वजह है।दरअसल, 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के अलावा ऐश्वर्या ने ट्रॉय मूवी को भी करने से मना कर दिया था। क्योंकि उनके पास डेट्स नहीं थे।'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' को लेकर एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने कहा था कि फिल्म के मेकर्स छह से नौ महीने तक की डेट चाहते थे, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती थी। मेरे पास इंडिया में भी कुछ कमिटमेंट्स थे, जिन्हें बीच में छोड़ कर जाना ठीक नहीं लगा था।डायरेक्टर डग लिमन की 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' में ब्रैड पिट, जॉन स्मिथ के लीड रोल में थे। मूवी में ब्रैड पिट की पत्नी जेन स्मिथ का रोल ऐश्वर्या को मिला था, जिसे उन्होंने करने से मना कर दिया था।मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, ऐश्वर्या राय ने फिल्म के कुछ सीन्स को करने में कंफर्टेबल नहीं थी। इसी वजह से फिल्म करने से इनकार किया। रोल एंजेलिना जोली की झोली में गिरा था। फिल्म ने 4112 करोड़ रुपये की कमाई की थी।हालांकि, ऐश्वर्या राय बच्चन भले ही ये फिल्म न कर सकी हों, लेकिन उन्होंने हॉलीवुड में काफी काम किया है। आईएमडीबी पर 10 में से 6 .5 रेटिंग मिली है।



# 23 साल के उम्र के फासले पर बोले आमिर

## अब VFX से 18 साल का भी दिख सकते हैं

बॉलीवुड आमिर खान इन दिनों अपनी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर बिजी चल रहे हैं। एक्टर कई अलग प्लेटफॉर्म्स पर इंटरव्यू देते हुए नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक्टर एक बास्केटबॉल कोच की भूमिका में नजर आएंगे जो सजा के तौर पर डिसेब्लड लोगों को एक मैच के लिए तैयार करते हैं। फिल्म में जेनेलिया डिसूज़ा के साथ उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आने वाली है। लेकिन क्या आप जानते हैं आमिर खान 60 साल की उम्र पार कर चुके हैं और जेनेलिया की उम्र अभी सिर्फ 37 है। दोनों के बीच 23 साल का फर्क है। इस बारे में एक्टर ने हाल में दिए एक इंटरव्यू में बात की।



इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में जब आमिर से उनकी फिल्म की हीरोइन जेनेलिया के साथ उम्र के अंदर के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, "हां, ये ख्याल जरूर आया था। लेकिन वो काफी पहले की बात है। अब तो इमरान भी काफी मेरी उम्र का हो गया है (हंसते हुए)। फिल्म में हम दोनों के किरदार चालीस की उम्र के आस-पास के हैं और जेनेलिया भी उसी उम्र में हैं।" एक्टर ने आगे कहा, "मैं 60 साल का हूं, लेकिन आज के दौर में हमारे पास VFX का फायदा है।


पहले अगर किसी को कम उम्र का दिखना होता था तो प्रोस्थेटिक्स का सहारा लेना पड़ता था। जैसे अनिल कपूर ने ईश्वर (1989) में 80 साल के बुजुर्ग का किरदार निभाया था। आज VFX से किसी को 18 या 80 साल का दिखाना मुमकिन है। इसलिए अब उम्र कोई बाधा नहीं रही।"

सितारे ज़मीन पर आमिर की साल 2007 की सुपरहिट फिल्म तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल बताई गई है। इस खेल-कॉमेडी ड्रामा को आरएस प्रसन्ना ने डायरेक्ट किया है।

इस फिल्म से 10 एक्टर्स अपना डेब्यू कर रहे हैं। उनके नाम हैं आरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। ये फिल्म 20 जून को रिलीज हो रही है।

# पचड़े में यामी गौतम और इमरान हाशमी की फिल्म 'हक'

उत्तरप्रदेश में जब मुंबई से निर्माता कंपनी पूरी टीम लेकर शूटिंग के लिए पहुँचती है तो वहाँ के लोकल कलाकारों, वेंडर्स और ट्रांसपोर्टर्स को कुछ कमाई की उम्मीद होती है। मगर सोचिए यदि ऐसा हो कि शूटिंग टीम लगभग सवा महीने शूटिंग करके देनदारो को उनका हक न दे और वे कर्ज मे आ जाएं ऐसा ही पिछले दिनों यूपी में हुआ। हैरत की बात है कि फिल्म का नाम भी हक है। जब वेंडर्स को पैसे नहीं मिले तो मजदूरों को भी पैसे नहीं मिले जिसके कारण वे ईद का त्योहार नहीं मना सके। जंगली पिक्चर्स का काम देख रही कंपनी इंसोमेनिया मीडिया एंड कांटेन्ट सर्विसेज लिमिटेड और मोशन पिक्चर्स कलाकारों का 'हक' मार ले गई और अब सीधे मुंह बात नहीं कर रही है। ढाई करोड़ से ज्यादा की देनदारियां हैं। लगभग सवा महीने तक चलने वाली फिल्म 'हक' की शूटिंग मे कलाकार से लेकर ट्रांसपोर्टर तक सब परेशान हैं। 7 मार्च से 19 अप्रैल तक इसकी शूटिंग हुई थी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म शाहबानो केस से प्रेरित है। शाहबानो मामले में फैसले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था, उसके 4 दशको बाद यह कहानी बड़े पर्दे पर दिखाई जाएगी। शाह बानो मामले से प्रेरित इस शक्तिशाली फीचर फिल्म का निर्देशन सुपर्ण वर्मा कर रहे है. फिल्म में यामी गौतम और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में होंगे। इस फिल्म मे लखनऊ के कई कलाकारों ने अभिनय किया है लेकिन उनका पारिश्रमिक उन्हें नहीं मिला है।





फरदीन खान फिल्मी फैमिली से हैं फिर भी स्ट्रगल करने वाले एक्टर्स की लिस्ट में उनका नाम शामिल है। उन्होंने हीरामंडी से कमबैक किया तो ट्रांसफॉर्मेशन खूब चर्चा में रहा। अब उनकी फिल्म हाउसफुल 5 थिएटर्स में है। फरदीन खान ने एक पॉडकास्ट में बताया कि लोगों को लगता होगा कि वह फिरोज खान के बेटे हैं पर उनके शुरुआती साल काफी मुश्किल थे। यहां तक कि उनके पिता ने भी बोल दिया था कि ज्यादा दिन खर्च नहीं उठा पाएंगे।फरदीन खान साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में थे। उन्होंने अपने लॉन्च के वक्त की कठिनाइयों पर बात की।

# फिरोज खान ने फरदीन को दी थी चेतावनी

फरदीन बोले, 'बड़ी मुश्किल थी। बहुत तीखी आलोचना होती थी। कुछ प्रोजेक्टस में जो लोग मेरे साथ काम करने वाले थे उन्होंने अपना मन बदल दिया और प्रोजेक्ट्स से पीछे हट गए। पैसे लौटा दिए गए थे, यह बैठकर सोचने का बहुत अच्छा समय था।' फरदीन को उनके दिवंगत पिता फिरोज खान ने प्रेम अगन में लॉन्च किया था। मूवी को नेगेटिव रिव्यूज मिले थे और फ्लॉप हो गई थी।प्रेम अगन पिटने के बाद फरदीन के पिता ने बोल दिया था कि वह एक साल से ज्यादा उनको पैसे देकर सपोर्ट नहीं कर पाएंगे। फरदीन ने बताया कि फिल्म फ्लॉप होने के बाद फिरोज खान बोले, 'हमने कोशिश की, हम असफल रहे। मैं तुम्हें छत दे रहा हूं, मैं तुम्हें हर महीने इतना खर्च दूंगा। इसके बाद अपनी व्यवस्था खुद देखना।'फरदीन इसको पॉजिटव तरीके से लेते हैं। बोले, 'यह बहुत अच्छा कदम था। उन्होंने कहा, 'मैंने तुमको दुनिया की बेस्ट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करवाई है। उम्मीद करता हूं कि जिंदगी जीने के लिए तैयार हो। जीवन ऐसा ही होता है।' फरदीन ने बताया कि फिरोज खान ने अपना उदाहरण देकर बताया कि उनके पिता 13 साल की उम्र में गुजर गए थे। उन्होंने अपने परिवार को संभाला। अब फरदीन की बारी थी परीक्षा पास करने की। फरदीन बोले, 'उनका का प्यार कठोर था। इससे पता चलता है कि वह कैसे इंसान थे।'



# कपिल शर्मा शो के तीसरे सीजन में सिद्धू की वापसी

## अर्चना पूरन सिंह हैरान

कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' का तीसरा सीजन इस बार दर्शकों के लिए शानदार होने वाला है। हालांकि, शो की शुरुआत होने से पहले एक बहुत बड़ा ट्विस्ट आ गया है। अब इसमें कई सालों बाद पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू वापसी कर रहे हैं, जो अर्चना पूरन सिंह के साथ हंसी के ठहाके लगाएंगे। आइए जानते हैं पूरी खबर।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' शो का तीसरा सीजन इस बार एक नए अंदाज में वापस आ रहा है। अब इस शो में नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी हो रही है, जिसकी जानकारी नेटफ्लिक्स ने एक प्रोमो शेयर करके दी है। प्रोमो में सिद्धू की एंट्री से अर्चना पूरन सिंह हैरान दिख रही हैं। हालांकि, एंट्री के बाद सिद्धू ने कहा कि जिस तरह आगे के गोलों को कोई खा नहीं सकता, पर्वत हिमालय को हिला नहीं सकता। उसी तरह सिद्धू की आवाज को कायनात तक कोई नहीं दबा सकता। अपने पाठकों को बताते चलें कि सिद्धू ने साल 2019 में कपिल शर्मा के कॉमेडी शो को राजनीतिक वजहों से छोड़ दिया था। अब करीब 6 साल बाद उन्होंने फिर से वापसी की है। इसे लेकर उन्होंने कहा, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आकर ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से घर आ गया हूं।



# रेणुका शहाणे ने बताया आशुतोष ने क्यों की उनसे शादी



रेणुका शहाणे पहली शादी टूटने के काफी समय बाद आशुतोष राणा के साथ रिलेशनशिप में आई थीं। रेणुका ने बताया कि आशुतोष ने उनसे शादी अपने स्पिरिचुअल गुरु की वजह से की थी। जब यह बात रेणुका की मां को पता चली तो वह भी हैरान थीं। उन्होंने बताया कि आशुतोष राणा ने उनसे शादी की बात कब की थी। रेणुका बताती हैं, 'मुझे और राणाजी को एक-दूसरे से बहुत प्यार था लेकिन हम अपनी अलग जिंदगी में भी खुश थे। शादी काफी डरावना कदम होता है। हम दोनों पब्लिक फिगर थे तो करियर के पीक पर शादी करना मुश्किल होता है। इंसान को लगता है कि कुछ गलत न हो जाए, सिर्फ रिश्ते में ही नहीं बल्कि अगर आप शादीशुदा हैं तो नहीं चाहते कि कुछ गलत हो जाए।' रेणुका ने बताया कि आशुतोष ने उनसे शादी अपने गुरु की वजह से की थी। उन्हें नहीं पता था कि वे दोनों रिलेशनशिप में हैं। उन्हें लगा कि रेणुका आशुतोष के लिए सही लड़की हैं। रेणुका बताती हैं. 'राणाजी ने मुझसे शादी सिर्फ इस वजह से की थी कि उनके स्पिरिचुअल गुरुजी ने उनसे कहा था। हम डेटिंग कर रहे थे और उनके गुरुजी बोले कि मैंने तुम्हारे लिए बहू चुनी है। वह डर गए कि कौन है? उन्हें नहीं पता था कि गुरुजी मेरे बारे में बात कर रहे हैं। गुरुजी बोले कि वह अच्छी लड़की है, तुम्हें उसका हाथ मांग लेना चाहिए। रेणुका बोलीं, 'राणाजी को कुछ समझ नहीं आ रहा था लेकिन उन्होंने यह बात मेरी मां को बताई तो वह चौंक गई थीं। वह बोलीं, 'गुरुजी ने बताया इसलिए आप कह रहे हो या सच में करनी है।"

# दीपशिखा ने याद किया शाहरुख खान संग 'कोयला' की शूटिंग के दिन

टीवी से लेकर बॉलीवुड फिल्मों में अपनी पहचान बना चुकी एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल हमेशा ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। दीपशिखा ने अपने करियर में शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक के साथ फिल्मों में काम किया है। इन दिनों दीपशिखा अपने हालिया इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हैं। इंटरव्यू में दीपशिखा ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। ऐसे में दीपशिखा ने शाहरुख 'कोयला' की शूटिंग के दिनों को याद किया और बताया कि उनका बर्ताव कैसा था।



दीपशिखा नागपाल ने शाहरुख खान संग साल 1997 में आई फिल्म 'कोयला' में काम किया है। वे भले ही फिल्म में लीड एक्ट्रेस नहीं थी, लेकिन उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया था। ऐसे में अब दीपशिखा ने बॉलीवुड बबल को अपना इंटरव्यू दिया है। इस दौरान दीपशिखा से पूछा गया कि क्या उन्होंने 90 के दशक की तुलना में अब सितारों के व्यवहार में कोई बदलाव देखा है। उन्होंने कहा, 'अभिनय अब से पहले एक पेशा नहीं था; यह एक सम्मानित काम नहीं था। अब, हर कोई अभिनेता बनना चाहता है; वे वैनिटी वैन और स्टाफ चाहते हैं।'इस दीपशिखा ने शाहरुख का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने शाहरुख खान को कोयला में काम करते देखा है। उस समय कोई वैनिटी वैन नहीं थी। वह कोयला खदान की मशीनरी और चमकती रोशनी के बीच बस वहीं सोता था। ध्यान काम पर था। हमें इस सीन को इस तारीख तक खत्म करना था। 'दीपशिखा ने एक समय को भी याद किया जब सलमान खान के पास बड़ा दल था। उन्होंने कहा, 'आज सलमान या शाहरुख अपने रुतबे के चलते किसी भी चीज की मांग कर सकते हैं।

# रणबीर-आलिया का आलिशान घर बनकर तैयार

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। दोनों पिछले काफी समय से अपने नए घर में जाने के लिए बेताब थे। ऐसे में अब उनका नया सपनों का आशियाना बनकर तैयार हो गया है। रणबीर और आलिया को इस घर के तैयार होने का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार था। ऐसे में अब उनका नया घर बनकर तैयार है। रणबीर-आलिया के इस आलीशान घर की पहली झलक भी सामने आ चुकी है। उनके नए घर का वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।



रणबीर कपूर के बंगले का नाम कृष्णा राज बंगला है, जो उनकी दिवंगत दादी कृष्णा राज कपूर के नाम पर रखा गया है। इस 4 मंजिला घर की खूबसूरती बस देखते ही बन रही है। इस आलीशान घर का वीडियो पैपराजी विरल भयानी ने शेयर किया है। सामने आए वीडियो क्लिप में बंगले के पूरी तरह से तैयार हिस्से को दिखाया गया है, जिसकी हर बालकनी पर गमलों में हरियाली है नजर आ रही है। वहीं, ये घर भव्यता और गर्मजोशी दोनों बिखेरती है। साथ ही घर के टॉप फ्लोर पर गार्डन जैसा एरिया नजर आ रहा है, जिस पर ढेर सारे पौधे नजर आ रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कपल ने घर के टैरिस एरिया पर खूबसूरत गार्डन बनाया है। उम्मीद है कि दोनों जल्द ही गृह प्रवेश करेंगे। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के नए बंगले कीमत लगभग 250 करोड़ के आसपास है। मुंबई स्थित यह प्रॉपर्टी मूल रूप से स्क्रीन लीजेंड राज कपूर और कृष्णा राज कपूर की थी। 1980 के दशक में ये प्रॉपर्टी उन्होंने ऋषि और नीतू कपूर को दे दिया गया था। रणबीर और आलिया ने अब उस विरासत को आगे बढ़ाया है, कथित तौर पर यह हवेली उनकी बेटी राहा कपूर के नाम पर पंजीकृत होने वाली है। कपल का ये घर उनकी बेटी राहा को समर्पित है।

